www.navpradesh.com
दैनिक
नव प्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 9 | कारोबार/खेल

बिलासपुर, मंगलवार, 4 अगस्त 2026 कृष्ण पक्ष-षष्ठी, विक्रम संवत -2083 / वर्ष-12 अंक- 114 पृष्ठ-12 मूल्य-5 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

बृजमोहन-कटारिया विवाद : लोकसभा स्पीकर ने मांगा फैक्चुअल नोट, राज्य में सियासत गरमाई

■ स्वास्थ्य सचिव पर 'जो करना है कर लो' कहने का आरोप, भूपेश बोले- मामला बेहद गंभीर

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल और छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया के बीच कथित फोन पर बातचीत का मामला अब लोकसभा पहुंच गया है।

भाजपा सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर स्वास्थ्य सचिव पर विशेषाधिकार हनन का आरोप लगाया है। बृजमोहन अग्रवाल का दावा है कि फोन पर बातचीत के दौरान अमित कटारिया ने उनसे 'जो करना है कर लो' कहा और मिसबिहेव किया। मामले में लोकसभा सचिवालय ने एक्शन लेते हुए कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय से मामले पर हिंदी और अंग्रेजी में फैक्चुअल नोट मांगा है, ताकि इसे लोकसभा अध्यक्ष के सामने रखा जा सके। इस मामले में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी ■ शेष पृष्ठ 8 पर

20 मई की फोन कॉल पर विवाद

शिकायत के अनुसार, 20 मई की शाम सांसद ने स्वास्थ्य सचिव की कार्यशैली की शिकायत मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह से की थी। सांसद का दावा है कि इसके बाद प्रमुख सचिव ने अमित कटारिया को उनसे तुरंत बात करने के निर्देश दिए। बृजमोहन अग्रवाल के मुताबिक, उसी शाम अमित कटारिया का फोन आया। बाद में जब उन्होंने कॉल बैक कर लंबित मामलों की जानकारी मांगी, तब बातचीत में स्वास्थ्य सचिव का व्यवहार कथित तौर पर रूखा और अपमानजनक था।

लोकसभा सचिवालय ने मांगी रिपोर्ट

शिकायत में सांसद ने इसे एक वरिष्ठ आईएएस अधिकारी के आचरण के विपरीत बताते हुए मामले को विशेषाधिकार समिति के पास भेजने और सेवा नियमों के तहत कार्रवाई की मांग की है। शिकायत मिलने के बाद लोकसभा सचिवालय ने कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय को पत्र भेजकर पूरे मामले पर जल्द फैक्चुअल नोट मुहैया कराने को कहा है। सचिवालय ने यह भी पूछा है कि क्या इस रिपोर्ट की एक कॉपी सांसद को भी मुहैया कराई जा सकती है।

यह मतदाताओं का भी अपमान: भूपेश

इस मामले में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सोशल मीडिया पर लिखा कि बृजमोहन अग्रवाल से वैचारिक असहमति हो सकती है, लेकिन वे जनता के चुने हुए लोकसभा सांसद हैं। किसी प्रशासनिक अधिकारी का व्यवहार किसी सांसद के साथ इस तरह का हो सकता है, तो यह लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए गंभीर विषय है। उन्होंने इसे उन मतदाताओं का भी अपमान बताया, जिन्होंने अपने प्रतिनिधि को चुनकर संसद भेजा है। साथ ही तंज कसते हुए भूपेश बघेल ने कहा कि प्रदेश की कमान दिल्ली और नागपुर के हाथों में होने के कारण अधिकारियों को जनप्रतिनिधियों की बात की परवाह नहीं रह गई है।

अफसरों को निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का पूरा सम्मान करना चाहिए : डिप्टी सीएम

डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा है कि प्रदेश के अधिकारियों को निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का पूरा सम्मान करना चाहिए। अफसरों को उनकी बातों को गंभीरता से लेना चाहिए। अधिकारियों के लिए यह आवश्यक है। उल्लेखनीय है कि रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल को एक आईएएस अफसर द्वारा यह कहे जाने पर कि जो करना है कर लो, मामले ने तूल पकड़ लिया है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी अफसर के इस व्यवहार को लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए गंभीर बताया है।

आज बेबाक

कमाल है। मेढंकी को जुकाम हो गया। गंदी नाली के कीड़े का बार-बार बिमार पड़ना हैरत की बात है। बड़े कॉकरोच को आंदोलन के पहले दिन गर्मी बर्दास्त नहीं हुई थी। आंदोलन की समाप्ति पर टाइफाइड हो गया था। जो दूसरे ही दिन चमत्कारी रूप से ठीक हो गया था। अब उसे उलटी दस्त लग गए है। लगता है जनतर मंतर पर जो हराम की बिरयानी ठूंस-ठूंस कर खाई थी और फाइप स्टार होटल में छक कर दारू पी थी वो सब उपर निचे से निकल रहे हैं। वाकई नौटंकी में यह घूघंरू सेठ का गुरू है।

उपचुनाव : नितिन नवीन की सीट पर प्रशांत किशोर, दतिया में घनश्याम सिंह और गुजरात सत्येंद्रभाई पटेल जीते

'पीके' के आगे सब 'फीके', दतिया में पंजा मजबूत, मांजलपुर में खिला कमल

पटना/भोपाल/अहमदाबाद/ए.। बिहार, मध्य प्रदेश और गुजरात की तीन विधानसभा सीटों पर हुए उप चुनावों के रिजल्ट आ गए हैं। बिहार के बांकीपुर में जनसुराज पार्टी के फाउंडर प्रशांत किशोर 18953 वोटों से जीत गए हैं। प्रशांत को 63203 वोट मिले, जबकि भाजपा प्रत्याशी नीरज कुमार को 44250 वोट मिले। बांकीपुर सीट भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन की पारंपरिक सीट है। वे यहां से लगातार 5 बार विधायक रहे हैं। उनके राज्यसभा जाने के बाद इस सीट पर उपचुनाव कराया गया।

इधर, मध्य प्रदेश के दतिया में कांग्रेस उम्मीदवार घनश्याम सिंह ने 6016 वोटों से जीत दर्ज की। भाजपा ने यहां पूर्व गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा का टिकट काटकर आशुतोष तिवारी को उम्मीदवार बनाया था। आशुतोष नरोत्तम मिश्रा के पोलिंग बूथ पर भी नहीं जीत पाए। वहीं गुजरात के मांजलपुर में भाजपा के सतेन्द्रभाई (सतीश) पटेल ने 30630 वोटों के बड़े अंतर से जीत दर्ज की। उन्होंने कांग्रेस ■ शेष पृष्ठ 8 पर

परिणाम की पार्टी विस्तृत समीक्षा करेगी: हेमंत खंडेलवाल

दतिया विधानसभा उपचुनाव में हार के बाद मध्य प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल का बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि दतिया उपचुनाव के परिणाम की पार्टी विस्तृत समीक्षा करेगी। साथ ही स्पष्ट किया कि चुनाव के दौरान अनुशासनहीनता करने वाले नेताओं और कार्यकर्ताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। भाजपा अब हार के कारणों का विश्लेषण कर आगे की रणनीति तय करेगी।

बिहार: बांकीपुर विधानसभा सीट

प्रशांत किशोर जन सुराज पार्टी	नीरज कुमार भाजपा
63203 वोट	44250 वोट
जीत-हार का अंतर	18953 वोट

मध्य प्रदेश: दतिया विधानसभा सीट

घनश्याम सिंह कांग्रेस	आशुतोष भाजपा
66,757 वोट	60,741 वोट
हार-जीत का अंतर 6,016 वोट	

गुजरात: मांजलपुर विधानसभा सीट

सत्येंद्रभाई पटेल भाजपा	भिखाभाई कांग्रेस
55481 वोट	24851 वोट
हार-जीत का अंतर 30630 वोट	

हमारी प्राथमिकता जनता का सम्मान करना

जीत के बाद प्रशांत किशोर बोले- मेरे विधायक बनने से बांकीपुर रातों-रात बेंगलुरु नहीं बन जाएगा, लेकिन आप अगले दो-तीन महीनों में यहां कुछ सुधार जरूर देखेंगे। बांकीपुर की जनता ने भाजपा नेतृत्व को एक स्पष्ट संदेश दिया है। कृपया बिहार के लिए एक अच्छे व्यक्ति को मुख्यमंत्री नियुक्त करें।

बांकीपुर: पीके को भाजपा-राजद के कुल वोटों से भी ज्यादा वोट

जन सुराज पार्टी के प्रशांत किशोर ने बांकीपुर उपचुनाव में 64,151 वोट (49.23%) हासिल कर जीत दर्ज की। भाजपा के नीरज कुमार को 44,827 वोट (34.40%) मिले। दोनों के बीच जीत का अंतर 19,324 वोट रहा। राजद की रेखा कुमारी 14,273 वोट (10.95%) के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। भाजपा और राजद को मिलाकर 59,100 वोट मिले, जो अकेले प्रशांत किशोर के वोटों से 5,051 कम हैं।

सुको में जजों की संख्या बढ़ाने वाला विधेयक लोकसभा में पास

नई दिल्ली (वार्ता)। लोकसभा ने उच्चतम न्यायालय में लंबित मामलों के समयबद्ध निस्तारण के उद्देश्य से न्यायाधीशों की संख्या बढ़ाने संबंधी ÷उच्चतम न्यायालय (न्यायाधीश संख्या) संशोधन विधेयक, 2026÷ सोमवार को बिना चर्चा के ध्वनिमत से पारित कर दिया। विधि एवं न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुनराम मेघवाल ने विधेयक को चर्चा के लिए पेश करते हुए कहा कि यह न्यायिक सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। विधेयक में उच्चतम न्यायालय में मुख्य न्यायाधीश सहित न्यायाधीशों की संख्या 34 से बढ़ाकर 38 करने का प्रावधान है।

इससे लंबित मामलों का निपटान आसान हो जाएगा और बड़ी पीठों के गठन का मामलों के निस्तारण पर असर नहीं होगा। संविधान लागू होने के समय उच्चतम न्यायालय में मुख्य न्यायाधीश सहित न्यायाधीशों की संख्या केवल आठ थी। बाद में आवश्यकता को देखते हुए अगस्त 1956 में तत्कालीन गृहमंत्री गोविंद बल्लभ पंत एक अधिनियम लेकर आए, जिसके तहत यह संख्या बढ़ाकर 11 की गई थी। उन्होंने कहा कि बढ़ते लंबित मामलों और अन्य परिस्थितियों को देखते हुए अब न्यायाधीशों की संख्या में फिर वृद्धि की जा रही है। उन्होंने बताया ■ शेष पृष्ठ 8 पर

हंगामे के बीच सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विकास विधेयक राज्यसभा में पारित

नई दिल्ली (वार्ता)। राज्यसभा ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विकास (संशोधन) विधेयक 2026 को सोमवार को विपक्ष के हंगामे के बीच ध्वनिमत से पारित कर दिया। सदन ने विधेयक के अनेक प्रावधानों के बारे में कांग्रेस के अजय माकन और वाम दलों के ए ए रहीम, जॉन ब्रिटास और वी शिवादासन के संशोधन के प्रस्तावों को भी ध्वनिमत से नामंजूर कर दिया। सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी के हंगामे के बीच संक्षिप्त जवाब के बाद सदन ने विधेयक को ध्वनिमत से पारित कर दिया जिसके बाद सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गयी। विपक्ष के सदस्यों ने छात्रों पर पुलिस कार्रवाई के मुद्दे पर गृह मंत्री अमित शाह और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सदन में आने और जवाब देने की मांग करते हुए विधेयक पर चर्चा के दौरान जोरदार नारेबाजी की। श्री मांझी ने चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि सरकार सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र की चुनौतियों और जरूरतों को पूरा कर इसके विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

राम मंदिर ट्रस्ट: भैयाजी जोशी ने 'पालक' पद से दिया इस्तीफा

लखनऊ/ए.। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट में एक बड़ा संगठनात्मक बदलाव देखने को मिला है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच संवाद की सबसे मजबूत कड़ी माने जाने वाले वरिष्ठ नेता भैयाजी जोशी ने राम मंदिर ट्रस्ट के 'पालक' (संरक्षक) पद से इस्तीफा दे दिया है। ट्रस्ट ने उन्हें इस जिम्मेदारी से मुक्त कर दिया है। आधिकारिक रूप से इस्तीफा देने की वजह स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को बताया गया है, लेकिन इसे ट्रस्ट के भीतर चल रही नई संगठनात्मक प्रक्रिया से भी जोड़कर देखा जा रहा है।

गरमा-गरम

महिला पहलवान यौन शोषण मामले में बृजभूषण सिंह बरी

नई दिल्ली/ए.। भाजपा नेता बृजभूषण शरण सिंह को महिला पहलवानों से जुड़े यौन शोषण मामले में दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट ने बरी कर दिया। सोमवार को फैसले के वक्त पूर्व सांसद बृजभूषण और भारतीय कुश्ती संघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व सचिव विनोद तोमर कोर्ट में मौजूद रहे।

फैसले के बाद बृजभूषण ने कहा, जज ने कहा कि बृजभूषण और विनोद तोमर आप लोगों को बाइज्जत बरी किया जाता है। मैंने पहले कहा था कि अगर कोई आरोप साबित हो जाएगा तो मैं फांसी पर लटक जाऊंगा। मेरे लिए खुशी का दिन है। होइहि सोइ जो राम रचि राखा।

उम्मीद नहीं छोड़ी, हाईकोर्ट जाएंगे : विनेश फोगाट

कोर्ट के फैसले के बाद पहलवान विनेश फोगाट और बजरंग पुनिया ने कहा- हमने उम्मीद नहीं छोड़ी है। हाईकोर्ट में फैसले को चुनौती देंगे। यौन शोषण का यह मामला जनवरी 2023 में सामने आया था। विनेश फोगाट, साक्षी मलिक समेत कई पहलवानों ने बृजभूषण के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरना ■ शेष पृष्ठ 8 पर

5 ट्रेनी आईएफएस अधिकारियों की नई पोस्टिंग

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के वन-जलवायु परिवर्तन विभाग ने साल 2024 बैच के भारतीय वन सेवा (आईएफएस) के 5 प्रशिक्षु अधिकारियों की नई पदस्थापना का आदेश जारी किया है। जारी आदेश के मुताबिक, कुनाल मिश्रा को अंबिकापुर वन मंडल (सरगुजा) में उप वनमंडलाधिकारी बनाया गया है। मृगजा जालिंदर यादव को कटघोरा वन मंडल में उप वनमंडलाधिकारी, परख सारडा को सुकमा वन मंडल में उप वनमंडलाधिकारी, प्रीति यादव को उत्तर नारायणपुर उप वनमंडल में तैनात किया गया है। यशस्वी मौर्या को राजनांदगांव वन मंडल में उप वनमंडलाधिकारी बनाया गया है।

स्टूडेंट्स पर केस नहीं, 2700 अपराधियों पर एफआईआर रहेगी

■ जंतर-मंतर प्रदर्शन पर सुप्रीम कोर्ट बोला-सख्ती करने वाले जवानों को न बचाएं

नई दिल्ली/ए.। केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया है कि नीट पेपर लीक को लेकर विरोध करने वाले छात्रों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई नहीं की जाएगी। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सोमवार को कहा, 'सरकार अपने वादे पर कायम है।

छात्रों के खिलाफ कोई एफआईआर नहीं होगी।' मेहता ने यह भी कहा कि प्रदर्शन के दौरान गंभीर अपराधों को लेकर जिन 2700 से ज्यादा लोगों पर एफआईआर दर्ज हुई हैं, इन्हें वापस नहीं लिया जाएगा। कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी)

ने इस मसले पर दिल्ली के जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन किया था। उनकी 3 मांगें थी, जो सरकार ने मान ली थीं। इनमें एक मांग यह भी थी कि सरकार विरोध प्रदर्शन करने वालों के खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई नहीं करेगी। मामले पर अब 18 अगस्त को सुनवाई होगी।

बता दें कि परीक्षाओं में गड़बड़ी और नीट पेपर लीक के खिलाफ कॉकरोच जनता पार्टी का विरोध प्रदर्शन 36 दिन तक चला था। 25 जुलाई को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र ■ शेष पृष्ठ 8 पर

पीएम को अपशब्द कहने वाली नाबालिग को राहत, दिल्ली पुलिस ने वापस लिया केस

नई दिल्ली/ए.। दिल्ली के जंतर-मंतर पर आयोजित छात्र आंदोलन के दौरान देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ अभद्र और आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाली 15 वर्षीय नाबालिग लड़की को बड़ी राहत मिली है।

नोएडा पुलिस की ओर से दर्ज की गई जीरो एफआईआर जब जांच के लिए दिल्ली पुलिस को ट्रांसफर की गई, तब दिल्ली पुलिस ने इस मामले को आगे न बढ़ाते हुए केस को बंद करने का फैसला लिया है। यह राहत नाबालिग लड़की द्वारा सार्वजनिक ■ शेष पृष्ठ 8 पर

भटके बच्चों को सजा नहीं, सही रास्ता दिखाना जरूरी

जंतर-मंतर पर प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित पेपर लीक के विरोध में चल रहे सीजेपी छात्र आंदोलन के दौरान एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ था, जिसमें 15 वर्षीय एक नाबालिग लड़की प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ अमर्यादित और अभद्र भाषा का प्रयोग करती दिखी थी।

सम्मान : रजत पदक विजेता ज्ञानेश्वरी की उपलब्धि पूरे छत्तीसगढ़ का गौरव, बेटियों और युवाओं के लिए प्रेरणा : सीएम साय

ज्ञानेश्वरी को 30 लाख और डीएसपी पद पर पदोन्नति

■ सीएम हाउस में स्वागत के बाद मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने की घोषणा

रायपुर/नवप्रदेश। ग्लासगो में आयोजित राष्ट्रमंडल खेल 2026 में महिलाओं की 53 किलोग्राम भारोत्तोलन स्पर्धा में रजत पदक जीतकर देश और छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ाने वाली राजनांदगांव की बेटी ज्ञानेश्वरी यादव का सोमवार को मुख्यमंत्री निवास में आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने ज्ञानेश्वरी को उनकी ऐतिहासिक उपलब्धि पर बधाई देते हुए उन्हें 30 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि तथा आउट ऑफ टर्न डीएसपी पद पर पदोन्नति देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सम्मान प्रदेश की प्रतिभा, परिश्रम और संकल्प का सम्मान है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि ज्ञानेश्वरी यादव ने अपने पहले ही राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीतकर यह सिद्ध कर दिया है कि दृढ़ इच्छाशक्ति, कठोर परिश्रम और अनुशासन के बल पर कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता। उन्होंने कहा कि महिलाओं की 53 किलोग्राम भारोत्तोलन स्पर्धा में कुल ■ शेष पृष्ठ 8 पर

सरकार खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ा रही: साय

सीएम श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए आधुनिक खेल अधोसंरचना, विश्वस्तरीय प्रशिक्षण, बेहतर कोचिंग, आवश्यक संसाधन और हरसंभव प्रोत्साहन उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। सरकार का उद्देश्य ऐसा वातावरण तैयार करना है, जिससे प्रतिभाशाली खिलाड़ी आगे बढ़ सके।

चुनौतियों के बावजूद सपनों को कमजोर नहीं होने दिया

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि ज्ञानेश्वरी ने सीमित संसाधनों और अनेक चुनौतियों के बावजूद उन्होंने अपने सपनों को कभी कमजोर नहीं पड़ने दिया। कठिन परिस्थितियों में भी निरंतर अभ्यास, अनुशासन और समर्पण के बल पर उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मंच पर सफलता हासिल की है। उनकी सफलता प्रदेश के युवाओं, विशेषकर बेटियों के लिए प्रेरणास्रोत है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत ईमानदार हो तो कोई भी मंजिल दूर नहीं रहती।मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रदेश सरकार को अपनी इस बेटी पर गर्व है। इसी भावना के साथ राज्य सरकार ने उन्हें आउट ऑफ टर्न डीएसपी पद पर पदोन्नति देने का निर्णय लिया है, ताकि उनकी उपलब्धि का सम्मान हो और प्रदेश के अन्य खिलाड़ी भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित हों।

भारत ने 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की जिम्मेदारी संभाली

ग्लासगो(वार्ता)। कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 का रविवार को आधिकारिक तौर पर समापन हुआ और भारत ने 2030 में अहमदाबाद में होने वाले गेम्स के शताब्दी संस्करण की मेजबानी की जिम्मेदारी संभाली। हाइड्रो में हुए समापन समारोह में स्कॉटलैंड ने भारत को जिम्मेदारी सौंपी। इस दौरान पूर्व ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा और भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा की मौजूदगी में कॉमनवेल्थ का झंडा आधिकारिक तौर पर भारत को सौंपा गया।

इसके बाद भारत ने मशहूर गायक-संगीतकार शंकर महादेवन और पूर्व मिस वर्ल्ड मानुषी छिल्लर के नेतृत्व में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ अहमदाबाद 2030 की अपनी यात्रा शुरू की। इस कार्यक्रम की शुरुआत 'वंदे मातरम' से हुई, जिसके बाद डांस परफॉर्मेंस और संगीत के जरिए 'वसुधैव कुटुंबकम' (दुनिया एक परिवार है) की थीम पर देश की सांस्कृतिक विविधता को दिखाया गया। इसके बाद एक ऑडियो-विजुअल प्रेजेंटेशन के जरिए अहमदाबाद 2030 की झलक दिखाई गई, जिसमें भारत की खेल यात्रा और शताब्दी कॉमनवेल्थ गेम्स की एक झलक पेश की गई। समारोह की शुरुआत में, ग्लासगो 2026 में बॉक्सिंग में गोल्ड मेडल जीतने वाली जैस्मिन लंबोरिया ने एथलीटों की परेड के दौरान तिरंगा उठाया। इस दौरान सभी 74 देशों के खिलाड़ी एरिना में दाखिल हुए। परेड के दौरान ऑस्ट्रेलियाई गायिका-गीतकार डेल्टा गुड्रेम ने 'बॉर्न टू ट्राई' गाना गाया, जबकि समारोह में उन हजारों वॉलंटियर्स को भी धन्यवाद दिया गया जिन्होंने गेम्स के आयोजन में मदद की थी।

बाल तस्करी के खिलाफ राष्ट्रीय अभियान से जुड़ा जशपुर, जागरूकता और रोकथाम पर रहेगा जोर

जशपुर/नवप्रदेश। बच्चों की सुरक्षा एवं संरक्षण के क्षेत्र में कार्यरत गैरसरकारी संस्था एक्सेस टू जस्टिस फॉर चिल्ड्रन ने विश्व मानव दुर्व्यापार विरोधी दिवस के अवसर पर बाल तस्करी के खिलाफ व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने का संकल्प लिया है। संस्था ने कहा कि जिला प्रशासन, पुलिस और आम नागरिकों के सहयोग से बाल तस्करी की रोकथाम, बच्चों की सुरक्षा तथा जोखिमग्रस्त परिवारों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने की दिशा में लगातार प्रयास किए जाएंगे।संस्था ने बताया कि नई दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब में आयोजित चार दिवसीय राष्ट्रीय परामर्श कार्यक्रम के दौरान जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन नेटवर्क द्वारा वर्ष 2030 तक चलने वाले राष्ट्रीय बाल तस्करी विरोधी अभियान की शुरुआत की गई। इस कार्यक्रम में देशभर के विभिन्न जिलों से बाल अधिकारों के क्षेत्र में कार्यरत संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। एक्सेस टू जस्टिस फॉर चिल्ड्रन भी इस नेटवर्क का सहयोगी संगठन है। कार्यक्रम में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने बच्चों को तस्करी और शोषण से बचाने के लिए सामाजिक संगठनों की भूमिका की सराहना करते हुए सभी से संयुक्त प्रयास करने का आह्वान किया। संस्था के निदेशक डॉ. संदीप शर्मा ने कहा कि बाल तस्करी एक गंभीर सामाजिक चुनौती है। इसे रोकने के लिए केवल बचाव अभियान ही नहीं, बल्कि जागरूकता, जोखिमग्रस्त परिवारों की पहचान, बच्चों की शिक्षा की निरंतरता तथा सरकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करना भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि तस्करी से मुक्त कराए गए बच्चों के समुचित पुनर्वास पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा, ताकि वे सामान्य जीवन की मुख्यधारा से जुड़ सकें। संस्था के अनुसार, वर्ष 2026 के दौरान जशपुर जिले में जिला प्रशासन और पुलिस के सहयोग से कई बाल श्रम मामलों में बच्चों को मुक्त कराया गया। इसके अलावा संभावित बाल विवाहों को समय रहते रोकने तथा बच्चों को

दोबारा शिक्षा एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ने का कार्य भी किया गया। संस्था का कहना है कि भविष्य में भी प्रशासन और समाज के सहयोग से यह अभियान और व्यापक स्तर पर संचालित किया जाएगा, ताकि जशपुर को बाल तस्करी, बाल श्रम और बाल विवाह जैसी कुप्रथाओं से मुक्त एवं बच्चों के लिए सुरक्षित जिला बनाया जा सके।

परिवारों की पहचान और बच्चों को शिक्षा देना जरूरी

डॉ. संदीप शर्मा ने कहा कि बाल तस्करी एक गंभीर समस्या है, जिसे रोकने के लिए जागरूकता, परिवारों का पहचान और बच्चों को शिक्षा देना जरूरी है। वर्ष 2026 तक जशपुर में कई बाल श्रम के मामले हल किए गए और बाल विवाह रोकने का भी प्रयास हुआ। संस्था का लक्ष्य है कि प्रशासन और समाज की मदद से जशपुर को बाल तस्करी, बाल श्रम और बाल विवाह से मुक्त किया जाए, ताकि बच्चे सुरक्षित और स्वस्थ जीवन जी सकें।

न्यूज गैलरी

जिला गठन के तीन साल बाद भी शिक्षा विभाग में 35 पद रिक्त, सीएम पोर्टल पर शिकायत

चिरमिरी/एमसीबी/नवप्रदेश। नवगठित मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले को बने तीन साल से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन स्कूल शिक्षा विभाग के आवश्यक 35 पदों का सेटअप स्वीकृत न होने के कारण जिले की शिक्षा व्यवस्था चरमरा गई है। परीक्षा परिणामों में लगातार तीन वर्षों से जिला अंतिम पायदान पर बना हुआ है। इस गंभीर समस्या को लेकर चिरमिरी नगर निगम के पूर्व महापौर एवं जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष के. डोमरु रेड्डी ने मुख्यमंत्री पोर्टल (1076) पर औपचारिक शिकायत दर्ज कराई है। पूर्व महापौर रेड्डी ने बताया कि जिले में जिला शिक्षा अधिकारी, सांख्यिकी अधिकारी, सहायक संचालक, सहायक परियोजना अधिकारी, एमआईएस प्रशासक, डीएमसी, लेखापाल, और सहायक ग्रेड (1, 2 व 3) सहित कुल 35 पद रिक्त पड़े हैं। राज्य से इन पदों का सेटअप न भेजे जाने के कारण स्थाई नियुक्तियां नहीं हो सकी हैं। आरोप है कि इन महत्वपूर्ण पदों पर अनुभवहीन लोगों को बैठाए जाने से विद्यालयों की शैक्षणिक गुणवत्ता बुरी तरह प्रभावित हुई है। डमरू रेड्डी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मांग की है कि विद्यार्थियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए शिक्षा विभाग के इन 35 पदों का सेटअप जल्द स्वीकृत किया जाए, ताकि प्रशासनिक कसावट आ सके और परीक्षा परिणामों में सुधार हो सके।

चिरमिरी को मिली 602 करोड़ की नई रेल लाइन की सौगात

एमसीबी/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के चिरमिरी क्षेत्र को अत्याधुनिक रेल कनेक्टिविटी की बड़ी सौगात मिलने जा रही है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे (एसईसीआर) ने पाराडोल से नागपुर रोड स्टेशन तक लगभग 17.5 किलोमीटर लंबी नई ब्रॉडगेज सिंगल रेल लाइन बिछाने और बोरीडांड-चिरमिरी लाइन के स्लूइंग कार्य के लिए ई-टेंडर आमंत्रित कर दिए हैं। लगभग 601.90 करोड़ की लागत वाली इस ईपीसी मोड परियोजना को दो साल (730 दिन) में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। यह उपलब्धि स्थानीय विधायक एवं स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के विशेष प्रयासों का परिणाम है। परियोजना के दायरे में पटरी बिछाने के साथ-साथ बड़े पुल, आरओबी, आरयूबी, वायाडक्ट, सिग्नल प्रणाली, विद्युतीकरण और आधुनिक स्टेशनों का निर्माण शामिल है। इस बहुप्रतीक्षित रेल परियोजना से चिरमिरी और एमसीबी जिले की देश के अन्य हिस्सों से कनेक्टिविटी मजबूत होगी। कोयला-समृद्ध इस अंचल में औद्योगिक और व्यापारिक आवागमन को गति मिलने के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। परियोजना के टेंडर जारी होने से क्षेत्रवासियों में भारी उत्साह और खुशी का माहौल है।

पीएम ने किया 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत' अभियान का शुभारंभ

एमसीबी/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान' का राष्ट्रीय शुभारंभ किया। इसके तहत देशभर में एक करोड़ से अधिक युवाओं ने नशामुक्ति की शपथ ली। आगामी 100 सप्ताह तक चलने वाले इस जन-आंदोलन का उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रखना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि नशा केवल एक व्यक्ति नहीं बल्कि पूरे परिवार के सपनों को तबाह करता है, और इस बुराई से लड़ना पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। मनेन्द्रगढ़ के स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी विद्यालय में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिमा यादव और कलेक्टर संतन देवी जांगड़े ने दीप प्रज्वलन कर किया। इस दौरान प्रधानमंत्री के संबोधन का सीधा प्रसारण देखा गया। कार्यक्रम में जिला प्रशासन के अधिकारी, शिक्षक, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे, जिन्होंने नशामुक्ति का संकल्प लिया। मंच संचालन शिव कुमार चौधरी और जया शर्मा ने किया।

प्रधान पाठक को जनपद पंचायत सीईओ का मिल गया प्रभार

बलरामपुर/नवप्रदेश। विभिन्न समाचार एवं सोशल माध्यमों मे मुन्नालाल ध्रुवे, प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कुसमी के संदर्भ में प्रकाशित किया गया है कि संलग्नीकरण समाप्ति के बीच प्रधान पाठक को जनपद सीईओ का मिल गया प्रभार के संदर्भ में सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने तथ्यात्मक जानकारी दी है कि राज्य शासन द्वारा प्राप्त आदेशानुसार आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास के अन्तर्गत संचालित आश्रम शाला में कार्यरत अधीक्षक सह प्रधान पाठक का नामकरण अब प्रधान पाठक होगा और अब यह स्कूल शिक्षा विभाग को हस्तांतरित होगा। जहाँ आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग में अधीक्षक का पद पृथक से स्वीकृत है एवं जिस पर वर्तमान में भर्ती की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है, वहाँ पद भरे जाने तक वर्तमान में कार्यरत व्यक्ति अधीक्षक के पद पर यथास्थिति प्रतिनियुक्ति/प्रभार पर माना जायेगा। उक्त निर्देशानुसार मुन्नालाल ध्रुवे अधीक्षक के पद पर कार्यरत थे। उन्हें कार्यालय आयुक्त आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर, अटलनगर के 24 फ़रवरी 2025 के द्वारा कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास बलरामपुर में प्रभारी क्षेत्र संयोजक के रुप में कार्य करने हेतु आदेशित किया गया है।

छठवें दीक्षांत समारोह में 688 विद्यार्थियों को मिली उपाधियां

शिक्षित व्यक्ति की पहचान समाज व राष्ट्र के प्रति योगदान से: डेका

रायगढ़/नवप्रदेश। प्रदेश के राज्यपाल रमेन डेका ने कहा है कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं, बल्कि ज्ञान को विवेक, नैतिकता और सामाजिक उत्तरदायित्व के साथ जनकल्याण के लिए उपयोग में लाना है। एक शिक्षित व्यक्ति की पहचान उसके प्रमाण-पत्रों से नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति उसके योगदान से होती है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपने जीवन में कम से कम एक ऐसा कार्य अवश्य करें, जो समाज के लिए स्थायी रूप से लाभकारी सिद्ध हो और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बने।

राज्यपाल डेका रायगढ़ स्थित ओ.पी. जिंदल विश्वविद्यालय के छठवें दीक्षांत समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। ओ.पी. जिंदल स्कूल के सभागार में आयोजित इस गरिमामय समारोह में जिंदल स्टील के चेयरमैन एवं सांसद

नवीन जिंदल, विश्वविद्यालय की चांसलर शालू जिंदल, छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के अध्यक्ष प्रो. विजय कुमार गोयल, जिंदल स्टील रायगढ़ के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर देबोज्योति रॉय, कुलपति डॉ.आर.डी. पाटीदार सहित विश्वविद्यालय परिवार, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं बड़ी संख्या में अभिभावकों की उपस्थिति रही। समारोह में स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग, स्कूल ऑफ मैनेजमेंट तथा स्कूल ऑफ साइंस के 688 विद्यार्थियों को स्नातक एवं स्नातकोत्तर उपाधियां प्रदान की गईं। उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन करने वाले 27 विद्यार्थियों को स्वर्ण, 28 को रजत तथा 29 विद्यार्थियों को कांस्य पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया। राज्यपाल रमेन डेका ने कहा कि वर्तमान समय तेजी से बदलती तकनीक, नवाचार और वैश्विक प्रतिस्पर्धा का दौर है। ऐसे समय में उच्च शिक्षा संस्थानों की भूमिका केवल शिक्षण तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि उन्हें ऐसे युवा तैयार करने होंगे जो ज्ञान के साथ संवेदनशीलता, नेतृत्व क्षमता, अनुसंधान की प्रवृत्ति और सामाजिक सरोकारों को भी अपने व्यक्तित्व का हिस्सा बनाएं। उन्होंने कहा कि शिक्षा की सच्ची सार्थकता केवल उपाधि प्राप्त करने में नहीं, बल्कि उस ज्ञान को समझदारी, दूरदर्शिता और नैतिक साहस के साथ जीवन में उतारने में है।

84 मेधावी विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

समारोह के दौरान उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन करने वाले 84 विद्यार्थियों को 27 स्वर्ण, 28 रजत एवं 29 कांस्य पदकों से सम्मानित किया गया। उपाधियां और पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के साथ उनके अभिभावकों में भी उत्साह और गौरव का वातावरण देखने को मिला। समारोह के अंत में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. अनुराग विजयवर्गीय ने सभी अतिथियों, अभिभावकों, प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. संजय कुमार सिंह ने किया तथा संयोजन की जिम्मेदारी डॉ. गिरीश चंद्र मिश्र ने निभाई।

आंगनबाड़ी बच्चों को प्राथमिक शालाओं का कराया गया अवलोकन

अनूपपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर रत्नाकर झा के निर्देशन तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग संजीता भगत के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 एवं पांचवीं राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस की एक्शन टेकन रिपोर्ट के अनुरूप 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के आंगनबाड़ी बच्चों को वर्ष में दो बार प्राथमिक शालाओं का एक्सपोजर विजिट कराए जाने के निर्देशों के पालन में जिले में सतत रूप से गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में जपं पुष्पराजगढ़ अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र जमुनिहा, दमेहड़ी, पिपरिया एवं सैतिनचुआ के बच्चों का संबंधित प्राथमिक शालाओं में एक्सपोजर विजिट आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को विद्यालयीन वातावरण से परिचित कराना तथा प्रारंभिक शिक्षा के प्रति उनमें रुचि एवं आत्मविश्वास विकसित करना रहा। कार्यक्रम के दौरान पर्यवेक्षक द्वारा बच्चों को विद्यालय परिसर, कक्षाओं एवं उपलब्ध शैक्षणिक सुविधाओं का अवलोकन कराया गया तथा प्रारंभिक शिक्षा के महत्व से अवगत कराया गया। प्राथमिक शालाओं के शिक्षकों ने बच्चों को विद्यालय में संचालित विभिन्न गतिविधियों एवं सुविधाओं की जानकारी देते हुए बताया कि शासन द्वारा विद्यार्थियों को नि:शुल्क गणवेश एवं पाठ्यपुस्तकों की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। साथ ही मध्यान्ह भोजन योजना की जानकारी प्रदान करते हुए बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया गया। एक्सपोजर विजिट के दौरान बच्चों ने उत्साहपूर्वक विद्यालयीन गतिविधियों में सहभागिता करते हुए कहानी एवं कविताओं की प्रस्तुति देकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

प्रशिक्षार्थियों ने साझा किए स्वरोजगार के अनुभव

जशपुर/नवप्रदेश। स्वरोजगार को बढ़ावा देने और सफल उद्यमियों के बीच आपसी समन्वय मजबूत करने के उद्देश्य से एसबीआई ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) जशपुर में 31 जुलाई को सफल पूर्व प्रशिक्षार्थी संघ की बैठक आयोजित की गई। बैठक में संस्थान से प्रशिक्षण प्राप्त कर अपना व्यवसाय स्थापित करने वाले 40 पूर्व प्रशिक्षार्थी एवं उद्यमी शामिल हुए। इस दौरान अनुभव साझा करने के साथ ही संघ का गठन किया गया तथा आगामी गतिविधियों की रूपरेखा

तय की गई।बैठक की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक अनुज मंगेश एक्का ने की। इस अवसर पर वित्तीय साक्षरता केंद्र के प्रभारी विन्सेंट तिर्की, प्रशिक्षक विकास कुमार सिन्हा, पंकज कुमार मिश्रा तथा संस्थान के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में सिलाई प्रशिक्षण से जुड़ी कुमारी दिव्या बाई एवं साधना भगत, जबकि हल्के मोटर वाहन स्वामी-चालक प्रशिक्षण से जुड़े जोसेफ टेटे सहित अन्य सफल उद्यमियों ने अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के बाद स्वयं का रोजगार शुरू कर वे मौसम के अनुसार प्रतिमाह 8 हजार से 15 हजार रुपये तक की आय अर्जित कर रहे हैं। प्रतिभागियों ने कहा कि संस्थान से मिले प्रशिक्षण ने उन्हें आत्मनिर्भर बनने और परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत करने का अवसर दिया।

'बस्तामुक्त शनिवार' की धूम, बाल संसद का गठन

मनोरा/नवप्रदेश। विकासखंड मनोरा के विभिन्न विद्यालयों में शनिवार को 'बस्तामुक्त शनिवार' कार्यक्रम बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने जहाँ एक ओर लोकतंत्र के महत्व को समझते हुए 'बाल संसद' का गठन किया। वहीं दूसरी ओर जिले से प्राप्त निर्देशानुसार देश की सीमाओं की रक्षा कर रहे जवानों के प्रति अपनी कृतज्ञता भी व्यक्त की। विकासखंड शिक्षा अधिकारी तरुण कुमार पटेल, विकासखंड स्रोत केंद्र समन्वयक आशुतोष

शर्मा एवं सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी जगतपाल राम के कुशल मार्गदर्शन में इस कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु बाल संसद चुनाव की एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई थी। इस कार्ययोजना को अंतिम रूप देने में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सदस्यों का भी विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। तय कार्ययोजना के तहत विकासखंड मनोरा के अंतर्गत आने वाले आमगांव, कलारू, लुखी, खरसोता, डूमरटोली, सोगड़ा, गजमा, सरडीह, मनोरा, आस्ता, बहेरना, सोनक्यारी, टैम्पु, शैला, अलोरी,गेड़ई एवं अन्य संकुल के प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालयों में चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराई गई। इसके तहत विद्यार्थियों के बीच से बाल-प्रधानमंत्री के साथ-साथ अन्य विभागीय मंत्रियों का भी चयन किया गया।

पशुओं के लिए चलाया जा रहा टीकाकरण अभियान

बलरामपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर चंदन संजय त्रिपाठी के मार्गदर्शन में जिले के पशुधन को संक्रामक रोगों से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से पशु विभाग द्वारा हेमोरेजिक सेप्टीसीमिया (एच.एस.) एवं ब्लैक क्वार्टर (बी.क्यू.) के संयुक्त टीकाकरण अभियान का चलाया जा रहा है। पशु चिकित्सा विभाग की टीमों द्वारा गांव-गांव पहुंचकर पशुओं का टीकाकरण किया जा रहा है, ताकि वर्षा ऋतु में फैलने वाले इन संक्रामक रोगों की रोकथाम की जा सके। अभियान के माध्यम से पशुपालकों को पशुओं के समय पर टीकाकरण, नियमित स्वास्थ्य जांच एवं रोगों से बचाव के संबंध में भी जागरूक किया जा रहा है। साथ ही विभाग द्वारा मोबाइल वेटनरी यूनिट के माध्यम से पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार किया गया। साथ ही पशुओं को कृमिनाशक दवा का वितरण, पशुपालकों को किसान क्रेडिट कार्ड, पशुपालन विभाग की विभिन्न योजनाओं तथा पशुधन प्रबंधन संबंधी आवश्यक जानकारियां भी साझा की जा रही हैं। पशुपालन विभाग ने सभी पशुपालकों से अपील की है कि वे अपने पशुओं का समय पर टीकाकरण अवश्य कराएं।

सावन के पहले सोमवार पर लक्ष्मणेश्वर धाम में उमड़ा आस्था का सैलाब

शिवरीनारायण/नवप्रदेश। खरौद छत्तीसगढ़ की गुप्त काशी के नाम से प्रसिद्ध लक्ष्मणेश्वर नगरी खरौद में सावन के पहले सोमवार पर भगवान लक्ष्मणेश्वर महादेव के दर्शन और जलाभिषेक के लिए आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सुबह ब्रह्ममुहूर्त से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं और कांवरियों की लंबी कतारें लग गई थीं। प्रदेश के विभिन्न जिलों के अलावा ओडिशा, मध्यप्रदेश सहित अन्य राज्यों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे। दिनभर मंदिर परिसर 'बोल बम' और 'हर-हर महादेव' के जयघोष से गूंजता रहा

श्रद्धालुओं ने महानदी के त्रिवेणी संगम से पवित्र जल भरकर पैदल यात्रा करते हुए भगवान लक्ष्मणेश्वर महादेव का जलाभिषेक किया। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि, अच्छी वर्षा और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। पूरे दिन मंदिर परिसर में भक्तों की भारी भीड़ बनी रही करीब 11वीं शताब्दी में निर्मित लक्ष्मणेश्वर महादेव मंदिर अपनी ऐतिहासिक, धार्मिक एवं स्थापत्य कला के लिए देशभर में प्रसिद्ध है। मंदिर की सबसे बड़ी विशेषता यहां स्थित लक्षलिंग है। धार्मिक मान्यता के अनुसार इस शिवलिंग में सवा लाख छिद्र हैं, जिनमें से एक छिद्र पातालगामी माना जाता है। यही इस मंदिर की सबसे अद्भुत विशेषताओं में से एक है। परंपरा के अनुसार लक्षलिंग पर एक लाख चावल अर्पित किए जाते हैं, जिसके कारण इसे लक्षलिंग कहा जाता है। इसी अनूठी मान्यता के चलते सावन मास में यहां दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंचते हैं मंदिर के पुजारी सुधीर मिश्रा ने बताया कि सावन के पहले सोमवार को सुबह से देर शाम तक श्रद्धालुओं का निरंतर आगमन होता रहा। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर समिति, प्रशासन और पुलिस द्वारा व्यापक व्यवस्थाएं की गई थीं।

बैठक मौसम साफ होते ही कृषि केंद्रों पर बढ़ी किसानों की भीड़, प्रतिबंधित कीटनाशक दवाओं की मांग बढ़ी

दो दिन की धूप बनी किसानों के लिए वरदान, खेतों में खाद, कीटनाशक व खरपतवार नाशक छिड़काव तेज

तमता/नवप्रदेश। पत्थलगांव विकासखंड अंतर्गत लगातार हो रही बारिश के बाद पिछले दो दिनों से मौसम साफ होने और तेज धूप निकलने से किसानों ने राहत की सांस ली है। पत्थलगांव विकासखंड के तमता सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में किसान अब तेजी से खेतों में कृषि कार्यों में जुट गए हैं।

धान की फसल में समय पर पोषण पहुंचाने, खरपतवार नियंत्रण तथा कीट-रोगों से बचाव के लिए उर्वरक, कीटनाशक एवं खरपतवार नाशक दवाओं का छिड़काव बड़े पैमाने पर किया जा रहा है।लगातार वर्षा के कारण कई दिनों से खेतों में आवश्यक कृषि कार्य प्रभावित हो रहे थे। बारिश के दौरान छिड़काव करने पर दवाएं पानी के साथ बह जाने से किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता था। अब धूप निकलने से किसानों को उचित समय मिल गया है और खेतों में सुबह से शाम तक स्प्रे पंप लेकर छिड़काव करते किसान नजर आ रहे हैं। मौसम साफ होने का असर कृषि बाजारों में भी दिखाई दे रहा है। तमता और आसपास के कृषि केंद्रों में किसानों की भीड़ बढ़ गई है। किसान अपनी आवश्यकता के अनुसार कीटनाशक, खरपतवार नाशक और उर्वरक खरीद रहे हैं। कृषि केंद्र संचालकों के अनुसार पिछले दो दिनों में बिक्री में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। मनोज कृषि केंद्र के संचालक

मनोज होता ने बताया कि इस समय किसानों द्वारा सबसे अधिक खरपतवार नाशक और कीटनाशक दवाओं की मांग की जा रही है। लगातार बारिश के कारण छिड़काव रुका हुआ था, इसलिए मौसम साफ होते ही किसान बड़ी संख्या में कृषि केंद्र पहुंच रहे हैं।उन्होंने बताया कि इस वर्ष अधिकांश कृषि रसायनों के दाम लगभग स्थिर हैं। हालांकि जिन दवाओं के निर्माण में तेल आधारित (ईसी फॉर्मुलेशन) रसायनों का उपयोग होता है, उनके दाम अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों और कच्चे माल की लागत बढ़ने के कारण पिछले वर्ष की तुलना में कुछ बढ़े हैं। इसके बावजूद बाजार में आवश्यक कृषि दवाओं की उपलब्धता बनी हुई है और किसानों को किसी प्रकार की कमी का सामना नहीं करना पड़ रहा है। मनोज होता ने किसानों को सलाह दी कि वे कृषि विशेषज्ञों की अनुशंसा के अनुसार ही दवाओं का उपयोग करें तथा निर्धारित मात्रा में ही छिड़काव करें। अनावश्यक या अधिक मात्रा में दवा का प्रयोग फसल और मिट्टी दोनों के लिए नुकसानदायक हो सकता है। मनोज होता ने बताया कि सरकार द्वारा खरपतवार नाशक दवा पैराक्वाट पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद अब यह बाजार में उपलब्ध नहीं है। उन्होंने बताया कि यह दवा अत्यधिक विषैली मानी जाती थी और इसके दुष्प्रभावों को देखते हुए इसके उपयोग पर रोक लगाई गई है।

धूप में छिड़काव से मिल रहा बेहतर परिणाम

कृषि विशेषज्ञों के अनुसार साफ मौसम में कीटनाशक और खरपतवार नाशक दवाओं का छिड़काव अधिक प्रभावी माना जाता है। धूप के कारण दवा पत्तियों पर अच्छी तरह चिपक जाती है और उसका असर लंबे समय तक बना रहता है। वहीं पौधों में प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया तेज होने से उर्वरकों का अवशोषण भी बेहतर होता है। लगातार नमी कम रहने से फफूंद जनित रोगों और हानिकारक कीटों का प्रकोप भी कम होने की संभावना रहती है। स्थानीय किसानों का कहना है कि पिछले कई दिनों से वे मौसम साफ होने का इंतजार कर रहे थे। अब अनुकूल मौसम मिलने से खाद और दवा का छिड़काव तेजी से किया जा रहा है, जिससे फसल की बढ़वार बेहतर होने की उम्मीद है।

प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना: आम लोगों लिए आर्थिक सशक्तिकरण का माध्यम बनीं

बिलासपुर/नवप्रदेश। *केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी ''प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना'' आम नागरिकों के लिए आर्थिक सशक्तिकरण का माध्यम बनती जा रही है। यह योजना न केवल लोगों को स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा अपनाने के लिए प्रेरित कर रही है, बल्कि बिजली के बढ़ते खर्च से भी राहत दिला रही है। शहर के चांटीडीह निवासी अशोक कुमार साहू इसका एक प्रेरणादायक उदाहरण हैं। योजना का लाभ लेने के बाद उनके घर का बिजली बिल बेहद कम हो गया है और अब वे प्रतिमाह लगभग 3500 रुपये की बचत कर रहे हैं।*

अशोक कुमार साहू ने बताया कि उन्हें प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना की जानकारी समाचार पत्रों, सोशल मीडिया तथा अन्य प्रचार-प्रसार माध्यमों से मिली। योजना की विशेषताओं और इससे होने वाले लाभों को जानने के बाद उन्होंने अपने घर पर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित कराने का निर्णय लिया। आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के बाद उन्होंने अपने आवास पर 3 किलोवॉट एवं 4 किलोवॉट क्षमता के सोलर पैनल लगवाए। उन्होंने बताया कि पहले हर महीने बिजली बिल का भुगतान करना परिवार के नियमित खर्चों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा था। विशेष रूप से गर्मी के मौसम में बिजली की खपत बढ़ने से बिल भी अधिक आता था। लेकिन सोलर पैनल लगने के बाद स्थिति पूरी तरह बदल गई। अब उनके घर की अधिकांश बिजली आवश्यकता सौर ऊर्जा से पूरी हो रही है, जिससे बिजली बिल में उल्लेखनीय कमी आई है। वर्तमान में वे हर महीने लगभग 3500 रुपये की बचत कर रहे हैं। यह बचत परिवार की अन्य आवश्यक जरूरतों, बच्चों की शिक्षा और घरेलू खर्चों में उपयोग हो रही है। श्री साहू ने यह भी बताया कि योजना के तहत मिलने वाली सब्सिडी की राशि सीधे उनके बैंक खाते में प्राप्त हुई, जिससे सोलर संयंत्र लगाने की लागत काफी कम हो गई। प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना केवल बिजली बिल कम करने की योजना नहीं है, बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण और ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण पहल है।

अब फसल बीमा 14 तक

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत खरीफ वर्ष 2026 की अधिसूचित फसलों के लिए बीमा पंजीयन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 14 अगस्त 2026 तक कर दी गई है। पहले यह तिथि 31 जुलाई निर्धारित थी। समय-सीमा बढ़ने से ऐसे किसानों को राहत मिलेगी, जो पूर्व निर्धारित तिथि तक पंजीयन नहीं करा सके थे। जिले में खरीफ 2026 के लिए धान सिंचित, धान असिंचित एवं मक्का फसल को अधिसूचित किया गया है। योजना के तहत किसानों को बीमा प्रीमियम का केवल 2 प्रतिशत अंशदान करना होगा, जबकि शेष प्रीमियम राशि का वहन केंद्र एवं राज्य शासन द्वारा किया जाएगा। धान (सिंचित) के लिए प्रति हेक्टेयर कृषक प्रीमियम 1,320 रुपये तथा धान (असिंचित) के लिए प्रति हेक्टेयर कृषक प्रीमियम 946 रूपये एवं मक्का फसल के लिए 792 रूपये निर्धारित किया गया है। प्राकृतिक आपदा अथवा कटाई उपरांत नुकसान होने की स्थिति में किसान 72 घंटे के भीतर बैंक, लोक सेवा केंद्र, कृषि विभाग, राजस्व विभाग, कृषि रक्षक पोर्टल, हेल्पलाइन 14447 अथवा व्हाट्सएप चैटबॉट नंबर 7065514447 पर सूचना दर्ज करा सकते हैं। योजना का लाभ ऋणी एवं अऋणी दोनों प्रकार के किसान ले सकते हैं। अऋणी किसानों को आवेदन के साथ आधार कार्ड, ऋण पुस्तिका (बी-1), बैंक पासबुक, बुवाई प्रमाण पत्र अथवा स्वघोषणा पत्र तथा मोबाइल नंबर सहित आवश्यक दस्तावेज जमा करने होंगे।

पदोन्नति और वेतन विसंगति पर भड़के पटवारी

15 दिनों में न्याय नहीं मिला तो होगा प्रदेशव्यापी आंदोलन

बिलासपुर/नवप्रदेश। *छत्तीसगढ़ के राजस्व विभाग में वर्षों से दबा असंतोष अब खुलकर सामने आ गया है। प्रदेशभर के पटवारियों ने सरकार को साफ संदेश दे दिया है कि अब केवल आश्वासन नहीं, बल्कि निर्णय चाहिए। मुख्य सचिव के नाम सौंपे गए ज्ञापन में राजस्व पटवारी संघ ने 15 दिनों का अल्टीमेटम देते हुए चेतावनी दी है कि यदि पदोन्नति प्रक्रिया शुरू नहीं हुई और वेतन विसंगति का समाधान नहीं किया गया, तो पूरे प्रदेश में आंदोलन छेड़ा जाएगा।*

यह चेतावनी केवल कर्मचारियों की नाराजगी नहीं, बल्कि उस व्यवस्था पर सवाल है, जिसकी सबसे मजबूत कड़ी माने जाने वाले पटवारी खुद को उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। पटवारी संघ का कहना है कि राजस्व प्रशासन का लगभग हर महत्वपूर्ण काम-नामांतरण, सीमांकन, भू-अभिलेख, फसल गिरदावरी, नक्शा सुधार, राजस्व प्रकरण और सरकारी योजनाओं का क्रियान्वयन-पटवारियों के कंधों पर चलता है। लेकिन विडंबना यह है कि वही कर्मचारी वर्षों तक एक ही पद पर सेवा देते-देते सेवानिवृत्त हो जाते हैं। संघ का आरोप है कि लंबे समय से पदोन्नति प्रक्रिया ठप पड़ी है। राजस्व निरीक्षक के पद खाली हैं, लेकिन उन्हें पदोन्नति से भरने के बजाय सीधी भर्ती का रास्ता अपनाया जा रहा है। इससे वर्षों से सेवा दे रहे कर्मचारियों का मनोबल टूट रहा है। पटवारी संघ ने ज्ञापन में वेतन विसंगति का ऐसा मामला उठाया है, जिसने पूरी वेतन व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। संघ के अनुसार, वर्ष 2010 बैच के कई पटवारियों को उच्च वेतनमान मिलने के बावजूद उनका मूल वेतन पहले से कम हो गया। यानी पद और ग्रेड तो बढ़ा, लेकिन वेतन घट गया। संघ का कहना है कि यह केवल वर्तमान वेतन का मामला नहीं है। इसका असर भविष्य की वेतन वृद्धि, पदोन्नति, पेंशन और अन्य सेवा लाभों पर भी पड़ेगा। यदि समय रहते सुधार नहीं हुआ, तो कर्मचारियों को जीवनभर आर्थिक नुकसान झेलना पड़ेगा।

संघ की प्रमुख मांगें

पटवारियों की पदोन्नति के लिए निश्चित समय-सीमा तय की जाए। वर्षों से लंबित पदोन्नति प्रक्रिया तत्काल शुरू की जाए। राजस्व निरीक्षक के सभी रिक्त पद केवल पटवारियों की पदोन्नति से भरे जाएं। आरआई पदों पर सीधी भर्ती पूरी तरह बंद की जाए। पदोन्नति में 50 प्रतिशत वरिष्ठता और 50 प्रतिशत विभागीय परीक्षा का प्रावधान लागू किया जाए। वेतन विसंगति की जांच कर न्यायसंगत समाधान किया जाए।

आसान नहीं होगा फैसला

सरकार के सामने अब दोहरी चुनौती है। एक ओर कर्मचारियों की वर्षों पुरानी मांगें हैं, तो दूसरी ओर प्रशासनिक व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने की जिम्मेदारी। यदि मांगों पर समय रहते निर्णय नहीं हुआ और आंदोलन शुरू हो गया, तो सबसे ज्यादा असर आम नागरिकों पर पड़ेगा। राजस्व विभाग से जुड़े नामांतरण, सीमांकन, भू-अभिलेख, ऋण पुस्तिका, फसल गिरदावरी, मुआवजा प्रकरण और अन्य जरूरी सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी योजनाओं का क्रियान्वयन भी धीमा पड़ सकता है। पटवारी संघ ने सरकार को स्पष्ट संदेश दिया है कि अब प्रतीक्षा की सीमा समाप्त हो चुकी है। 15 दिनों के भीतर यदि पदोन्नति और वेतन विसंगति पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो प्रदेशभर के पटवारी आंदोलन की राह पर होंगे। अब सबसे बड़ा सवाल यही है-क्या सरकार कर्मचारियों की नाराजगी को समय रहते दूर करेगी, या फिर राजस्व विभाग की रीढ़ माने जाने वाले पटवारियों का असंतोष प्रदेशव्यापी आंदोलन का रूप लेगा? आने वाले 15 दिन न केवल सरकार, बल्कि पूरे राजस्व प्रशासन के लिए निर्णायक साबित हो सकते हैं।

स्वर्णकार महिला विंग ने मनाया सावन महोत्सव

बिलासपुर/नवप्रदेश। स्वर्णकार महिला विंग के तत्वावधान में 2 अगस्त को स्थानीय होटल राजा (टेलीफोन एक्सचेंज रोड) में भव्य 'सावन उत्सव' एवं संस्था की 10वीं वर्षगांठ का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। 'स्वर्णकार गौरव, स्वाभिमान और समृद्धि की पहचान' के ध्येय वाक्य के साथ विगत 10 वर्षों की निरंतर सफलता और सांस्कृतिक परंपरा को सहेजते हुए आयोजित इस पारिवारिक समारोह में प्रदेश भर से उमड़ी समाज की मातृशक्ति ने एक नया इतिहास रचा। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम प्रभु श्रीराम की पावन आराधना एवं सुंदरकांड पाठ से हुआ। तत्पश्चात् बिलासपुर की युवा बहनों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर समारोह का औपचारिक शुभारंभ किया गया। रायपुर से पधारीं आशा सोनी (सर्व स्वर्णकार एसोसिएशन महिला राष्ट्रीय मंत्री एवं बीजेपी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य)। छत्तीसगढ़ सोनार समाज महासभा (पंजीकृत) महिला प्रकोष्ठ की प्रांत प्रमुख राम बाई स्वर्णकार, सह प्रांत प्रमुख डॉली सोनी, श्रीमती सरोज सोनी एवं मधु सोनी। धमतरी जिले से पधारीं प्रदेश उपाध्यक्ष डाली सोनी, जिला अध्यक्ष रीता सोनी, जिला संयोजक अन्नपूर्णा सोनी, जिला उपाध्यक्ष उषा सोनी एवं जिला कार्यसमिति सदस्य पुष्पा सोनी। लोरमी से श्रीमती वृंदा सोनी एवं तखतपुर से शीला सोनी सहित विभिन्न क्षेत्रों से पहुँचीं विशिष्ट बहनों ने भी शामिल होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस भव्य सावन महोत्सव में बिलासपुर के अतिरिक्त प्रदेश के कोने-कोने- रायपुर, धमतरी, कोरबा, मुंगेली, चांपा, कोटमी सोनार, सकरी, तखतपुर, लोरमी, दुर्ग, भिलाई, राजनांदगांव एवं जैजैपुर से बड़ी संख्या में सोनार समाज की माताएँ एवं बहनें उपस्थित हुईं। बिलासपुर स्वर्णकार महिला विंग की संयोजिका निशा यज्ञेश सोनी, गायत्री विजय स्वर्णकार, चंद्रिका सोनी, उर्मिला सराफ, क्षमा सोनी, गायत्री स्वर्णकार, नेहा सोनी एवं नूतन सोनी ने विशेष सक्रियता दिखाते हुए पूरे कार्यक्रम का अत्यंत सुंदर, व्यवस्थित एवं सराहनीय संयोजन किया। आयोजक मंडल की वरिष्ठ व सहयोगी गायत्री बंसी स्वर्णकार, सुभद्रा सोनी, उमा सोनी, गोदावरी सोनी, अंजू सोनी, आशा सोनी (बिलासपुर), जमुना सोनी, सुशीला सोनी, गुलेश्वरी सोनी, रानी सोनी, गिरजा सोनी एवं सरोज सोनी ने पूरे कार्यक्रम में अपनी महत्वपूर्ण एवं सक्रिय सहभागिता निभाई। सावन उत्सव के 10 वर्ष पूरे होने के शुभ अवसर पर पूर्व की सभी 'सावन क्वींस' को मंच पर विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

उद्यानिकी कॉलेज में सीड बॉल वितरण व पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

बिल्हा/नवप्रदेश। आज शासकीय उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, हथनी में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक विशेष सीड बॉल वितरण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जनपद प्राथमिक शाला के शिक्षक कलेश्वर साहू ने महाविद्यालय को सीड बॉल वितरित किए कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. टी. एल. साहू ने शिक्षक कलेश्वर साहू द्वारा पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में किए जा रहे निरंतर और उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की। उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों को कलेश्वर साहू के प्रयासों से प्रेरणा लेते हुए पर्यावरण सुरक्षा के लिए आगे आने और सक्रिय रूप से कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया इसके पश्चात प्रोफेसर डॉ. मकसूदन वर्मा ने विद्यार्थियों को सीड बॉल को सही तरीके से रोपित करने की विधि विस्तार से समझाई, ताकि पौधों का बेहतर विकास हो सके। वहीं, शिक्षक कलेश्वर साहू ने छात्रों को सीड बॉल बनाने की आसान प्रक्रिया की जानकारी दी।

एनालॉग पनीर: होटलों और रेस्टोरेंट संचालकों की ली गई बैठक

बिलासपुर/नवप्रदेश। आयुक्त, खाद्य सुरक्षा, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार और कलेक्टर के मार्गदर्शन में बिलासपुर जिले में खाद्य सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है।

हाल ही में जिला प्रशासन और खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा होटल और रेस्टोरेंट संचालकों की एक विशेष बैठक आयोजित की गई, जिसमें उन्हें एनालॉग पनीर के प्रतिबंधित होने की जानकारी दी गई और इसके उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की सख्त हिदायत दी गई। होटल और रेस्टोरेंट संचालकों को चेतावनी: बैठक के दौरान संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि वे अपने प्रतिष्ठानों में एनालॉग पनीर का उपयोग बिल्कुल न करें। खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने जिले के विभिन्न प्रतिष्ठानों और फर्मों में औचक निरीक्षण कर एनालॉग पनीर की गहन जांच की। राहत की बात यह रही कि निरीक्षण के दौरान किसी भी फर्म में एनालॉग पनीर का भंडारण या उपयोग नहीं पाया गया। खाद्य विभाग ने नागरिकों से भी सतर्क रहने की अपील की है। यदि किसी भी दुकान, डेयरी या फर्म में एनालॉग पनीर का निर्माण, भंडारण या विक्रय करते हुए पाया जाता है, तो इसकी सूचना तुरंत खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग को दें।

बूथ स्तर तक संगठन को अधिक सशक्त बनाएं: जायसवाल

भाजपा ग्रामीण की कामकाजी बैठक

बिलासपुर/नवप्रदेश। *भारतीय जनता पार्टी बिलासपुर ग्रामीण की कामकाजी बैठक आज जिलाध्यक्ष मोहित जायसवाल के निर्देशन में आयोजित की गई। बैठक में संगठन द्वारा मंडलों को सौंपे गए विभिन्न कार्यों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई तथा आगामी संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।*

बैठक में सभी मंडलों से शक्ति केंद्रों के नक्शे, बूथ स्तर के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के परिचय पत्र (आईडी) संबंधी जानकारी ली गई। इसके अंतर्गत बूथ अध्यक्ष, बूथ सचिव, बी.एल.ए.-2, युवा प्रमुख, महिला प्रमुख, मन की बात प्रमुख, शक्ति केंद्र प्रभारी, संयोजक एवं सह-संयोजकों की जानकारी का परीक्षण किया गया। साथ ही विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के पश्चात गठित नए बूथों में कार्यकारिणी के गठन की प्रगति की भी समीक्षा की गई। जिलाध्यक्ष मोहित जायसवाल ने सभी मंडल पदाधिकारियों से निर्धारित समय-सीमा में संगठन द्वारा सौंपे गए कार्यों को पूर्ण करने तथा बूथ स्तर तक संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का आह्वान किया। बैठक में संगठन की आगामी कार्ययोजना के साथ तिरंगा यात्रा, संत रविदास जयंती सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा हुई तथा कार्यकर्ताओं से बूथ सशक्तिकरण और संगठन विस्तार के कार्यों में पूरी सक्रियता के साथ जुटने का आग्रह किया गया। यदि बैठक में प्रदेश या जिला स्तर के अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित थे, तो उनके नाम जोड़कर विज्ञप्ति को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। इस अवसर पर महामंत्री एस कुमार मनहर, जनक देवांगन, लव खुश कश्यप, उमेश गौराहा, शंकर दयाल शुक्ला, डॉ. रजनीश पाण्डेय, देवांगन तिरिथ राम यादव उपस्थित थे।

सुविचार

अहंकारी कभी क्षमा नहीं मांगता और कमजोर कभी क्षमा नहीं करता। क्षमा करने वाला दुर्बल नहीं बलवान होता है।

नशे के कारोबार पर नकेल जरूरी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान' की शुरुआत करते हुए युवाओं से नशा छोड़ने की अपील की है। उन्होंने ठीक ही कहा है कि नशे के सौदागर दुश्मन देश हमारे देश की युवा पीढ़ी को निशाना बना रहे हैं। इसलिए युवाओं को इस मुहिम से जुड़कर नशे के खिलाफ अभियान छोड़ना चाहिए। वास्तव में हमारे देश में नशे का काला धंधा लगातार जोर पकड़ता जा रहा है और युवा पीढ़ी इसकी चपेट में आकर तबाह हो रही है। एक जानकारी के मुताबिक भारत में 16 करोड़ लोग शराब के आदी हैं, वहीं तीन करोड़ लोग हेरोइन, अफीम और कोकीन जैसे ड्रग्स का सेवन करते हैं और नशे की गोलियां तथा इंजेक्शन लगवाते हैं। इनमें ज्यादातर युवा हैं, जो अपने करियर को लेकर मानसिक दबाव में रहते हैं। जिसकी वजह से वे नशे की लत के शिकार हो जाते हैं। भारत में दस प्रतिशत युवा नशे की चपेट में आने के कारण विभिन्न मानसिक रोगों के शिकार हो गए हैं। ऐसे लोगों के उपचार के लिए हमारे देश में उचित व्यवस्था भी नहीं है। मनोरोग और नशा मुक्ति केंद्रों की उपलब्धता मात्र बीस प्रतिशत है। इसी से सहज ही यह अनुमान लगाया जा सकता है कि भारत में नशा कितनी गंभीर समस्या का रूप धारण कर चुका है। रही बात भारत में नशे की तस्करी की तो इसकी एक बड़ी वजह यह है कि नशे के लिए कुख्यात ईरान, अफगानिस्तान, पाकिस्तान, थाईलैंड, लाओस और म्यांमार भारत के पास ही हैं। इन देशों से ही भारत में बड़े पैमाने पर ड्रग्स की तस्करी की जाती है। इस खतरे को भांपते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ठीक ही कहा है कि भारत में ड्रग्स की बड़े पैमाने पर तस्करी दुश्मन देशों की आतंकी साजिश का हिस्सा है। इस पर रोक लगाने के लिए सरकार तो अपने स्तर पर प्रयास कर ही रही है, लेकिन देश के युवाओं को भी इसके लिए आगे आना होगा और नशे के जाल से मुक्त होना होगा। तभी विकसित भारत का सपना साकार हो पाएगा। 2047 तक भारत को विकसित बनाने का दायित्व आज की युवा पीढ़ी पर ही है। यदि वह नशे की लत का शिकार हो गई तो विकसित भारत का सपना साकार होना मुश्किल हो जाएगा। नशे के बारे में वैसे भी कहा गया है कि नशा नाश की जड़ है भाई, फल इसका अति दुखदाई। यह बात युवा पीढ़ी को समझनी चाहिए। उम्मीद की जानी चाहिए कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर देश की युवा शक्ति, जिसे राष्ट्र शक्ति कहा जाता है, वह 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान' से जुड़ेगी और नशे से तौबा कर दुश्मन देशों की साजिश को नाकाम करेगी। पीएम मोदी ने कहा है कि यह अभियान अगले 100 सप्ताह तक चलेगा और हर हफ्ते देशभर में अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन होगा, जिसके माध्यम से नशा मुक्त भारत का संदेश दिया जाएगा। यह अभियान सफल तभी होगा जब इसमें युवा पीढ़ी बढ़-चढ़कर भाग लेगी।

हॉकी की जर्सी पर सियासत, मैदान में प्रदर्शन की चुनौती

योगेश कुमार गोयल
वरिष्ठ पत्रकार

भारतीय पुरुष और महिला हॉकी टीम की पारंपरिक नीली जर्सी को बदलकर 15 अगस्त से शुरू हो रहे एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 में केसरिया रंग की मुख्य जर्सी पहनाने के निर्णय ने देशभर में नई बहस छेड़ दी है। यह बहस केवल खेल तक सीमित नहीं रही है बल्कि राजनीति, संस्कृति, राष्ट्रीय पहचान और खेल परंपरा तक पहुंच गई है। एक पक्ष इसे खिलाड़ियों की सुविधा और तकनीकी आवश्यकता से जुड़ा निर्णय बता रहा है तो दूसरा पक्ष इसे भारतीय खेलों के कथित 'भगवाकरण' के रूप में देख रहा है। सवाल यह है कि क्या वास्तव में जर्सी का रंग बदलना इतना बड़ा मुद्दा है या यह विवाद मूल प्रश्नों से ध्यान भटका रहा है? सबसे पहले यह समझना आवश्यक है कि हॉकी इंडिया ने जर्सी का रंग बदलने का निर्णय किन आधारों पर लिया।

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष और भारतीय हॉकी के महान खिलाड़ी रहे दिलीप तिर्की के अनुसार, आज अधिकांश अंतर्राष्ट्रीय हॉकी मुकाबले नीले सिंथेटिक एस्ट्रो टर्फ पर खेले जाते हैं। ऐसे में नीली जर्सी कई बार मैदान की पृष्ठभूमि में घुल-मिल जाती है, जिससे तेज गति वाले खेल में खिलाड़ियों को अपने साथी खिलाड़ियों की पहचान करने में कठिनाई होती है। आधुनिक हॉकी में खेल की गति अत्यंत तेज हो चुकी है, जहां एक सैकेंड का निर्णय मैच का परिणाम बदल सकता है। पासिंग, पोजिशनिंग और त्वरित निर्णय के लिए खिलाड़ियों की स्पष्ट दृश्यता अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। इसी कारण खिलाड़ियों, कप्तानों, कोचों और सहयोगी स्टाफ से विचार-विमर्श के बाद अधिक स्पष्ट दिखाई देने वाले रंग के रूप में केसरिया को चुना गया।

यदि यही वास्तविक कारण है तो इसे केवल तकनीकी दृष्टि से देखने में कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए। विश्व खेलों में जर्सी के रंग समय-समय पर बदले जाते रहे हैं। फुटबॉल, रग्बी, क्रिकेट, बास्केटबॉल और हॉकी जैसी लगभग सभी खेल प्रतियोगिताओं में टीमें प्रतियोगिता, दृश्यता, प्रायोजकों, प्रसारण गुणवत्ता और तकनीकी आवश्यकताओं के अनुसार अपनी जर्सियों में परिवर्तन करती रहती हैं। भारतीय हॉकी टीम इससे पहले 2014 विश्व कप में पीली तथा 2018 में हल्के नीले रंग की जर्सी पहन चुकी है। इसलिए रंग परिवर्तन स्वयं में कोई असाधारण घटना नहीं है। विवाद इसलिए बढ़ा है क्योंकि भारतीय हॉकी की पहचान पिछले कई दशकों से नीली जर्सी के साथ जुड़ चुकी है। जैसे ब्राजील की फुटबॉल टीम पीली जर्सी, अर्जेंटीना आसमानी-सफेद धारियों, न्यूजीलैंड 'ऑल ब्लैक्स' और ऑस्ट्रेलिया हरे-पीले रंग से पहचाने जाते हैं, उसी प्रकार भारतीय हॉकी की पहचान भी नीली जर्सी रही है। ओलंपिक स्वर्णिम इतिहास, विश्व कप की उपलब्धियां और अनेक ऐतिहासिक मुकाबलों की स्मृतियां इसी नीली जर्सी से जुड़ी रही हैं। यही कारण है कि पूर्व कप्तान धनराज पिल्लै, परगट सिंह और वीरेन रासकिन्हा जैसे खिलाड़ियों ने चिंता व्यक्त की कि कहीं यह परिवर्तन भारतीय हॉकी की स्थापित पहचान को कमजोर न कर दे।

पूर्व दिग्गज हॉकी खिलाड़ियों की चिंता को भी खारिज नहीं किया जा सकता। खेल केवल तकनीक नहीं, भावनाओं और विरासत का भी विषय होता है। जर्सी केवल कपड़े का टुकड़ा नहीं बल्कि करोड़ों प्रशंसकों की स्मृतियों, खिलाड़ियों के गौरव और राष्ट्रीय खेल संस्कृति का प्रतीक होती है। इसलिए ऐसे किसी भी बड़े परिवर्तन से पहले व्यापक संवाद और पारदर्शिता अपेक्षित थी। यदि हॉकी इंडिया खिलाड़ियों और विशेषज्ञों के साथ-साथ पूर्व खिलाड़ियों तथा खेल समुदाय को भी इस निर्णय प्रक्रिया से जोड़ती तो शायद विवाद की तीव्रता कम होती। दूसरी ओर इस पूरे विवाद का राजनीतिक स्वरूप भी कम चिंताजनक नहीं है। विपक्षी दलों ने इसे 'खेलों का भगवाकरण' करार दिया है जबकि कई समर्थकों ने इसे राष्ट्रीय अस्मिता का प्रतीक बताया। वस्तुतः दोनों अतिवादी दृष्टिकोण खेल भावना के अनुकूल नहीं हैं। किसी भी रंग का अपना कोई धर्म नहीं होता। रंग प्रतीकों का अर्थ समय, संस्कृति और संदर्भ के अनुसार बदलता रहता है। भारतीय राष्ट्रीय ध्वज में केसरिया रंग त्याग, साहस और समर्पण का प्रतीक है। भारतीय सेना, राष्ट्रीय ध्वज, अनेक विश्वविद्यालयों, सांस्कृतिक परंपराओं तथा आध्यात्मिक जीवन में भी केसरिया का सम्मानजनक स्थान है। वहीं इस्लामी परंपराओं, सूफी परंपरा और अनेक एशियाई संस्कृतियों में भी यह रंग विभिन्न रूपों में प्रयुक्त होता रहा है। इसलिए किसी रंग को किसी एक धर्म या विचारधारा का स्थायी प्रतीक मान लेना ऐतिहासिक दृष्टि से उचित नहीं कहा जा सकता। हालांकि यह भी उतना ही सत्य है कि वर्तमान राजनीतिक वातावरण में रंगों के प्रतीकात्मक अर्थ अत्यधिक संवेदनशील हो चुके हैं।

इसलिए जब किसी राष्ट्रीय टीम की दशकों पुरानी पहचान बदली जाती है तो राजनीतिक प्रश्न स्वाभाविक रूप से उठते हैं। ऐसी परिस्थितियों में खेल संस्थाओं का दायित्व और बढ़ जाता है कि वे अपने निर्णयों के पीछे के सभी तथ्य, वैज्ञानिक अध्ययन और खिलाड़ियों की राय सार्वजनिक करें ताकि अनावश्यक विवाद की गुंजाइश कम हो। इस विवाद का एक महत्वपूर्ण पक्ष यह भी है कि क्या वास्तव में नीली जर्सी खिलाड़ियों के प्रदर्शन में बाधा बन रही थी? कुछ पूर्व खिलाड़ियों ने इस तकनीकी तर्क पर प्रश्न उठाए हैं। उनका कहना है कि कई वर्षों से नीले एस्ट्रो टर्फ पर प्रतियोगिताएं हो रही हैं और कभी ऐसी गंभीर समस्या सामने नहीं आई। यदि वास्तव में दृश्यता का प्रश्न था तो क्या इस संबंध में अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ का कोई वैज्ञानिक अध्ययन उपलब्ध है? यदि हॉकी इंडिया इस विषय में विस्तृत तकनीकी रिपोर्ट सार्वजनिक करे तो बहस अधिक तथ्यपरक हो सकती है।

हालांकि आधुनिक खेल विज्ञान यह स्वीकार करता है कि रंगों का खिलाड़ियों की दृश्य पहचान, प्रतिक्रिया समय और निर्णय क्षमता पर प्रभाव पड़ सकता है। कई खेलों में उच्च कंट्रास्ट वाले रंगों का चयन इसी कारण किया जाता है। प्रसारण तकनीक, कैमरा एंगल और दर्शकों की दृश्य सुविधा भी अब जर्सी डिजाइन का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुके हैं। इसलिए तकनीकी आधार को पूरी तरह खारिज भी नहीं किया जा सकता। पूरे विवाद का सबसे दुर्भाग्यपूर्ण पक्ष यह है कि चर्चा खिलाड़ियों की तैयारी, रणनीति और पदक की संभावनाओं से हटकर जर्सी के रंग तक सीमित हो गई है। भारत की पुरुष और महिला दोनों हॉकी टीमें पिछले कुछ वर्षों में उल्लेखनीय सुधार कर चुकी हैं। टोक्यो ओलंपिक में पुरुष टीम ने कांस्य पदक जीतकर चार दशक का सूखा समाप्त किया जबकि महिला टीम ने भी शानदार प्रदर्शन कर विश्व का ध्यान आकर्षित किया।

कश्मीर में पहलगाम पार्ट-2

कश्मीर से 370 के खात्मे और वहां शांतिपूर्ण विधानसभा चुनाव हो जाने के बावजूद आतंकी घटनाएं खत्म नहीं हुई हैं। केंद्रीय सुरक्षा बलों की सतर्कता के चलते आतंकी घटनाओं में भले ही कमी आई है, लेकिन अभी भी वहां पाकिस्तान समर्थक आतंकवादी बचे हुए हैं, जो रह-रहकर आतंकी घटना को अंजाम देते रहते हैं। पहलगाम में 26 हिंदुओं की पहचान पूछकर की गई नृशंस हत्या की तरह एक बार फिर कश्मीर के कुलगाम जिले में छत्तीसगढ़ के दो प्रवासी श्रमिकों की उनका नाम पूछकर जघन्य हत्या कर दी गई। ऐसा लगता है कि भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ 'ऑपरेशन सिंदूर' चलाए जाने के बावजूद पाकिस्तान ने उससे कोई सबक नहीं सीखा है। यही वजह है कि पाकिस्तान के इशारे पर आतंकवादियों ने कश्मीर में एक बार फिर 'पहलगाम 2' को अंजाम देने का दुस्साहस दिखाया है। अब भारत को चाहिए कि वह अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पाकिस्तान को पूरी ताकत के साथ बेनकाब करे और कश्मीर में सुरक्षा के इंतजाम और कड़े करे। जो मुट्ठी भर आतंकवादी कश्मीर में रह गए हैं, उनके खिलाफ युद्ध स्तर पर अभियान चलाया जाए और चुन-चुनकर उन्हें जहन्नुम रसीद किया जाए। इसके साथ ही इन आतंकवादियों के समर्थक अलगाववादियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए, जिन्हें कश्मीर में जम्हूरियत की वापसी और वहां का विकास रास नहीं आ रहा है। वे कश्मीर में अशांति फैलाना चाहते हैं ताकि पाकिस्तान विश्व मंच पर कश्मीर पर बेसुरा राग अलापता रहे। अब समय आ गया है कि पाक की इन नापाक हरकतों का मुंहतोड़ जवाब दिया जाए और इसके लिए जरूरत पड़ने पर पाकिस्तान के खिलाफ 'ऑपरेशन सिंदूर पार्ट 2' फौरन शुरू किया जाए। पाकिस्तान लातों का भूत है, वह बातों से नहीं मानेगा और न ही आसानी से अपने नापाक इरादों से तौबा करेगा। उसके खिलाफ बड़ी और कड़ी कार्रवाई निहायत जरूरी है।

पेट्रोल-डीजल और गैस की अनियंत्रित महंगाई

संजीव ठाकुर
वरिष्ठ पत्रकार

विश्व अर्थव्यवस्था की धमनियों में यदि किसी तत्व को रक्त की उपमा दी जाए तो वह निस्संदेह तेल है। विश्व के सभी देशों में भारत सहित पेट्रोलियम पदार्थों के दाम बढ़ा दिए गए हैं इनमें सबसे कम भारत में ही पेट्रोलियम पदार्थों के रेट बढ़ाए गए हैं। यह थोड़ी राहत की बात हो सकती है परंतु भारत की जैसी अर्थव्यवस्था पर निश्चित तौर पर यह बढ़े हुए पेट्रोलियम पदार्थों के दाम आम जनता पर भारी पड़ सकते हैं। भारत में आवश्यक वस्तुओं के दाम बढ़ने का प्रभाव आम जनता पर हमेशा उनकी जेब पर भारी कटौती किए जाने का अंदेशा रहता है। भारत एक विकासशील देश है और यहां की अर्थव्यवस्था बहुत ही संवेदनशील एवं परिवर्तनशील है भारत की जनसंख्या वैश्विक देश में अग्रणी मानी जाती है देश में यदि थोड़े से भी आवश्यक वस्तुओं के दाम बढ़ते हैं तो इस पर देश की अर्थव्यवस्था पर भारी परिवर्तन परिलक्षित होता है। पेट्रोलियम पदार्थ केवल वाहनों का ईंधन भर नहीं हैं, बल्कि आधुनिक औद्योगिक सभ्यता की गति, उत्पादन, परिवहन, ऊर्जा और व्यापार की आधारशिला हैं। जब तेल की कीमतों में असंतुलित वृद्धि होती है तो उसका प्रभाव केवल पेट्रोल पंप तक सीमित नहीं रहता, बल्कि खेतों की मिट्टी से लेकर कारखानों की मशीनों और आम आदमी की रसोई तक महसूस किया जाता है। आज वैश्विक स्तर पर बढ़ती पेट्रोल-डीजल कीमतों ने भारत सहित अनेक देशों की आर्थिक संरचना को झकझोर कर रख दिया है।

रूस-यूक्रेन युद्ध, पश्चिम एशिया में तनाव, ओपेक देशों की उत्पादन नीतियां तथा वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान ने कच्चे तेल की कीमतों को अस्थिर बना दिया। एक समय जो कच्चा तेल 60 से 70 डॉलर प्रति बैरल के बीच उपलब्ध था, वह कई अवसरों पर 100 डॉलर से ऊपर पहुंच गया। इसका सीधा प्रभाव उन देशों पर पड़ा जो अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं के लिए आयात पर निर्भर हैं। भारत अपनी कुल पेट्रोलियम आवश्यकता का लगभग 85 प्रतिशत आयात करता है। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल महंगा होने का अर्थ है–देश के आयात बिल में भारी वृद्धि, विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव और व्यापार घाटे का विस्तार।

भारत में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में वृद्धि ने परिवहन लागत को तेजी से बढ़ाया। ट्रकों के भाड़े बढ़े तो फल, सब्जी, अनाज, दूध और दैनिक उपयोग की वस्तुएं महंगी हो गईं। किसान के लिए डीजल केवल वाहन चलाने का साधन नहीं, बल्कि सिंचाई और कृषि उपकरणों की शक्ति है। डीजल महंगा होने का अर्थ है खेती की लागत बढ़ना। इसका परिणाम यह हुआ कि उत्पादन महंगा हुआ और महंगाई की दर लगातार ऊपर जाने लगी। आम नागरिक की आय स्थिर रही लेकिन खर्चों में वृद्धि होती गई। मध्यम वर्ग और निम्न वर्ग के लिए घरेलू बजट संतुलित करना कठिन हो गया। प्रसिद्ध अर्थशास्त्री रघुराम राजन ने एक बार कहा था कि ऊर्जा की बढ़ती कीमतें विकासशील देशों के लिए दोहरी चुनौती हैं–एक ओर महंगाई बढ़ती है और दूसरी ओर विकास की गति धीमी पड़ती है। वास्तव में यही स्थिति आज अनेक देशों में दिखाई देती है। बढ़ती ईंधन कीमतों के कारण उद्योगों की उत्पादन लागत बढ़ गई। छोटे और मध्यम उद्योग, जो पहले ही वैश्विक प्रतिस्पर्धा और मंदी से जूझ रहे थे, अब ऊर्जा लागत के दबाव में कमजोर पड़ने लगे हैं।।विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष जैसी संस्थाओं ने भी चेतावनी दी है कि ऊर्जा संकट वैश्विक आर्थिक मंदी को और गहरा कर सकता है। जब परिवहन और उत्पादन महंगा होता है तो वस्तुओं की कीमतें बढ़ती हैं। उपभोक्ता कम खरीदारी करते हैं, बाजार की मांग घटती है और उद्योगों का विस्तार रुकने लगता है। यही कारण है कि कई देशों में आर्थिक विकास दर अनुमान से कम रही। यूरोप में गैस और तेल संकट ने ऊर्जा आधारित उद्योगों को प्रभावित किया, जबकि एशियाई देशों में आयात लागत ने आर्थिक संतुलन बिगाड़ा।अमेरिकी उद्योगपति हेनरी फोर्ड ने कहा था कि यदि उत्पादन और परिवहन महंगे हो जाएं तो बाजार की आत्मा कमजोर पड़ जाती है। आज यह कथन बिल्कुल सटीक प्रतीत होता है। पेट्रोल-डीजल की कीमतें केवल व्यक्तिगत वाहन उपयोग को प्रभावित नहीं करतीं, बल्कि रेल, विमानन, शिपिंग और सार्वजनिक परिवहन की लागत को भी बढ़ाती हैं।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 4 अगस्त की महत्वपूर्ण घटनाएं निम्न हैंः- 1790ः संयुक्त राज्य अमेरिका में एक नव पारित टैरिफ अधिनियम ने अमेरिकी कटर कानून सेवा की स्थापना की जो एक सशस्त्र समुद्री कानून प्रवर्तन सेवा है। 1791ः सिस्टोवा की संधि पर हस्ताक्षर किए गए, ओटोमन-हैब्सबर्ग युद्ध समाप्त हो गया। 1796ः फ्रेंच क्रांतिकारी युद्ध - लोनाना की लड़ाईः नेपोलियन के तहत इटली की फ्रांसीसी सेना एक ऑस्ट्रियाई ब्रिगेड को कुचल दिया। 1796ः फ्रांसीसी क्रांतिकारी युद्ध-इटली की फ्रांसीसी सेना ने नेपोलियन ने लोनाटो की लड़ाई में एक ऑस्ट्रियाई ब्रिगेड को कुचल दिया। 1862ः अमेरिकी सरकार ने अपना पहला आय कर एकत्र करने का आदेश दिया। 1870ः ब्रिटिश सरकार ने ब्रिटिश रेड क्रॉस सोसाइटी की स्थापना की। 1875ः डेनमार्क के लेखक हैन्स क्रिश्चियन एंडरसन का जन्म हुआ था। वह बच्चों के लिए खूबसूरत कहानियां लिखने के लिए प्रसिद्ध थे। 1886ः कोलंबिया ने आज के दिन ही देश का संविधान पारित किया। 1914ः इंग्लैंड ने जर्मनी के खिलाफ युद्ध की घोषणा कर दी। 1929ःआज ही के दिन भारतीय सिनेमा के सबसे मशहूर पार्श्वगायक अभिनेता, गायक, निर्देशक किशोर कुमार खंडवा, मध्यप्रदेश में पैदा हुए थे। 1930ः यूरोप के देश बेल्जियम में छोटे बच्चो की मजदूरी के लिए कानून बनाया गया। 1944ः 15 वर्षीय यहूदी डायनर ऐनी फ्रैंक और उसके परिवार को एक नाज़ीस्तान गेस्टापो

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

कुछ दिनो पहले बाघ दिवस मनाया गया था जिसमे बाघो की शिकारियो द्वारा की जा रही हत्या पर सरकार की लापरवाही सामने आई की ना तो जंगल बचाये जा रहे ना निगरानी बढाई जा रही है वनविभाग के कर्मचारियों की मिलिभगत से आज बाघो की शामत आगयी है अब राजा महाराजा नही यही लोग मार रहे है कृपया सरकार और गांववासियों से निवेदन है वास्तविक रूप से बाघो की रक्षा करने की इच्छशक्ति जगाये।

आशुतोष श्रीवास्तव

रात गहरी थी ख्वाहिशें करने लगी बेवजह की चहलकदमी उनींदी आँखों में एक चेहरा उभरा निहारता रहा मन बूँदे रजत सदृश तुहिन नोंक पर चमकती हुई सतरंगी निर्झर सम बहती नदी संग चलती खामोश लहरें सिसकती हवा छूकर गुजरी पत्थरों के बीच उठती ध्वनि प्रतिध्वनि।

सपना चन्द्रा

'महिलाओं का हमेशा एक सवाल होता था पुरुषों के लिए कि पुरुषों की लड़ाई में माँ-बहन को क्यों गालियाँ दी जाती है? माँ - बहन ने क्या किया है? माँ - बहन तो सबके लिए बराबर है। फिर बीच में माँ-बहन को क्यों घसीटा जाता है?' लेकिन जेन जेड की बच्चियों ने ही ऐसी गालियाँ निकाली। छीः उनके पास व्यावहारिकता की समझ कितनी है, ये साफ-साफ अंदाजा लगाया जा सकता है। महिलाओं का वह सवाल ही अब स्वयं से पूछता एक सवाल लग रहा है।

पूनम झा प्रथमा

तेरी आग़ोश में आते ही सिमट जाती हूँ इश्क़ ने फिर से बनाया है मुझे बच्चों सा सारी दुनिया को पता है मैं मुहब्बत में हूँ झिलमिलाता है मेरा दिल भी सदा तारों सा यूँ तो है मोम सा पिघला हुआ ही भीतर से बस जताता है मुझे.. वो भी है दीवारों सा।

– ममता लड़ीवाल

वो झूठी बात बता गए ऐसे ही हमको फुसला गए हम उनको ना पहचाने ऐसा समझ मुस्कुरा गए। वो खूब चालाकी कर के समझे हम बातों में आ गए। अभी और रोकना है उनको वो समझे हम गश खा गए। हम भोले उन्हे कहां पहचाने यही सोच कर वो इठला गए बहती एक नदियां पास ही है साहब मुंह धोकर आ गए नही डरे हम वो रूप देखकर ये देख जरा वो भी घबरा गए साहब हम इश्क करने वाले हैं हम कब रूप पर भरमा गए। बस यूं ही।

प्रीति श्रीवास्तव

ओके कॉन्क्लूजीवली कहूंगा उन्हें भी समझ आ गया कि आप का टकराव अपनी जनरेशन से है और ये टकराव उनकी आखिरी उम्मीद है। वरना आपको अगर ये लगता है कि उन्हें नरेंद्र मोदी की फिक्र है तो मुझे आपको मासूमियत पर प्यार आयेगा। लिंक कमेंट बॉक्स में है। इमोशनल मत हो जाएगा, अल तकिया का नमूना पेश कर रहा हूं। जय श्री राम।**कुलदीप वर्मा**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेषः आज का दिन आपकी आशाओं के विपरीत रहने से बनी बनाई योजनाएं अधर में लटक सकती है।

वृषः आज के दिन आपकी सोच के विपरीत घटनाएं घटने से आश्चर्यचकित रहेंगे। आकस्मिक लाभ होने की संभावना है। परन्तु सहकर्मियों का कम सहयोग मिलने से थोड़ी असुविधा भी होगी।

मिथुनः आज आप योजना बना कर कार्य करेंगे फिर भी सफलता की संभावना संदिग्ध ही रहेगी। परिजन आपकी कार्य प्रणाली से परेशान रहेंगे। कलात्मकता लाने के प्रयास भी लाभ नहीं करा पाएंगे।

कर्कः आज का दिन आप सुख-शांति से व्यतीत करेंगे। शारीरिक रूप से छोटी-मोटी परेशानियों को छोड़ स्वस्थ रहेंगे।

सिंहः आज परिस्थितियां आपके विपरीत रहने वाली है प्रत्येक कार्य सोच समझ कर करें। व्यवहारिक जगत में भी आज विवेक का परिचय दें।

कन्याः आज के दिन का पहला भाग आनंद से व्यतीत करेंगे सुख के लगभग सभी साधन उपलब्ध होंगे लेकिन आलस्य अधिक रहने से लापरवाही बढ़ेगी। मध्यान से स्थिति में परिवर्तन आने लगेगा।

तुलाः आज के दिन कभी खुशी तो कभी निराशा मिलने से मन ठोस निर्णय लेने की स्थिति में नहीं रहेगा। जोखिम का कार्य हाथ में ना लें।

वृश्चिकः आज का दिन बीते दिनों की अपेक्षा राहत भरा रहेगा। पिछली गलतियों से सीख लेकर आज संयम बरतेंगे फिर भी महत्त्वपूर्ण कार्यो में असफलता मिलने से मानसिक रूप से अशान्त रहेंगे।

धनुः आपका आज का दिन अशुभ फलदायी रहेगा। आज के दिन आपको आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। आकस्मिक खर्च होने से धन की कमी रहेगी जिससे पहले से बनी योजनाएं खटाई में पड़ सकती है।

मकरः आज का दिन शुभफली रहेगा। आप में स्वार्थ सिद्धि की भावना प्रबल रहेगी आज दिमाग में केवल पैसा ही रहेगा सामाजिक स्तर पर भी आपकी पहचान धनवानों जैसी रहेगी।

कुंभः आज का दिन भी आप आराम से बितायेंगे। सेहत लगभग सामान्य ही रहेगी थोड़ी पेट सम्बंधित समस्या रह सकती है। कामो की भरमार रहने से थोड़ी असमंजस की स्थिति भी बनेगी।

मीनः आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। सेहत सामान्य रहेगी। कार्यो को आप लाभ-हानि की परवाह किये बिना अपनी ही मस्ती में करेंगे जिससे बाद में कोई गलती उभरेगी।

QUIZ TIME

1. कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक किसने जीता?
2. पंचायतीराज मंत्रालय का नया सचिव नियुक्त किया गया है?
3. किस देश ने भीषण जंगल की आग फैलने के कारण राष्ट्रीय आपातकाल घोषित किया है?
4. किस राज्य सरकार ने राज्य जल योजना 2047 का शुभारंभ किया है?
5. हाल ही में किसे दिल्ली महिला आयोग का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है?

RamaQuiz

कार्टून

न्यूज गैलरी

बड़े गौरी तालाब के कार्यों के लिए 3.69 करोड़ रुपये स्वीकृत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग द्वारा कांकेर जिले के विकासखण्ड-चारामा के बड़े गौरी तालाब जीर्णोद्धार कार्य को कराने के लिए 03 करोड़ 69 लाख 92 हजार रुपये स्वीकृत किये गये हैं। योजना के अंतर्गत कार्यों के पूर्ण होने पर क्षेत्र में कुल 287 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी।

रायपुर में ओवरब्रिज पर बिना अनुमति पेंटिंग कर रहे लोगों पर निगम की कार्रवाई,

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में सार्वजनिक संपत्ति पर बिना अनुमति प्रचार-प्रसार के लिए पेंटिंग किए जाने के मामले में नगर निगम ने त्वरित कार्रवाई की है। चंगोराभाठा रिंग रोड क्रमांक-1 स्थित सार्वजनिक ओवरब्रिज पर चल रहे अनधिकृत पेंटिंग कार्य को तत्काल बंद कराते हुए निगम की मॉनिटरिंग टीम ने मौके से पेंटिंग सामग्री जब्त कर ली। नगर निगम के अनुसार, जोन क्रमांक-5 क्षेत्र में स्थित ओवरब्रिज की दीवार पर बिना सक्षम अनुमति के पेंटिंग किए जाने की सूचना मिलने पर टीम ने मौके का निरीक्षण किया। जांच में सार्वजनिक संपत्ति पर नियमों का उल्लंघन कर प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से पेंटिंग किए जाने की पुष्टि हुई। इसके बाद छत्तीसगढ़ संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए पेंटिंग का कार्य तुरंत रुकवाया गया और उपयोग में लाई जा रही सामग्री जब्त कर ली गई। संबंधित व्यक्तियों को भविष्य में बिना अनुमति किसी भी सार्वजनिक संपत्ति पर पेंटिंग या प्रचार-प्रसार संबंधी गतिविधि नहीं करने की सख्त हिदायत दी गई है। नगर निगम ने बताया कि मामले में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई जारी है। साथ ही नागरिकों, संस्थाओं और संगठनों से अपील की गई है कि सार्वजनिक स्थानों पर किसी भी प्रकार का विज्ञापन, पोस्टर, पेंटिंग या प्रचार-प्रसार करने से पहले सक्षम प्राधिकारी से विधिवत अनुमति अवश्य प्राप्त करें। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफनियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

प्रशिक्षु आईएफएस अधिकारियों को मिली पहली फील्ड पोस्टिंग, 2024 बैच के अफसर ओएसडी के रूप में पदस्थ

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग ने वर्ष 2024 बैच के भारतीय वन सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों की फील्ड ट्रेनिंग के लिए पदस्थापना के आदेश जारी कर दिए हैं। जारी आदेश के अनुसार अधिकारियों को प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए विभिन्न वनमंडलों में उप वनमंडलाधिकारी के पद पर तैनात किया गया है। यह पदस्थापना प्रशिक्षण अवधि तक प्रभावी रहेगी।

इन प्रशिक्षु अधिकारियों को मिली जिम्मेदारी-कुनाल मिश्रा को उप वनमंडलाधिकारी, अंबिकापुर , वनमंडल सरगुजा, मृगजा जालिंदर यादव को उप वनमंडलाधिकारी, कटघोरा वनमंडल, परख सारडा को उप वनमंडलाधिकारी, सुकमा वनमंडल, प्रीति यादव को उप वनमंडलाधिकारी, उत्तर नारायणपुर वनमंडल , यशस्वी मौर्य को उप वनमंडलाधिकारी, राजनांदगांव वनमंडल में पदस्थापना मिली है।

ओएसडी के रूप में काम करेंगे अफसर-वन विभाग द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि प्रशिक्षण अवधि के दौरान ये सभी अधिकारी संबंधित वनमंडलों में विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी के रूप में कार्य करेंगे। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद वे यथास्थिति उसी उप वनमंडल में पदस्थ रहेंगे।

राष्ट्रकवि डॉ. मैथिलीशरण गुप्त की 140वीं जयंती पर रायपुर में श्रद्धांजलि

रायपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रकवि डॉ. मैथिलीशरण गुप्त की 140वीं जयंती के अवसर पर सोमवार को रायपुर के जलविहार कॉलोनी उद्यान स्थित उनकी प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। यह आयोजन रायपुर नगर पालिक निगम के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में, जोन-3 के सहयोग तथा श्री गहोई वैश्य समाज रायपुर की सहभागिता से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नगर निगम संस्कृति विभाग के अध्यक्ष अमर गिदवानी और जल विभाग के अध्यक्ष संतोष सीमा साहू ने प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर राष्ट्रकवि के साहित्यिक योगदान को नमन किया। इस अवसर पर श्री गहोई वैश्य समाज रायपुर के अध्यक्ष अनिल गुप्ता कंगेले, सचिव विनोद सुहाने, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल गुप्ता, सहसचिव इंदेश सेठ, महिला समिति अध्यक्ष मीरा सरावगी, सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश गुप्ता तथा नगर निगम जोन-3 के कार्यपालन अभियंता ईश्वर लाल टावरे भी उपस्थित रहे। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शहर के गणमान्य नागरिकों, साहित्यकारों, कवियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, महिलाओं और आमजन ने भी भाग लेकर राष्ट्रकवि डॉ. मैथिलीशरण गुप्त की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए और उनके साहित्य एवं राष्ट्रभक्ति से प्रेरित जीवन को स्मरण किया। वक्ताओं ने कहा कि डॉ. मैथिलीशरण गुप्त ने अपनी रचनाओं के माध्यम से राष्ट्रप्रेम, सामाजिक चेतना और भारतीय संस्कृति के मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाया। उनका साहित्य आज भी समाज के लिए प्रेरणा का महत्वपूर्ण स्रोत बना हुआ है।

कैंची से जानलेवा हमला करने वाले युवक को 10 साल का कठोर कारावास

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के आजाद चौक थाना क्षेत्र में मामूली विवाद के दौरान एक युवक पर कैंची से जानलेवा हमला करने के मामले में जिला एवं सत्र न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार देते हुए 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने आरोपी पर एक हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। जुर्माना अदा नहीं करने की स्थिति में उसे तीन माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। यह फैसला अष्टम अपर सत्र न्यायाधीश एकता अग्रवाल की अदालत ने सुनाया। मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक विजय कुमार यादव ने पैरवी की। अभियोजन के अनुसार, आरोपी अमित कुमार साहू उर्फबाबा, निवासी रावतपुरा कॉलोनी ग्रीन विहार फेस-1, 1 सितंबर 2025 की रात करीब 12:45 बजे बढ़ईपारा, संतोषी नगर पहुंचा था। वहां मौजूद द्वारिका गुप्ता और अन्य लोगों ने उससे देर रात मोहल्ले में आने का कारण पूछा। इसी बात को लेकर विवाद शुरू हो गया। विवाद बढ़ने पर आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए पास में रखी कैंची उठाई और द्वारिका गुप्ता के पेट पर जानलेवा वार कर दिया। गंभीर रूप से घायल द्वारिका को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका लंबे समय तक उपचार चला। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने प्रत्यक्षदर्शियों के बयान, चिकित्सीय साक्ष्य और अन्य दस्तावेजी प्रमाण अदालत के समक्ष प्रस्तुत किए। सभी साक्ष्यों का परीक्षण करने के बाद अदालत ने आरोपी को हत्या के प्रयास का दोषी ठहराया और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत 10 वर्ष के कठोर कारावास तथा एक हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। जुर्माना नहीं भरने पर आरोपी को तीन माह का अतिरिक्त कारावास भी भुगतना होगा।

सावन के पहले सोमवार पर रायपुर के शिव मंदिरों में उमड़ी आस्था

■ जलाभिषेक और रुद्राभिषेक के लिए लंबी कतारें, हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजे शिवालय

रायपुर/नवप्रदेश। सावन के पहले सोमवार पर राजधानी रायपुर के प्रमुख शिव मंदिरों में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सुबह ब्रह्ममुहूर्त से ही श्रद्धालुओं का मंदिरों में पहुंचना शुरू हो गया। भगवान भोलेनाथ के जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक और विशेष पूजा-अर्चना के लिए शहर के प्रमुख शिवालयों में लंबी कतारें देखने को मिलीं। हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल में सराबोर रहे।

शहर के हटकेश्वर महादेव, महामाया मंदिर परिसर स्थित शिवालय, दूधाधारी मठ, बूढ़ातालाब स्थित शिव मंदिर सहित अन्य प्रमुख शिव मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। भक्त गंगाजल, बेलपत्र, धतूरा, भांग, चंदन, पुष्प और फल अर्पित कर भगवान शिव का अभिषेक करते रहे। कई श्रद्धालुओं ने रुद्राभिषेक और महामृत्युंजय जाप भी कराया।

श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर समितियों ने दर्शन की विशेष व्यवस्था की। पुलिस और स्वयंसेवकों की तैनाती के साथ बैरिकेडिंग की गई, ताकि श्रद्धालुओं को व्यवस्थित ढंग से दर्शन कराए जा सकें। पेयजल, प्रसाद वितरण और चिकित्सा सहायता जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गईं।

मंदिर परिसरों में दिनभर भजन-कीर्तन और शिव स्तुति का आयोजन होता रहा। कई धार्मिक और सामाजिक संगठनों ने श्रद्धालुओं के लिए शरबत और प्रसाद वितरण की व्यवस्था भी की। सुबह से शुरू हुई दर्शनार्थियों की भीड़ देर शाम तक बनी रही।

हिंदू पंचांग के अनुसार सावन का पहला सोमवार भगवान शिव की आराधना के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है। मान्यता है कि इस दिन श्रद्धा और विधि-विधान से भोलेनाथ की पूजा करने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और जीवन में सुख-समृद्धि का वास होता है। इसी आस्था के कारण राजधानी के शिवालयों में दिनभर भक्तों का उत्साह देखते ही बना।

41.25 लाख हेक्टेयर में खरीफकी बोनी पूरी

छत्तीसगढ़ में मानसून मेहरबान सामान्य से 3% अधिक बारिश

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में इस वर्ष मानसून किसानों के लिए राहत लेकर आया है। प्रदेश में अब तक 557.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है, जो पिछले दस वर्षों की इसी अवधि की औसत वर्षा 541.2 मिमी का 103 प्रतिशत है। यानी राज्य में अब तक सामान्य से अधिक बारिश हुई है। अनुकूल मौसम का असर खेती पर भी दिख रहा है और प्रदेश में खरीफ फसलों की बोनी तेजी से आगे बढ़ी है।

कृषि विभाग के अनुसार इस खरीफ सीजन में 48.69 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में बोनी का लक्ष्य रखा गया है। इसके मुकाबले अब तक 41.25 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में बुआई पूरी हो चुकी है, जो लक्ष्य का करीब 85 प्रतिशत है।

कई जिलों में सामान्य से कहीं अधिक बारिश: राज्य स्तरीय वर्षा प्रतिवेदन के मुताबिक कई जिलों में सामान्य से काफी अधिक वर्षा दर्ज की गई है। सारंगढ़-बिलाईगढ़ 193.2 प्रतिशत वर्षा के साथ प्रदेश में पहले स्थान पर है। इसके बाद नारायणपुर में 153 प्रतिशत, महासमुंद में 146.7 प्रतिशत, रायपुर में 135 प्रतिशत, गरियाबंद में 134.3 प्रतिशत, जांजगीर-चांपा में 130.7 प्रतिशत, बलौदाबाजार में 124.1 प्रतिशत, बालोद में 123 प्रतिशत, धमतरी में 118.6 प्रतिशत, दुर्ग में 117 प्रतिशत, सक्ती में 115.7 प्रतिशत, बलरामपुर में 111.3 प्रतिशत वर्षा दर्ज की गई है।

बारिश थमने के बाद बढ़ा तापमान

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में बीते 24 घंटों के दौरान हल्की से मध्यम बारिश हुई। राजधानी रायपुर में पिछले 3 दिनों से तापमान 30 डिग्री के पार दर्ज किया जा रहा है। गर्मी और उसम से लोग परेशान हो रहे हैं। मौसम विभाग ने आज कई इलाकों में बारिश को लेकर संभावना बताई है। वहीं एक-दो स्थानों पर भारी वर्षा के साथ बादल गरजने-चमकने और बिजली गिरने की संभावना बन रही है। दो दिनों तक इसी तरह का मौसम रहने वाला है।

धान की बोनी ने पकड़ी रफ्तार-

कृषि विभाग के अनुसार अब तक धान, मक्का, कोदो, कुटकी, अरहर, मूंग, मूंगफली और रामतिल सहित विभिन्न खरीफ फसलों की बुआई हो चुकी है। धान की खेती के लिए इस वर्ष 38.78 लाख हेक्टेयर का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसके मुकाबले अब तक 34.91 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में धान की बोनी पूरी हो चुकी है।

रायपुर में मारपीट, सड़क हादसा और जुआ पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

11 मामलों में एफआईआर दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में अलग-अलग थाना क्षेत्रों में मारपीट, चाकूबाजी, सड़क दुर्घटना और जुआ के मामलों में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कुल 11 प्रकरण दर्ज किए हैं। इनमें एक महिला पर चाकू से हमला, छह वर्षीय बच्ची को सड़क हादसे में घायल करने, मारपीट की कई घटनाओं तथा जुआ खेलते 10 लोगों की गिरफ्तारी शामिल है।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ईमामबाड़ा के पास राताताला‍ब में घरेलू विवाद के दौरान बीच-बचाव करने पहुंची तबस्सुम खान पर जरयान खान उर्फबब्बू खान ने कथित रूप से गाली-गलौज करते हुए चाकू से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफमामला दर्ज किया है।

इसी थाना क्षेत्र के ताजनगर चौकी के पास एक अन्य मामले में प्रहलाद दीप पर बिना कारण विवाद कर राजेश बेहरा के साथ मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप है।

खमतराई थाना क्षेत्र के रावाभाठा में तेज और लापरवाही से बाइक चलाने वाले अज्ञात चालक ने घर के पास खेल रही छह वर्षीय बच्ची रिया साहू को टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गई। पुलिस अज्ञात वाहन चालक की तलाश कर रही है।

तेलीबांधा थाना क्षेत्र के मरीन ड्राइव गेट के पास नो-एंट्री में घुसी बाइक को रोकने पर आदित्य निर्मलकर और गौतम निषाद पर समीर डिडसेना से मारपीट और धमकी देने का आरोप लगा है।

राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र के महावीर नगर में पति के साथ टहल रही श्रीजा श्रीवास के पति से लखबीर सिंह ने विवाद कर मारपीट की। पुलिस ने संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया है।

कोतवाली थाना क्षेत्र में मोबाइल कवर दुकान संचालक मोहम्मद सैफ की शिकायत पर कासिम भाटी के खिलाफ जबरन सामान ले जाने का प्रयास, मारपीट और धमकी देने का मामला दर्ज किया गया।

उरला थाना क्षेत्र के बीरगांव शुक्रवार बाजार में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हुई।

रायपुर में दो अलग-अलग घटनाओं में महिला और अधेड़ ने की आत्महत्या

पुलिस जांच में जुटी

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के खमतराई थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग आत्महत्या की घटनाओं से इलाके में सनसनी फैल गई। एक ओर नवविवाहिता ने कथित रूप से फांसी लगाकर जान दे दी, वहीं दूसरी घटना में एक अधेड़ व्यक्ति ने अपने घर की छत पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। दोनों मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

पति ड्यूटी से लौटा तो फंदे पर लटकी मिली पत्नी- पहली घटना खमतराई थाना क्षेत्र के रामेश्वरनगर, भनपुरी की है। यहां 24 वर्षीय दुर्गा साहू ने शनिवार रात अपने किराए के मकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार, मृतका अपने पति कार्तिक साहू के साथ रहती थी, जो पेशे से ड्राइवर है।

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि शनिवार सुबह पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इसके बाद कार्तिक साहू ने पत्नी से मायके चले जाने की बात कही और काम पर निकल गया। दोपहर में दोनों की फोन पर बातचीत भी हुई थी।

नशे की हालत में रहने वाले अधेड़ ने भी लगाई फांसी- दूसरी घटना भी रामेश्वरनगर इलाके की है। गुरुदेव आटा चक्की के पास रहने वाले 54 वर्षीय ठाकुरराम साहू ने शनिवार और रविवार की दरम्यानी रात अपने मकान की छत पर नायलॉन की रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

रविवार सुबह उनकी पुत्री प्राची साहू छत पर गई तो पिता का शव फंदे से लटका मिला। उसने तत्काल परिजनों और पुलिस को सूचना दी।परिजनों ने पुलिस को बताया कि मृतक शराब पीने का आदी था और नशे की हालत में अक्सर घर में विवाद करता था।

अबुझमाड़ के 22 गांवों को तेन्दूपत्ता संग्रहण की नई पहल से मिला लाभ

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन की नई तेन्दूपत्ता संग्रहण नीति अबुझमाड़ के दूरस्थ गांवों के लिए राहत और रोजगार का नया माध्यम बन गई है। वर्ष 2026 में पहली बार असीमांकित क्षेत्रों में नए तेन्दूपत्ता फड़ खोले गए, जिससे ग्रामीणों को अपने गांव के पास ही तेन्दूपत्ता बेचने की सुविधा मिली। पहले ग्रामीणों को तेन्दूपत्ता बेचने के लिए दूर-दूर तक जाना पड़ता था। अब गांव के पास फड़ खुलने से उनका समय, श्रम और खर्च बचा है। साथ ही स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी बढ़े हैं। ग्रामीणों ने इस पहल पर खुशी जताते हुए कहा कि इससे उनकी आय बढ़ी है और काम करना पहले की तुलना में आसान हुआ है।

राज्य शासन ने वर्ष 2026 के लिए तेन्दूपत्ता की दर 5,500 रुपये प्रति मानक बोरा निर्धारित की है। इससे ग्रामीणों में तेन्दूपत्ता संग्रहण के प्रति उत्साह बढ़ा। ग्रामीणों की मांग पर वन मंत्री श्री केदार कश्यप के निर्देशानुसार अबुझमाड़ क्षेत्र में नए फड़ खोलने की प्रक्रिया तेज की गई। वन विभाग ने सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ से अनुमति प्राप्त की और संग्रहण कार्य शुरू कराया।

नकली डेयरी उत्पादों पर सख्त कार्रवाई: एनालॉग पनीर के निर्माण और बिक्री पर तत्काल रोक

रायपुर/नवप्रदेश। उपभोक्ताओं को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने की दिशा में राज्य शासन ने महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए एनालॉग पनीर तथा अन्य डेयरी एनालॉग उत्पादों के निर्माण, प्रसंस्करण, भंडारण, परिवहन, वितरण और विक्रय पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया है। इस संबंध में लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा अधिसूचना जारी की गई है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन, जिला गौरेला-पेंड्रा-मरवाही ने जिले के सभी खाद्य कारोबार संचालकों, डेयरी उत्पाद निर्माताओं, थोक एवं फुटकर विक्रेताओं से शासन के निर्देशों का अक्षरशः पालन करने की अपील की है।

धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत प्रदेश के 160 गांवों का होगा चयन

प्रत्येक ग्रामसभा को मिलेगी 15 लाख की स्वीकृति

रायपुर/नवप्रदेश। अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम-2006 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए राज्य सरकार ने धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत प्रदेश के 160 ग्रामों का चयन निर्धारित मापदंडों के आधार पर किया जाएगा। इन ग्रामों में सामुदायिक वन संसाधन (सीएफआर) के संरक्षण, संवर्धन और प्रबंधन के लिए सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन योजना (सीएफआरएमपी) तैयार कर लागू की जाएगी। अभियान के अंतर्गत प्रत्येक ग्रामसभा को सामुदायिक वन संसाधन संरक्षण एवं प्रबंधन योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए 15 लाख रूपए की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है।आदिम जाति विभाग द्वारा कलेक्टरों को लिखे पत्र में कहा गया है कि योजना के तहत प्रत्येक चयनित ग्रामसभा में सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन समिति का गठन किया जाएगा, जो ग्रामसभा के माध्यम से योजना के क्रियान्वयन और संचालन की जिम्मेदारी निभाएगी। इसके लिए ग्रामसभा के नाम पर राष्ट्रीयकृत बैंक में सिंगल करंट अकाउंट भी खोला गया है।

पत्र के माध्यम से कहा गया है कि राज्य सरकार ने जिलों से ऐसे 160 गांवों का चयन क्लस्टर आधारित और परस्पर जुड़े क्षेत्र के आधार पर प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए हैं, ताकि योजनाओं का प्रभावी संचालन सुनिश्चित किया जा सके।

पांच दिवसीय संभागीय सरस मेला का उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने किया उद्घाटन

ग्रामीण उद्यमिता का मार्ग है संभागीय सरस मेला: उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा

रायपुर/नवप्रदेश। कबीरधाम जिले के भोरमदेव मंदिर चौरा में आयोजित पांच दिवसीय संभागीय सरस मेला का उद्घाटन उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा द्वारा किया गया। इस दौरान स्व-सहायता समूहों की लखपति दीदियों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कहा कि संभागीय सरस मेला से ग्रामीण महिलाओं के स्वरोजगार को एक नई दिशा मिलती है तथा यह आयोजन ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में सहायक होता है।

सरस मेला में स्वदेशी, प्राकृतिक एवं गुणवत्तापूर्ण उत्पादों की भव्य प्रदर्शनी सह विक्रय हेतु संभागीय सरस मेला समूह की दीदियों के लिए सफलता के द्वार खोलेगा। संभागीय सरस मेला के उद्घाटन के दौरान अध्यक्ष छत्तीसगढ़ गौ सेवा आयोग श्री बिसेसर पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री ईश्वरी साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री

कैलाश चंद्रवंशी, जिला पंचायत सदस्य श्री राम कुमार भट्ट, श्री वीरेंद्र साहू, श्री लोकचंद साहू, श्री संतोष पटेल, श्री विदेशी राम धुर्वे, कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा, सीईओ जिला पंचायत श्री अभिषेक अग्रवाल, सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक जिले के अधिकारी गण, स्व सहायता समूह की दीदियों सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

ग्रामीण उद्यमिता का मार्ग है संभागीय सरस मेला: उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा

मेले में लगे स्टालों का उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने अवलोकन किया तथा महिला समूह से उनके उत्पादन के विषय में विस्तार से जानकारी ली। इस दौरान स्टॉल से खरीदी कर महिला समूह का हौसला बढ़ाया तथा उन्हें सफल व्यवसाय की शुभकामनाएं दी।

संभागीय सरस मेला के संबंध में कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने बताया कि मेले का आयोजन सावन माह में किया गया है जो 06 अगस्त की शाम तक चलेगा। विश्व प्रसिद्ध भोरमदेव मंदिर की पावन एवं ऐतिहासिक धरा पर आयोजित यह मेला केवल खरीदारी का अवसर नहीं बल्कि ग्रामीण उद्यमिता और महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। 50 से अधिक स्टॉलों के द्वारा एक ही छत के नीचे ताज़े एवं पौष्टिक मिलेट उत्पाद, स्वादिष्ट घरेलू खाद्य सामग्री, वनोपज आधारित अन्य स्थानीय उत्पादन मिल रहा है। हस्तशिल्प एवं हथकरघा सामग्री बाँस एवं बेंत से बने आकर्षक उत्पाद,घरेलू सजावटी वस्तुएँ, पारंपरिक परिधान तथा अनेक प्रकार के अन्य उपयोगी स्वदेशी सामग्रियों का विशाल भंडार विक्रय के लिए उपलब्ध होगा।

विश्व आदिवासी दिवस सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता संपन्न , 7 विद्यालयों के 400 विद्यार्थियों ने लिया भाग

चारामा/नवप्रदेश। विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर गोंडवाना युवा प्रभाग बड़ेगौरी (चारामा) द्वारा आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता 2026 का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कोटतरा, गाड़ागौरी, बड़ेगौरी, लीलेझर, मरकाटोला, मयाना एवं खैरवाही के विद्यालयों से लगभग 400 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता का आयोजन संबंधित विद्यालयों में शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित वातावरण में संपन्न हुआ। विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता एवं सामान्य ज्ञान का मूल्यांकन करने हेतु प्रश्नपत्र में जनरल नॉलेज, गणित (मैथ्स), रीजनिंग, हिंदी व्याकरण, छत्तीसगढ़ सामान्य ज्ञान, नवोदय/एकलव्य प्रवेश परीक्षा आधारित प्रश्न तथा ग्राम संरचना एवं स्थानीय परिवेश से संबंधित प्रश्न शामिल किए गए थे जिसमें समय अवधि 2 घंटे 100 अंको 100 प्रश्न, परिक्षा पश्चात् सभी

विद्यालयों के शिक्षकों को पर्यावरण संरक्षण हेतू युवा प्रभाग द्वारा पौधा प्रदान कर पौधा रोपण किया गया।

इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति रुचि विकसित करना, तार्किक सोच को बढ़ावा देना, सामान्य ज्ञान का विस्तार करना तथा अपनी संस्कृति, समाज और स्थानीय इतिहास के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

आयोजकों ने सभी विद्यालयों के प्राचार्यों, शिक्षकों, परीक्षा सहयोगियों एवं विद्यार्थियों का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के परिणाम शीघ्र घोषित किए जाएंगे, जबकि विजेता विद्यार्थियों को नगद पुरस्कार, मेडल एवं प्रमाण-पत्र का वितरण 15 अगस्त (स्वतंत्रता दिवस) के अवसर पर किया जाएगा। साथ ही प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को सहभागिता प्रमाण-पत्र भी प्रदान किए जाएंगे।

इस अवसर पर लोकेन्द्र कचलाम ब्लाक उपाध्यक्ष चारामा गोंडवाना युवा प्रभाग, कामेश्वर नेताम ब्लाक मिडिया प्रभारी चारामा, बोधी रावेन मण्ड़ावी क्षेत्रीय गोंडवाना युवा प्रभाग अध्यक्ष, नशीबा उसेंडी क्षेत्रीय गोंडवाना युवा प्रभाग उपाध्यक्ष

श्यामबती परचापी, दुर्गेश्वरी तेता क्षेत्रीय गोंडवाना युवा प्रभाग प्रवक्ता सौरभ कुमेटी क्षेत्रीय गोंडवाना युवा प्रभाग सचिव

रमाकांत कौड़ो क्षेत्रीय गोंडवाना युवा प्रभाग सलाहकार

रायसिंह गोटा गोंडवाना युवा प्रभाग अध्यक्ष भुनेश्वर जुर्री गोंडवाना युवा प्रभाग अध्यक्ष

अर्चना सेवता, सरोज कांगे, टोमेश्वरी सेवता, रोशनी कोमरा, कल्पुरानी कांगे, विभा पोटाई, पनेश्वरी तेता, गोमती नेताम, रंजना नेताम, प्रभा पोया, सुजाता पोया, दयाराम कुंजाम, तोरण पोया, चंद्रहास कांगे, हंसराज कोवाची, कोमल हिड़को, भुवन नेताम, लालचंद दुग्गा आदि उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

ज्ञानगुड़ी में एसएससी व रेलवे कोचिंग के लिए प्रवेश परीक्षा

जगदलपुर/नवप्रदेश। नीट, नर्सिंग और पीएटी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता दिलाने वाली बस्तर की ज्ञानगुड़ी अब एसएससी, छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मंडल और रेलवे भर्ती परीक्षाओं की निःशुल्क कोचिंग भी उपलब्ध कराएगी। कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देश पर शनिवार को जगतू माहरा शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई।120 सीटों के लिए आयोजित इस परीक्षा में 179 अभ्यर्थियों ने भाग लिया। जिला शिक्षा अधिकारी बी.आर. बघेल ने बताया कि चयनित विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए गुणवत्तापूर्ण निःशुल्क मार्गदर्शन दिया जाएगा,जिससे बस्तर सहित प्रदेश के अन्य जिलों के युवाओं को अपने क्षेत्र में रहकर सरकारी नौकरियों की तैयारी का बेहतर अवसर मिल सके। परीक्षा के सफल संचालन की जिम्मेदारी प्राचार्य रामकुमार बघेल और ज्ञानगुड़ी प्रभारी अलेक्जेंडर एम. चेरियन को सौंपी गई थी। आयोजन में शिक्षकों और शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने सहयोग किया। जिला प्रशासन का मानना है कि इस पहल से विशेषकर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के प्रतिभाशाली युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता का नया मंच मिलेगा।

स्वदेशी अपनाने का आह्वान,नगर पंचायत अध्यक्ष ने स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने की अपील

जगदलपुर/नवप्रदेश। नगर पंचायत अध्यक्ष नारायण ने नागरिकों से स्वदेशी उत्पादों को अपनाने तथा स्थानीय उद्यमों को प्रोत्साहित करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि स्वदेशी जागरण मंच एवं स्वावलंबी भारत अभियान का उद्देश्य स्थानीय कारीगरों, किसानों, छोटे व्यापारियों और युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना है। इसके लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति का सहयोग आवश्यक है।



उन्होंने कहा कि यदि नागरिक स्थानीय स्तर पर निर्मित वस्तुओं के उपयोग को प्राथमिकता देंगे तो इससे न केवल स्थानीय उद्योगों को मजबूती मिलेगी,बल्कि रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। इससे देश को आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प को भी नई गति मिलेगी। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करने और स्थानीय व्यापार को बढ़ावा देने का आह्वान किया।

पटवारियों की पदोन्नति और वेतन विसंगति दूर करने की मांग

कांकेर, 3 अगस्त। राजस्व पटवारी संघ छत्तीसगढ़, जिला शाखा कांकेर ने प्रदेश के पटवारियों की लंबित पदोन्नति प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ करने तथा वेतन निर्धारण में व्याप्त विसंगतियों के निराकरण की मांग को लेकर मुख्य सचिव, छत्तीसगढ़ शासन के नाम ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन कलेक्टर, उत्तर बस्तर कांकेर के माध्यम से प्रेषित किया गया। ज्ञापन में संघ ने कहा कि वर्तमान में पटवारियों की पदोन्नति के लिए कोई निश्चित समय-सीमा निर्धारित नहीं है। इसके कारण कई कर्मचारी पूरे सेवा काल में एक ही पद पर कार्य करते हुए सेवानिवृत्त हो जाते हैं। इससे कर्मचारियों के मनोबल, कार्यकुशलता और प्रशासनिक व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। संघ ने मांग की है कि पटवारियों की पदोन्नति के लिए स्पष्ट समय-सीमा निर्धारित की जाए तथा राजस्व निरीक्षक (आरआई) के रिक्त पद केवल पदोन्नति के माध्यम से भरे जाएं। साथ ही आरआई पदों पर सीधी भर्ती की व्यवस्था समाप्त करने की मांग भी उठाई गई है।

बिजली उत्पादन में अग्रणी राज्य होने के बावजूद जनता पर महंगी बिजली बिल का बोझ क्यों? - विश्रामसिह गावडे

कांकेर। कांग्रेस कमेटी जिला उत्तर बस्तर कांकेर के महामंत्री विश्रामसिह गावडे ने छत्तीसगढ़ सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि विडंबना है कि बिजली उत्पादन में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल छत्तीसगढ़ की जनता को ही महंगी बिजली का बोझ उठाना पड़ रहा है। जब प्रदेश बिजली उत्पादन में सक्षम है, तब आम उपभोक्ताओं को राहत देने के बजाय लगातार बढ़ते बिजली बिलों का सामना क्यों करना पड़ रहा है? उन्होंने कहा कि महंगाई से पहले ही परेशान गरीब, किसान, मजदूर, कर्मचारी और मध्यमवर्गीय परिवारों पर बिजली बिल का अतिरिक्त बोझ डालना जनविरोधी नीति का परिचायक है। सरकार को जनता को राहत देने के बजाय बिजली दरों और स्मार्ट मीटर जैसी व्यवस्थाओं को प्राथमिकता देने के कारण लोगों में असंतोष बढ़ रहा है। विश्रामसिह गावडे ने कहा कि पूर्व में लागू हाफबिजली बिल योजना से लाखों परिवारों को राहत मिली थी।

विवि भर्ती में अनियमितता का आरोप NSUI ने राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

- **भर्ती प्रक्रिया निरस्त कर केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो, विशेष जांच दल या प्रवर्तन निदेशालय से जांच की मांग**

जगदलपुर/नवप्रदेश। शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय की वर्ष 2025 की शैक्षणिक नियुक्तियों तथा वर्ष 2026 की भर्ती प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं को लेकर एनएसयूआई ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। संगठन ने आरोप लगाया कि भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता,आरक्षण नियमों तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के मानकों का पालन नहीं किया गया। ज्ञापन में भर्ती प्रक्रिया को तत्काल निरस्त कर केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो, विशेष जांच दल अथवा प्रवर्तन निदेशालय जैसी स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराने तथा दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है।

एनएसयूआई का आरोप है कि वर्ष 2025 की भर्ती में रोस्टर और आरक्षण नियमों का उल्लंघन किया गया। पीएचडी एवं कनिष्ठ अनुसंधान अध्येतावृत्ति (जेआरएफ) जैसी उच्च योग्यता रखने वाले अभ्यर्थियों को ÷उपयुक्त नहीं पाया गया÷ घोषित किया गया, जबकि अन्य अभ्यर्थियों का चयन कर लिया गया। चयन समिति के अनिवार्य कोरम में कमी, सक्षम स्वीकृति के बिना पदों के उन्नयन तथा चयन सूची सार्वजनिक किए बिना नियुक्तियां किए जाने जैसे आरोप भी लगाए गए हैं।

संगठन ने वर्ष 2026 की भर्ती प्रक्रिया पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि दावा-आपत्ति सूची में अभ्यर्थियों के नाम और प्राप्तांक के स्थान पर केवल आवेदन क्रमांक प्रकाशित किए गए हैं, जिससे प्रक्रिया की पारदर्शिता प्रभावित हुई है। एनएसयूआई ने पात्र-अपात्र अभ्यर्थियों की नाम सहित सूची सार्वजनिक करने की मांग की है।

मामले में तत्काल हस्तक्षेप की मांग की

एनएसयूआई ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उच्च शिक्षा मंत्री के नाम भी ज्ञापन सौंपकर मामले में तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। संगठन का कहना है कि निष्पक्ष जांच नहीं होने से युवाओं का उच्च शिक्षा व्यवस्था पर विश्वास कमजोर होगा।

एनएसयूआई बस्तर (शहर) जिलाध्यक्ष विशाल खम्बारी ने कहा कि बस्तर के युवाओं के भविष्य के साथ किसी भी प्रकार का अन्याय स्वीकार नहीं किया जाएगा। प्रदेश महासचिव मनोहर सेठिया ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और मेरिट आधारित होनी चाहिए तथा योग्य अभ्यर्थियों के साथ अन्याय होने पर सरकार को तत्काल निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करनी चाहिए।

ये रहे प्रमुख आरोप

एनएसयूआई ने ज्ञापन में वर्ष 2025 और 2026 की भर्ती प्रक्रियाओं में आरक्षण नियमों के उल्लंघन,चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी,चयन सूची सार्वजनिक नहीं करने, आवेदन क्रमांक के आधार पर दावा-आपत्ति आमंत्रित करने तथा पूरी प्रक्रिया की स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराने की मांग की है। संगठन ने दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई और योग्य अभ्यर्थियों को न्याय दिलाने की मांग भी उठाई है।

युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा का बस्तर दौरे पर

चारामा/नवप्रदेश। युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा संगठन चुनाव को लेकर बस्तर दौरे पर हैं। बस्तर के प्रवेश द्वार चारामा आगमन पर कांग्रेस नेताओं और समर्थकों ने आतिशबाजी, फूल-मालाओं के साथ उनका जोरदार स्वागत किया।इसके बाद चारामा विश्राम गृह में बैठक आयोजित की गई। बैठक में युवा कांग्रेस के आगामी संगठन चुनाव को लेकर चर्चा हुई। चारामा ब्लॉक सरपंच संघ के उपाध्यक्ष एवं युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष पद के प्रत्याशी जय प्रकाश गावड़े ने बैठक की जानकारी साझा की।इसके बाद वरिष्ठ कांग्रेस नेता ठाकुर राम कश्यप एवं जनपद उपाध्यक्ष चारामा ने सभी का स्वागत करते हुए पिछले संगठन चुनाव की यादें साझा कीं। उन्होंने आकाश शर्मा के पिछले कार्यकाल और संगठन चुनाव के दौरान किए गए कार्यों का उल्लेख करते हुए बताया कि उस समय काफी संघर्ष और अथक प्रयास के बाद कांकेर जिले से अधिकतम वोट दिलाए गए थे। उन्होंने कहा कि युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने लगातार मेहनत की थी और इस बार भी उसी तरह चुनाव की तैयारी की जा रही है।

प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना

भोलेनाथ की विशेष पूजा भाजपा झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ ने किया कार्यकर्ताओं ने प्रभु से पूजन-अर्चन,जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना

जगदलपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष एवं जगदलपुर विधायक किरण देव के सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना को लेकर भाजपा झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ ने जवाहर नगर,मेटगुड़ा डोगरी में भगवान भोलेनाथ की विशेष पूजा-अर्चना की। कार्यकर्ताओं ने भगवान शिव से प्रार्थना करते हुए किरण देव के जल्द पूर्णतः स्वस्थ होने और पूर्व की तरह संगठन व जनसेवा के कार्यों में सक्रिय होने की कामना की।

कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारियों ने कहा कि सभी कार्यकर्ता उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना कर रहे हैं और विश्वास है कि वे जल्द ही स्वस्थ होकर संगठन का नेतृत्व पुनः संभालेंगे। इस अवसर पर मंडल उपाध्यक्ष शशिनाथ पाठक,राकेश तिवारी, जिला संयोजक (झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ) संतोष त्रिपाठी, सहसंयोजक अतुल कौशल, कोषाध्यक्ष चंद्रप्रकाश शुक्ला,सह कोषाध्यक्ष विकास जोशी,सोशल मीडिया प्रभारी मनीष सकलेचा,सह प्रभारी संजय गुप्ता,जिला योजना प्रभारी खोलेश्वर पाणिग्रही,मन की बात कार्यक्रम प्रभारी रणजीत सिंह बिसेन सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

ड्यूटी पर तैनात महिला डॉक्टर और स्टाफनर्स से अभद्रता के विरोध में एट्रोसिटी एक्ट के तहत कार्रवाई की मांग

भानुप्रतापपुर/नवप्रदेश। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भानुप्रतापपुर में ड्यूटी के दौरान महिला डॉक्टर एवं स्टाफ नर्स के साथ कथित गाली-गलौज और अभद्र व्यवहार के मामले में अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ (अ.ज.जा.शा.से.वि. संघ) ने कड़ा विरोध जताते हुए दोषियों के विरुद्ध एट्रोसिटी एक्ट के तहत कार्रवाई की मांग की है।

संघ ने थाना प्रभारी भानुप्रतापपुर, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) तथा आजाक थाना कांकेर को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि 01 अगस्त 2026 की रात लगभग 1:30 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में ड्यूटी पर मौजूद महिला डॉक्टर एवं स्टाफ नर्स के साथ कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा अभद्र व्यवहार एवं गाली-गलौज की गई। संघ का कहना है कि रात्रिकालीन ड्यूटी के दौरान अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रही महिला स्वास्थ्यकर्मियों के साथ इस प्रकार का व्यवहार अत्यंत निंदनीय है।

संघ ने मांग की है कि मामले में शामिल आरोपियों के विरुद्ध अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम सहित अन्य प्रासंगिक धाराओं के तहत कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।संघ ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि 08 अगस्त 2026 तक दोषियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई नहीं की जाती, तो 09 अगस्त 2026 को विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर अ.ज.जा.शा.से.वि. संघ एवं सर्व आदिवासी समाज द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा। संघ ने कहा है कि ऐसी स्थिति में उत्पन्न होने वाली परिस्थितियों की सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

बारिश के दौरान पुल के ऊपर जल स्तर बढ़ने पर राहगीरों की आवाजाही बंद

समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

कांकेर/नवप्रदेश। समय-सीमा की साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन आज सुबह कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर की अध्यक्षता में जिला कार्यालय के सभाकक्ष में किया गया। इस दौरान उन्होंने वर्तमान में बारिश के दौरान ऐसे संवेदनशील पुल-पुलियों पर आवाजाही तत्काल प्रभाव से बंद कराने के निर्देश दिए, जिन पर जल का स्तर पुल के ऊपर आ चुका हो। उन्होंने सभी अनुविभागीय अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने कहा कि ग्रामीण अथवा राहगीर अपनी जान जोखिम में डालकर पुल कदापि पार न करें। साथ ही ऐसे स्कूल, जहां बारिश के दौरान आवाजाही खतरनाक हो, उन स्कूलों के विद्यार्थियों व शिक्षकों को नजदीक के स्कूल में बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित कराने व अध्यापन कार्य कराने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए, जहां सुगमता से पहुंचा जा सके।

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आज सुबह आयोजित समय-सीमा बैठक में कलेक्टर श्री क्षीरसागर ने आगामी स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर एसआईआर तथा जनगणना कार्य में उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले कर्मचारियों को सम्मानित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने स्वतंत्रता दिवस के सफल आयोजन के लिए सभी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्टर ने सुशासन तिहार के दौरान प्राप्त आवेदनों के अब तक लंबित होने पर नाराजगी जाहिर करते हुए इसे गंभीरता से नहीं लेने वाले अधिकारियों के खिलाफअनुशासनात्मक कार्यवाही करने के लिए भी निर्देशित किया। उन्होंने प्रधानमंत्री पोर्टल, मुख्यमंत्री जनदर्शन, सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता से गुणवत्तापूर्वक निराकरण करने के निर्देश सभी अधिकारियों को दिए। इसके अलावा ई-ऑफिस, ई-अटेंडेंस का नियमित रूप से उपयोग करने हेतु सभी अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर ने बस्तर मुन्ने, सुशासन तिहार तथा नियद नेल्लानार योजना के तहत प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

इसी तरह ज्ञान भारतम पांडुलिपि, निष्क्रिय एवं डीफ बैंक एकाउंट, प्रधानमंत्री आवास योजना, खनिज न्यास निधि के तहत निर्माण कायों, नेल्लानार पंचायतों में विकास कार्य, विशेष केंद्रीय सहायता मद के तहत स्वीकृत कार्य, ग्राम स्वराज अभियान, आयुष्मान वय वंदना, स्मार्ट मीटर सहित राजस्व विभाग में लंबित एग्रीस्टैक पंजीयन के प्रकरणों में तेजी लाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इसी तरह मलेरिया की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा आवश्यक दवाइयां की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के भी निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दिए। बैठक में जिला पंचायत के सीईओ श्री हरेश मंडावी ने बस्तर मुन्ने अभियान के तहत ग्रामीणों को सभी ज रूरी दस्तावेज तैयार कर वितरित करने के लिए शीघ्र कार्यवाही करने हेतु अधिकारियों आवश्यक निर्देश दिए।

नशामुक्त युवा ही बनाएंगे विकसित भारत: लिलेझर में जागरूकता

चारामा/नवप्रदेश। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ, शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर के निर्देशानुसार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लिलेझर में 2 अगस्त 2026 को ÷नशामुक्त युवाङ्कविकसित भारत निर्माण÷ के संदेश के साथ विविध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

कार्यक्रम के तहत एनएसएस स्वयंसेवकों एवं विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बैनर, पोस्टर और जागरूकता नारों के साथ ग्राम भ्रमण किया। विद्यार्थियों ने ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए नशामुक्त समाज के निर्माण का संदेश दिया। इसके बाद विद्यालय परिसर में शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं

विद्यार्थियों को नशामुक्त समाज और सशक्त भारत के निर्माण की शपथ दिलाई गई।

एनएसएस स्वयंसेवकों ने विद्यालय एवं आसपास के क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया। इसके पश्चात नशामुक्त विकसित भारत विषय पर सभा का आयोजन किया गया। विद्यालय के व्याख्याता विजय राय ने नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं पारिवारिक दुष्परिणामों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने जागरूकता गीत ÷नशा न करना, मान ले कहना, प्यारे भाई-बहना, होगी बड़ी खराबी÷ प्रस्तुत कर विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया।

एनएसएस के पूर्व कार्यक्रम अधिकारी एवं प्राचार्य लखन लाल ठाकुर, राजेश कोमरा तथा राजेश महावीर ने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहकर स्वस्थ एवं जिम्मेदार नागरिक बनने तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम अधिकारी अवध मंडावी ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। यदि युवा नशे से दूर रहकर शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और रचनात्मक गतिविधियों से जुड़ेंगे, तो देश को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य निश्चित रूप से मजबूत होगा। उन्होंने कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, एनएसएस स्वयंसेवक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संदेशः÷नशे से दूरी–युवाओं की मजबूती, स्वस्थ समाज और विकसित भारत की गारंटी

शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर पुलिस की सख्ती

पाखंजुर/नवप्रदेश। सड़क सुरक्षा को लेकर पाखंजुर पुलिस ने शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ विशेष अभियान तेज कर दिया है। देर रात चलाए गए अभियान के दौरान पुलिस ने ब्रेथ एनालाइज़र से जांच कर कई वाहन चालकों को नशे की हालत में वाहन चलाते हुए पकड़ा। कार्रवाई के बाद प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किए गए, जहां संबंधित वाहन चालकों पर 10 हजार रुपये तक का जुर्माना लगाया गया। पुलिस ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि शराब के नशे में वाहन चलाने वालों के विरुद्ध आगे भी सख्त कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी। अधिकारियों ने कहा कि नशे में वाहन चलाना न केवल चालक के लिए, बल्कि अन्य लोगों के जीवन के लिए भी गंभीर खतरा है।

कॉमन सर्विस सेंटर और ई-डिस्ट्रिक्ट सेवाओं के विस्तार से ग्रामीणों को मिलेगा लाभ

सहकारिता सचिव प्रसन्ना का औचक निरीक्षण

रायगढ़/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में राज्य सरकार सहकारिता क्षेत्र को सशक्त, आधुनिक और किसान हितैषी बनाने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है।

इसी क्रम में सहकारिता विभाग के सचिव डॉ सी.आर. प्रसन्ना ने रायगढ़ जिले के प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति कोतरा (पंजीयन क्रमांक-20) का औचक निरीक्षण कर समिति के संचालन, किसानों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं तथा विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की। इस अवसर पर कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, सीईओ जिला पंचायत अभिजीत बबन पठारे तथा उप आयुक्त सहकारिता भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान सहकारिता सचिव डॉ सी.आर.प्रसन्ना ने समिति के कार्यालयीन व्यवस्थाओं, अभिलेखों, किसानों को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं, भंडारण व्यवस्था एवं विभिन्न सहकारी गतिविधियों का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों को केवल ऋण वितरण तक सीमित न रखते हुए उन्हें बहुउद्देशीय ग्रामीण सेवा केंद्र के रूप में विकसित किया जाना आवश्यक है, ताकि किसानों को कृषि से जुड़ी अधिकतम सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध हो सकें और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिले। सचिव प्रसन्ना ने विश्व की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना के अंतर्गत

रायगढ़ जिले में निर्माणाधीन तीन गोदामों की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, निर्धारित समय-सीमा तथा तकनीकी मानकों का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आधुनिक भंडारण सुविधाओं के विकसित होने से किसानों की उपज सुरक्षित रहेगी तथा उन्हें बेहतर विपणन एवं उचित मूल्य प्राप्त करने में सुविधा होगी। सचिव डॉ प्रसन्ना ने राष्ट्रीय सहकारिता विकास निगम की योजनाओं के माध्यम से समितियों में आयवर्धक गतिविधियों, कृषि अधोसंरचना तथा अन्य व्यावसायिक गतिविधियों का तेजी से विस्तार करने के निर्देश दिए।

किसानों की उपज सुरक्षित रहेगी

सहकारिता सचिव ने विश्व की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना के तहत जिले में निर्माणाधीन गोदामों की प्रगति की समीक्षा करते हुए गुणवत्ता और समयबद्ध निर्माण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आधुनिक गोदामों से किसानों की उपज सुरक्षित रहेगी और उन्हें बेहतर बाजार व उचित मूल्य मिलेगा। सचिव ने समितियों में कॉमन सर्विस सेंटर की सभी सेवाएं शुरू करने तथा ई-डिस्ट्रिक्ट आईडी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, ताकि ग्रामीणों को सरकारी और डिजिटल सेवाएं स्थानीय स्तर पर मिल सकें।

न्यूज गैलरी

मित्रता दिवस पर मंदिर में पूजा-अर्चना संस्कार और एकता का संदेश

जशपुर/नवप्रदेश। मित्रता दिवस के अवसर पर शहर के एक मित्र समूह ने अनूठी और प्रेरणादायी पहल करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत मंदिर में सामूहिक पूजा-अर्चना एवं प्रार्थना से की। सभी सदस्यों ने एक समान परिधान धारण कर भगवान से सभी के सुख, समृद्धि और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इसके बाद सौहार्दपूर्ण वातावरण में मित्रता दिवस का आयोजन किया गया।आयोजकों ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य केवल मित्रता दिवस मनाना नहीं, बल्कि समाज को यह संदेश देना था कि किसी भी उत्सव की शुरुआत आध्यात्मिकता, अनुशासन, संस्कार और आपसी एकता के साथ की जा सकती है। उनका कहना था कि सच्ची मित्रता वही है, जो जीवन में सकारात्मक सोच, पारस्परिक सहयोग, सद्भाव और अच्छे संस्कारों को बढ़ावा दे।कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं ने मित्रता को केवल उत्सव तक सीमित न रखकर सामाजिक उत्तरदायित्व और नैतिक मूल्यों से जोड़ने का संकल्प लिया। आयोजन के माध्यम से युवाओं ने समाज में प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता का संदेश दिया।आयोजकों ने विश्वास व्यक्त किया कि इस प्रकार के सकारात्मक आयोजन युवाओं को मित्रता के वास्तविक मूल्यों से जोड़ने के साथ-साथ समाज में सद्भाव, अनुशासन और सकारात्मक सोच को भी प्रोत्साहित करेंगे।

महुआ शराब समेत बाइक जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार

रायगढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर के निर्देशन एवं सहायक आयुक्त आबकारी अभिषेक तिवारी के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग द्वारा जिले में अवैध शराब के निर्माण, परिवहन एवं विक्रय के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में प्राप्त शिकायत के आधार पर आबकारी विभाग ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से अवैध महुआ शराब एवं एक मोटरसाइकिल जब्त की है। आबकारी विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 28 जुलाई 2026 को आबकारी वृत्त रायगढ़ (दक्षिण) अंतर्गत आबकारी जांच चौकी रेंगालपाली में वाहनों की सघन जांच के दौरान ग्राम कोसमंदा, थाना पुसौर निवासी शशि सिदार को लाल रंग की हीरो डिलक्स मोटरसाइकिल से कनकतुरा से पुसौर की ओर 06 लीटर ओडिशा निर्मित महुआ शराब का अवैध परिवहन करते हुए पकड़ा गया। जब्त शराब का बाजार मूल्य लगभग 1,200 रुपये आंका गया है। इसी कार्रवाई के दौरान ग्राम तेतला, थाना पुसौर निवासी कन्हैया पटेल को उसके रिहायशी मकान से 5.050 लीटर महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। जब्त शराब का बाजार मूल्य लगभग 1,010 रुपये बताया गया है। दोनों आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा के तहत प्रकरण दर्ज कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक याजेन्द्र मेहर, आबकारी मुख्य आरक्षक दिनेश्वर सिंह कंवर तथा महिला आबकारी आरक्षक समिता चक्रेश की भूमिका रही। आबकारी विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध शराब के कारोबार के विरुद्ध अभियान आगे भी इसी तरह निरंतर जारी रहेगा।

मलेरिया प्रभावित क्षेत्रों की सतत् निगरानी रखें, प्रशासन अलर्ट

रायगढ़/नवप्रदेश। मानसून के मौसम में मलेरिया एवं अन्य मच्छरजनित रोगों के संभावित प्रसार की आशंका के मद्देनजर जिला प्रशासन ने सतर्कता बढ़ा दी है। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने स्वास्थ्य, नगरीय निकाय, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास सहित संबंधित विभागों को समन्वित रूप से रोकथाम, निगरानी, स्वच्छता एवं जनजागरूकता अभियान संचालित करने के निर्देश दिए हैं। अभियान का उद्देश्य संभावित जोखिम वाले क्षेत्रों में समय रहते प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करना, संक्रमण की श्रृंखला को प्रारंभिक स्तर पर ही रोकना तथा आमजन को मलेरिया एवं अन्य मच्छरजनित रोगों से सुरक्षित रखना है। कलेक्टर ने कहा कि मलेरिया की रोकथाम के लिए प्रत्येक विभाग अपनी जिम्मेदारी का गंभीरता से निर्वहन करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए फील्ड स्तर पर नियमित निगरानी रखी जाए तथा किसी भी क्षेत्र में मलेरिया के संभावित मामलों की सूचना मिलने पर तत्काल आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में मलेरिया जांच किट, आवश्यक दवाइयों एवं उपचार संबंधी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने, संदिग्ध मरीजों की समय पर जांच एवं उपचार करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही स्वास्थ्य दलों को ग्रामीण एवं संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित भ्रमण कर संभावित मरीजों की पहचान, रक्त जांच, आवश्यक उपचार तथा जनजागरूकता गतिविधियां संचालित करने को कहा गया है।

निधन

ललित शर्मा

बाराद्वार/नवप्रदेश। नगर के प्रतिष्ठित नागरिक ललित शर्मा का 58 वर्ष की आयु में 2 अगस्त को निधन हो गया। उनकी अंतिम संस्कार रविवार को किया गया। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड गये। वे नंदकिशोर शर्मा, अशोक शर्मा, संजय शर्मा के भाई एवं शिवम शर्मा के पिता थे।

पुसौर में क्लब क्लस्टर प्रशिक्षण आयोजित, शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षण के दिए गए टिप्स

विद्यार्थियों के लिए उपचारात्मक शिक्षण की व्यवस्था करने पर जोर

रायगढ़/नवप्रदेश। शासकीय विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता और विद्यार्थियों के सीखने के स्तर को बेहतर बनाने के उद्देश्य से विकासखंड पुसौर में शनिवार को क्लब क्लस्टर बैठक सह प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी श्यामानंद साहू के निर्देशन एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी भुवनेश्वर पटेल के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रशिक्षण में शिक्षकों को राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की भावना के अनुरूप नवाचार आधारित शिक्षण, मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान (एफएलएन) को मजबूत करने तथा शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। प्रशिक्षण में शिक्षकों से विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ शासकीय स्कूलों के प्रति अभिभावकों का विश्वास बढ़ाने के लिए भी विशेष प्रयास करने का आह्वान किया गया।संयुक्त संकुल जतरी, पुसल्दा और तेतला के

प्राथमिक विद्यालयों में कक्षा चौथी में हिंदी पढ़ाने वाले शिक्षकों के लिए संकुल केंद्र पुसल्दा में प्रशिक्षण आयोजित किया गया। मास्टर ट्रेनर आरती साहू ने बगीचे का घोंघा कहानी के माध्यम से बच्चों की सहभागिता बढ़ाने और प्रभावी शिक्षण पद्धति पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा-2005 के उद्देश्यों, कक्षागत गतिविधियों तथा मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान के लक्ष्यों को प्राप्त करने के व्यावहारिक तरीकों पर चर्चा की गई। प्रशिक्षण के दौरान विकासखंड शिक्षा अधिकारी भुवनेश्वर पटेल ने शिक्षकों को समय पर विद्यालय पहुंचने, वीएसके ऐप पर नियमित उपस्थिति दर्ज करने, पाठ्यक्रम का समयबद्ध संचालन, दैनंदिनी लेखन तथा सीखने के प्रतिफलों के आधार पर अध्यापन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पिछड़े विद्यार्थियों के लिए उपचारात्मक शिक्षण की व्यवस्था करने पर विशेष जोर दिया। साथ ही शासकीय विद्यालयों की गुणवत्ता सुधारकर निजी विद्यालयों की ओर जाने वाले विद्यार्थियों को सरकारी स्कूलों में आकर्षित करने के लिए ठोस प्रयास करने की बात कही। इस अवसर पर उन्होंने पुसल्दा में निर्माणाधीन हाई स्कूल भवन का निरीक्षण कर कार्य की गुणवत्ता बनाए रखने और नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश भी दिए।

प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए नियमित अभ्यास कराए

संकुल कोंडातराई, सुर्री और तेलीपाली के शिक्षकों के प्रशिक्षण का भी अवलोकन किया। उन्होंने शिक्षकों को विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण अध्यापन के साथ विद्यार्थियों को नवोदय, एकलव्य और उत्कर्ष जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए नियमित अभ्यास कराने तथा प्रत्येक शनिवार को विशेष तैयारी सत्र आयोजित करने के निर्देश दिए। प्रशिक्षण में तीनों संकुलों के शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ संकुल शैक्षिक समन्वयक सालिक राम नायक, राज किशोर स्वर्णकार, जयनंद, दिनेश कुमार प्रधान, चिंतामणि गुप्ता, संकुल प्राचार्य जयप्रसाद पटेल सहित कुल 17 शिक्षक उपस्थित रहे।

घर-घर अभियान चलाकर स्मार्ट मीटर का विरोध करेगी कांग्रेस

सक्ती/नवप्रदेश। नगर कांग्रेस अध्यक्ष राकेश राठौर के नेतृत्व में मासिक बैठक स्थानीय रेस्ट हाऊस में हुई इस बैठक में आंदोलन की रणनीति तैयार की गई। बढ़ी हुई दरों को वापस लेने की मांग: कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार बिजली दरों में बढ़ोतरी कर जनता पर आर्थिक बोझ डाल रही है।

स्मार्ट मीटरों को उपभोक्ताओं के शोषण का जरिया बताते हुए इस योजना को तुरंत रद्द करने की मांग की गई। 400 यूनिट हाफ योजना बहाल हो: पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की '400 यूनिट हाफ बिजली बिल योजना' को पुन: लागू करने की मांग की गई। मासिक बैठक में या निर्णय लिया गया की नगर में घर-घर जाकर लोगों को स्मार्ट मीटर न लगवाने के लिए जागरूक करने और इसका पुरजोर विरोध करने की बात कही गई। घर-घर संपर्क अभियान (2 अगस्त से शुरू): वार्ड क्रमांक 16 से इस अभियान की शुरुआत की गई है। बुत कार्यकर्ता सभी वार्डों में जाकर बिजली उपभोक्ताओं से सीधा संवाद करेंगे और आवेदन फॉर्म भरवाएंगे। महंगे बिजली बिलों से परेशान जनता की समस्याओं के फोटो और वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड किए जाएंगे।ब्लॉक और जिला स्तर पर एकत्र किए गए आवेदनों को लेकर स्थानीय बिजली कार्यालयों का घेराव किया जाएगा और पावती मुख्यमंत्री के नाम भेजी जाएगी।

प्राकृतिक आपदाओं से निपटने अधिकारियों की जिम्मेदारी तय

रायगढ़/नवप्रदेश। वर्षा ऋतु के दौरान संभावित प्राकृतिक आपदाओं एवं आपात परिस्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की गई हैं।

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन नीति के अनुरूप जिला स्तर पर इंसीडेंट रिस्पांस सिस्टम को सक्रिय करते हुए विभिन्न अधिकारियों को दायित्व सौंपे हैं। कलेक्टर ने आदेश जारी कर समस्त गतिविधियों के लिए सहायक कलेक्टर गोकुल आर.के. को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। वहीं अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अपूर्व प्रियेश टोप्पो को इंसिडेंट कमांडर नियुक्त कर आपदा प्रबंधन से संबंधित गतिविधियों के निर्देशन, नियंत्रण एवं समन्वय की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वे उपलब्ध संसाधनों के अनुरूप कार्ययोजना तैयार कर राहत एवं बचाव कार्यों के प्रभावी संचालन के लिए आवश्यक समन्वय सुनिश्चित करेंगे। इंसिडेंट कमांडर की अनुपस्थिति में प्रभारी अधिकारी आपदा प्रबंधन एवं संयुक्त कलेक्टर पूजा बंसल इंसिडेंट कमांडर के दायित्वों का निर्वहन करेंगी। जारी आदेश के अनुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनी को सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था से संबंधित जिम्मेदारी दी गई है। वे प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था, संभावित जोखिमों के आकलन एवं आवश्यक समन्वय का कार्य करेंगे। वहीं डिप्टी कलेक्टर धनराज मरकाम को विभिन्न विभागों, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ एवं अन्य संबंधित एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित करने का दायित्व सौंपा गया है।

नि:शुल्क नेत्र रोग, मोतियाबिंद जांच व परामर्श शिविर आज

बाराद्वार/नवप्रदेश। सामाजिक सेवा के क्षेत्र में सक्रिय मारवाडी युवा मंच जागृति शाखा बाराद्वार के तत्वाधान में आगामी 4 अगस्त को स्थानीय अग्रसेन भवन में नि:शुल्क नेत्र रोग मोतियाबिंद जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शाखा की पदाधिकारियों ने बताया कि एमजीएम नेत्र संस्थान रायपुर के सहयोग से 4 अगस्त को सुबह 9.30 बजे से दोपहर 3.30 बजे तक स्थानीय अग्रसेन भवन में नेत्र रोग शिविर का आयोजन किया गया हैं, जिसमें सभी वर्गो के लोग उपस्थित होकर अपनी आंखो की

जांच नि:शुल्क करा सकते है। नि:शुल्क नेत्र रोग मोतियाबिंद जांच एवं परामर्श शिविर में मोतियाबिंद की जांच, निदान, मशीन द्वारा आंखो की जांच एवं आवश्यकतानुसार चश्मा वितरण सहित विभीन्न सुविधाये आयोजन समिति के द्वारा नि:शुल्क उपलब्ध कराई जायेगी। शिविर में एमजीएम अस्पताल रायपुर से विशेषज्ञ डॉक्टरो की टीम की उपस्थिति में अत्याधुनिक मशीनों से आंख की जांच, मोतियाबिंद की जांच, आंखो के नंबर की जांच कर चश्मा दिया जायेगा एवं आर्थिक रूप से कमजोर मरिजो का नि:शुल्क मोतियाबिंद का आपरेशन रायपुर में कराया जायेगा। वही शिविर में जांच कराने हेतू अग्रिम पंजीयन कराने हेतू मारवाड़ी युवा मंच महिला जागृति शाखा की अध्यक्ष प्राची जिंदल, उपाध्यक्ष ममता अग्रवाल, सचिव नेहा सांवडिया, कोषाध्यक्ष दिव्या केडिया, सहसचिव राखी बंसल एवं आयोजन समिति के सदस्यो से संपर्क किया जा सकता है।

अवैध रेत उत्खनन करते लोडर व 10 ट्रैक्टर जब्त, चालक भागे

रायगढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर के निर्देशन में जिले में अवैध खनिज उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध लगातार सख्त अभियान चलाया जा रहा है। ग्राम बारभौना में रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन की शिकायत पर खनिज विभाग और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नदी से 10 ट्रैक्टर एवं एक ट्रैक्टर-लोडर जब्त किया। कार्रवाई के दौरान वाहन चालक अपने वाहन मौके पर छोड़कर फरार हो गए। ग्राम बारभौना में नदी से अवैध रूप से रेत उत्खनन एवं परिवहन किए जाने की शिकायत प्राप्त होने पर खनिज विभाग एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम तत्काल मौके पर पहुंची। निरीक्षण के दौरान नदी क्षेत्र में अवैध रूप से रेत का उत्खनन एवं परिवहन करते हुए कुल 10 ट्रैक्टर तथा एक ट्रैक्टर-लोडर पाया गया। टीम को देखते ही वाहन चालक अपने-अपने वाहन मौके पर छोड़कर भाग निकले।

जागरूकता रैली, नुक्कड़ नाटक से नशामुक्ति का अलख जगाया

राहौद/नवप्रदेश। भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय तथा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत के साथ किया गया मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के संचालक दीपक कश्यप डॉ कनक सिंहा प्राचार्य डॉ निर्मल वर्मा रहे।कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति

जागरूक करना तथा उन्हें स्वस्थए जिम्मेदार एवं राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय में नशा मुक्ति के लिए निबंध प्रतियोगिता कराया गया जिसमें निबंध में कंचन कैवर्त्य रूपाली,ज्योति रानू, हर्षिता, श्वेता ने भाग लिया उसके बाद पोस्टर के माध्यम से चित्र बनाकर नशा मुक्त के बारे में जागरूक किया गया जिसमें इन स्वयंसेवक एवं सेविका ने भाग लिया श्वेता, हिमाद्रि, ज्योति पटेल, सुलोचना, सुनील, हर्षिता, रूपाली, रश्मि, चंद्रहासिनी, कंचन, नंदनी, प्रशांत उसके बाद भाषण प्रतियोगिता कराया गया इनमें भाग लेने वाले स्वयंसेवक एवं सेविका है जितेंद्र,चंद्रहासिनी, हेमलता, गोमेश्वरी। महाविद्यालय के परिसर से बिलारी चौक तक एक विशाल जनजागरूकता रैली निकाली गई। रैली में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को नशा मुक्ति से अवगत कराया नुक्कड़ नाटक में निधि, जितेंद्र, नरेंद्र, प्रशांत, अमन,रोशन, ऋषि इन स्वयंसेवक एवं सेविका ने भाग लिया । रैली में शिक्षक एवं प्रशिक्षार्थियों ने हाथों में जागरूकता संदेशों से युक्त तख्तियां लेकर लोगों को नशामुक्त समाज बनाने का संदेश दिया। रैली के दौरान विद्यार्थियों ने नशा छोड़ो जीवन जोड़ो तथा नशामुक्त भारत विकसित भारत जैसे प्रेरक नारों के माध्यम से आमजन को जागरूक किया।

अभियान

नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान का शुभारंभ

नशामुक्ति की दिलाई शपथ, 109 सप्ताह तक चलेगा जनजागरूकता अभियान

रायगढ़/नवप्रदेश। युवाओं को नशे की प्रवृत्ति से दूर रखकर स्वस्थ, जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनाने के उद्देश्य से भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय तथा माय भारत के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को राष्ट्रव्यापी नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान का शुभारंभ किया गया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नशामुक्त भारत एवं विकसित भारत संकल्प अभियान का शुभारंभ करते हुए देशभर के युवाओं को ऑनलाइन संदेश दिया। उन्होंने नशामुक्त भारत और विकसित भारत के निर्माण का आह्वान करते हुए युवाओं से नशे के खिलाफ जनआंदोलन खड़ा करने का आह्वान किया। इसी क्रम में रायगढ़ जिले में कलेक्टोरेट परिसर स्थित सृजन सभाकक्ष में अभियान का शुभारंभ किया गया।

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में सहायक कलेक्टर गोकुल आर.के. ने महाविद्यालयों, विद्यालयों, एनसीसी एवं अन्य शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थियों को नशामुक्त भारत की शपथ दिलाई। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे स्वयं नशे से दूर रहें तथा अपने परिवार, मित्रों और समाज को भी इसके

दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करें, ताकि स्वस्थ और सशक्त समाज के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभा सकें। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के उद्बोधन का सीधा प्रसारण भी देखा गया। अपने संदेश में प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा, जब देश का युवा स्वस्थ, ऊर्जावान और नशामुक्त होगा। उन्होंने युवाओं से सामाजिक उत्तरदायित्व निभाते हुए नशे के विरुद्ध जनजागरण अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस अवसर पर जिला खेल अधिकारी प्रतिमा सागर, समाज कल्याण विभाग से सुशील सिंह, महाविद्यालय एवं विद्यालयों के शिक्षक तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशेषज्ञों एवं अधिकारियों ने नशे के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, सकारात्मक सोच विकसित करने तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय सहभागिता निभाने का संदेश दिया। युवाओं की सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से जागरूकता आधारित विभिन्न गतिविधियों का भी आयोजन किया गया।

प्रधानमंत्री ने दिया नशामुक्त भारत का संदेश

भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय तथा माय भारत के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को 'नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान' की शुरुआत की गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑनलाइन संबोधन के माध्यम से देशभर के युवाओं से नशे के खिलाफ जनआंदोलन खड़ा करने का आह्वान किया। रायगढ़ में कलेक्टोरेट स्थित सृजन सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में सहायक कलेक्टर गोकुल आर.के. ने विद्यार्थियों को नशामुक्त भारत की शपथ दिलाई। उन्होंने युवाओं से स्वयं नशे से दूर रहने और अपने परिवार व समाज को भी इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने की अपील की। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के संबोधन का सीधा प्रसारण भी देखा गया।

बेलपत्र, धतूरा और पुष्प अर्पित कर भक्तों ने मांगा सुख-समृद्धि का आशीर्वाद

मुंगेली/नवप्रदेश। जिलेभर में पवित्र श्रावण मास के पहले सोमवार का पर्व अत्यंत हर्षोल्लास, श्रद्धा और भक्तिमय माहौल के साथ मनाया गया। पर्व के पहले दिन सुबह से ही शहर से लेकर ग्रामीण अंचल तक के शिवालयों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारों से पूरा जिला शिवमय हो गया।

सावन के पहले सोमवार को लेकर शिव भक्तों में गजब का उत्साह देखने को मिला। आज सुबह से ही मंदिरों के पट खुलते ही श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी कतारें लगनी शुरू हो गई थीं। महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों ने कतारबद्ध होकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। जिले के प्रसिद्ध प्राचीन शिव मंदिर खेमगिर बाबा, खर्राघाट स्थित शिव मंदिर सहीत ग्रामीण क्षेत्रों के शिवालयों तथा नदी तटों पर स्थित मंदिरों में विशेष सजावट की गई थी। भक्तों ने भगवान शिव को बेलपत्र, धतूरा, आक के फूल, भांग, चंदन, दूध, गंगाजल और पंचामृत अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिरों में उमड़ने वाली भारी भीड़ को देखते हुए और मंदिर समितियों द्वारा सुरक्षा और दर्शन के विशेष इंतजाम किए गए थे। प्रमुख मार्गों पर यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखा गया ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

सावन के पहले दिन मंदिरों में गूंजने वाले रुद्राष्टक, शिव महिम्न स्त्रोत और महामृत्युंजय मंत्र के पाठ से पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत नजर आया। कई शिवालयों में विशेष रुद्राभिषेक और महाआरती का आयोजन भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लेकर प्रसाद ग्रहण किया। सावन के इस पहले सोमवार ने यह साफ कर दिया कि इस पूरे मास में मुंगेली जिले का कोना-कोना शिव भक्ति के रंग में सराबोर रहने वाला है। कावडियों नें शिव का जलाभिषेक भी किया।

भोलेनाथ की भक्ति में डूबे श्रद्धालु

सावन का पवित्र महीना 30 जुलाई से प्रारम्भ हो गया है। प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़ी संख्या में जिले सहित आसपास के ग्रामीण इलाके से कावड़ यात्री जल लेकर सेतगंगा, भोरमदेव और अमरकंटक में भोले नाथ के दर्शन व जलाभिषेक करने के लिए प्रस्थान कर रहे है। पवित्र मास के तीसरे दिन श्रीराम जानकी मंदिर सेतगंगा के समीप शिव मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही भगवान भोलेनाथ के दर्शन व जलाभिषेक के लिए शिव भक्तों का पहुँचाना शुरू हो गया था।

न्यूज गैलरी

डायल-112 बनी संकटमोचक, पीड़ित को मिला समय पर उपचार

मुंगेली/नवप्रदेश। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के मार्गदर्शन में संचालित डायल-112 सेवा द्वारा एक बार फिर मानवता एवं संवेदनशील पुलिसिंग का परिचय देते हुए सर्पदंश से पीड़ित एक व्यक्ति की समय रहते सहायता की गई। 1 अगस्त को रात्रि 9.21 बजे डायल-112 टीम में पदस्थ आरक्षक उमेश मानिकपुरी एवं चालक लोचन यादव को थाना से सूचना प्राप्त हुई कि सेतगंगा स्वास्थ्य केंद्र में एक सर्पदंश पीड़ित व्यक्ति को लाया गया है, पुलिस टीम द्वारा बिना विलंब के सहायता करते हुये डायल-112 टीम द्वारा तत्काल सर्पदंश पीड़ित कोमल साहू, पिता धनेश साहू, निवासी भूमियापारा, थाना फास्टरपुर को सुरक्षित वाहन में लेकर शीघ्र जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जिससे उसे समय पर चिकित्सकीय उपचार उपलब्ध हो सका। जिले की डायल-112 टीम नागरिकों की सुरक्षा, सहायता एवं विश्वास को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निरंतर कार्य कर रही है। मुंगेली पुलिस का डायल-112 केवल आपातकालीन पुलिस सहायता तक सीमित नहीं है, बल्कि जरूरतमंद एवं संकटग्रस्त नागरिकों की सहायता के लिए सदैव तत्पर रहकर मानवीय सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण है।

हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजा प्राचीन शिव मंदिर, उमड़ी भक्तों की भीड़

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। सावन माह की शुरुआत के साथ ही शहर के शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी है। हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से मंदिर परिसर गूंज रहे हैं। भक्त सुबह से ही भगवान शिव का जल, दूध, बेलपत्र, धतूरा और पुष्प से अभिषेक कर सुख-समृद्धि, स्वास्थ्य और खुशहाली की कामना कर रहे हैं। शहर के करीब 60 वर्ष पुराने प्राचीन शिव मंदिर में सावन के पहले सोमवार से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन-पूजन के लिए पहुंच रहे हैं। श्रद्धालुओं के अनुसार शंकर घाट से पवित्र जल लेकर कांवरियों का जत्था जयपुर क्षेत्र स्थित प्रसिद्ध कैलाश गुफा के लिए रवाना होता है। पहाड़ों के बीच स्थित शिवलिंग पर जलाभिषेक करने की यह वर्षों पुरानी परंपरा आज भी पूरी श्रद्धा के साथ निभाई जा रही है। मंदिर के पुजारी अवधेश मिश्रा ने बताया कि सावन के प्रत्येक सोमवार हजारों भक्त मंदिर पहुंचते हैं। पूरे सावन विशेष पूजा-अर्चना, रुद्राभिषेक और धार्मिक अनुष्ठान होंगे। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर परिसर में आवश्यक व्यवस्थाएं भी की गई हैं।

शिवमय हुआ, शोभायात्रा के साथ बाबा बैद्यनाथ धाम रवाना हुए कांवरिए

कुनकुरी/नवप्रदेश। सावन के पावन सोमवार को भगवान शिव के प्रति अटूट आस्था और भक्ति का अनुपम दृश्य कुनकुरी नगर में देखने को मिला। बोल बम कांवरिया संघ, कुनकुरी के तत्वावधान में बाबा बैद्यनाथ धाम की कांवड़ यात्रा के लिए श्रद्धालुओं का विशाल जत्था भव्य बाजे-गाजे, आकर्षक भगवा वेशभूषा एवं 'हर-हर महादेव' तथा 'बोल बम' के गगनभेदी जयघोष के साथ पूरे नगर का भ्रमण करते हुए बाबा बैद्यनाथ धाम के लिए रवाना हुआ।शोभायात्रा के दौरान पूरा नगर शिवमय वातावरण में रंगा नजर आया। शिवभक्त कंधों पर कांवड़ लेकर भजन-कीर्तन करते हुए आगे बढ़ रहे थे। संतोष गुप्ता, दीपक हेडा हंसराज राव, के साथ नगरवासियों ने विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं का पुष्पवर्षा एवं जयघोष के साथ स्वागत किया तथा उनकी मंगलमय यात्रा की कामना की।इस पावन यात्रा का नेतृत्व कार्तिक गुप्ता, राकेश साहू, जीवन चटर्जी, मयूर गर्ग, अखिलेश साहू, पारस साहू, पूरन गुप्ता, बॉबी ताम्रकार, अमन राठौर, राहुल खत्री, सुखमणि चंद्राकर एवं शोभा बजाज ने किया। श्रद्धालुओं ने बाबा बैद्यनाथ से समस्त क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं राष्ट्र के कल्याण की प्रार्थना की।

सर्किट हाउस में पौधरोपण, कलाकारों ने दिया 'एक देश-एक पौधा' का संदेश

अंबिकापुर/नवप्रदेश। सरगुजा सिने आर्ट एसोसिएशन एवं भारतीय कलाकार संघ नें अंबिकापुर स्थित सर्किट हाउस परिसर में भव्य पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से 'एक देश-एक पौधा, एक व्यक्ति-एक पौधा' अभियान का संदेश जन-जन तक पहुंचाया गया। उपस्थित कलाकारों ने आम नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में पौधे लगाने एवं पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरगुजा सिने आर्ट एसोसिएशन के संरक्षक डॉ. डी.के. सोनी ने कहा कि पेड़ हमारे जीवन का अभिन्न अंग हैं।

बिजली दर वृद्धि और स्मार्ट मीटर के खिलाफ कांग्रेस का बड़ा आंदोलन, दो महीने चलेगा अभियान

जनता से आपत्ति पत्र भरवाकर सरकार पर दबाव बनाएगी कांग्रेस

मुंगेली/नवप्रदेश। छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर राज्य में लगातार बढ़ रहे बिजली के दामों, स्मार्ट मीटर की अनिवार्यता और चार सौ यूनिट तक मिलने वाली बिजली बिल हॉफयोजना को बंद किए जाने के विरोध में एक व्यापक और उग्र जन-आंदोलन का ऐलान किया है। पार्टी के जिला कार्यालय में आयोजित एक महत्वपूर्ण पत्रकार वार्ता के दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने राज्य की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि सरकार आम जनता पर लगातार आर्थिक बोझ लादने का काम कर रही है, जिसे अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कांग्रेस पार्टी के इस ऐलान के बाद से जिले की राजनीतिक सरगर्मी काफी तेज हो गई है।

आंदोलन की रूपरेखा की जानकारी देते हुए कांग्रेस के जिलाध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने बताया कि इस विरोध प्रदर्शन की शुरुआत हो चुकी है, जिसमें बिजली की बढ़ी कीमतों को तुरंत वापस लेने की पुरजोर मांग उठाई गई है। इसी कड़ी में आगामी दो अगस्त से कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर जाकर स्मार्ट मीटर हटाने के लिए आवेदन भरवाने का सघन अभियान शुरू किया जाएगा। इसके साथ ही आम जनता के माध्यम से बिजली के दाम बढ़ाने के विरोध में आपत्ति पत्र भी भरवाए जाएंगे, जो अगले दो महीनों तक निरंतर जारी रहेगा। दो महीने की इस जन-व्यापक प्रक्रिया के पश्चात, जिलों में एकत्र किए गए सभी आवेदनों को लेकर प्रदेशभर के बिजली कार्यालयों का घेराव किया जाएगा और सभी प्राप्त ज्ञापनों की पावती ली जाएगी। इसके अगले चरण में, सभी जिलों से प्राप्त पावतियों के साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री जो कि स्वयं ऊर्जा विभाग का जिम्मा भी संभाल रहे हैं,उनके आधिकारिक निवास का जोरदार घेराव किया जाएगा। कांग्रेस का स्पष्ट कहना है कि यदि सरकार ने समय रहते उचित निर्णय नहीं लिया तो आंदोलन को और अधिक तीव्र किया जाएगा। कांग्रेस पार्टी का आरोप है कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद से लगातार पांचवीं बार बिजली के दाम बढ़ाए गए हैं। हाल ही में जुलाई माह के दौरान घरेलू उपभोक्ताओं के लिए दाम में तीस से पचास पैसे, गैर-घरेलू श्रेणी में बीस से चालीस पैसे तथा कृषि पंपों की बिजली दरों में चालीस पैसे प्रति यूनिट की बढ़ोतरी की गई है। इसके अतिरिक्त, बारह प्रतिशत विद्युत ईंधन अधिभार यानी एमपीपीएस के रूप में भी जनता की जेब पर अतिरिक्त डाका डाला गया है। कांग्रेस के आंकड़ों के मुताबिक, भाजपा शासन आने के बाद से अब तक कुल 30.23 प्रतिशत बिजली महंगी हो चुकी है, जबकि इसके विपरीत पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने अपने पांच साल के कार्यकाल में केवल दो पैसे की मामूली बढ़ोतरी की थी और चार सौ यूनिट तक बिजली बिल हॉफ योजना का लाभ जनता को मिल रहा था। स्मार्ट मीटर के मुद्दे पर सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कांग्रेस ने कहा कि स्मार्ट मीटर के जरिए खपत अधिक होने का झूठा बहाना बनाकर उपभोक्ताओं की बिना सहमति के उनका अनुबंध भार यानी कॉंट्रैक्ट डिमांड बढ़ा दिया जा रहा है। कांग्रेस ने संसद में केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर द्वारा अप्रैल 2026 में दिए गए उस बयान का भी हवाला दिया, जिसमें स्पष्ट किया गया था कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर किसी भी उपभोक्ता पर जबरन नहीं थोपे जा सकते और यह पूरी तरह वैकल्पिक व्यवस्था है। बिना उपभोक्ता की सहमति या अनुमति के सामान्य मीटर को स्मार्ट मीटर में बदलना पूरी तरह गैर-कानूनी है, ऐसे में छत्तीसगढ़ की जनता पर इसे जबरिया क्यों थोपा जा रहा है, यह एक बड़ा सवाल है। पार्टी ने स्पष्ट शब्दों में मांग की है कि बिजली के बढ़े हुए दाम तत्काल प्रभाव से घटाए जाएं, चार सौ यूनिट तक बिजली बिल हॉफ योजना को पुनः लागू किया जाए और स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया को पूरी तरह वापस लिया जाए। कांग्रेस का तर्क है कि उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु जैसे राज्यों में वहां की सरकारों ने जनहित को सर्वोपरि रखते हुए स्मार्ट मीटर वापस लेने का निर्णय लिया है, उसी तर्ज पर छत्तीसगढ़ सरकार को भी बिना किसी देरी के जनहित में स्मार्ट मीटर की इस बाध्यता को समाप्त करना चाहिए। पत्रकार वार्ता मे पूर्व जिलाध्यक्ष श्याम जायसवाल संजीत बनर्जी थानेश्वर साहू पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष हेमेन्द्र गोस्वामी, मीडिया प्रभारी नवनीत शुक्ला, महामंत्री श्रीनिवास ठाकुर, दिलीप बंजारा, अरविन्द वैष्णव, रोहित शुक्ला, अनीता विश्वकर्मा,सहीत बडी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थें।

भाजपा सरकार के कार्यकाल में पांचवीं बार बिजली दरों में बढ़ोतरी

कांग्रेस ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में पांचवीं बार बिजली दरों में बढ़ोतरी की गई है। पार्टी के अनुसार जुलाई में घरेलू, गैर-घरेलू और कृषि उपभोक्ताओं की बिजली दरों में वृद्धि के साथ 12 प्रतिशत विद्युत ईंधन अधिभार भी लगाया गया है, जिससे आम उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ा है। कांग्रेस का दावा है कि भाजपा सरकार बनने के बाद अब तक बिजली 30.23 प्रतिशत महंगी हो चुकी है, जबकि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने केवल दो पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की थी और 400 यूनिट तक हॉफ बिजली बिल योजना लागू थी। स्मार्ट मीटर को लेकर कांग्रेस ने आरोप लगाया कि बिना उपभोक्ताओं की सहमति के मीटर बदले जा रहे हैं और अधिक खपत बताकर भारी-भरकम बिल भेजे जा रहे हैं।

साइबर ठगी से बचाव और महिला बाल सुरक्षा पर किया जागरूक

मुंगेली/नवप्रदेश। पहल अभियान के तहत फास्टरपुर एवं रविंद्र हाई स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लगभग 700 छात्र-छात्राओं को यातायात नियम, राहगीर योजना, पीएम राहत योजना, साइबर सुरक्षा, पॉक्सो अधिनियम एवं नवीन आपराधिक कानूनों की जानकारी दी गई। साथ ही वृक्षारोपण किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के निर्देशन में जिले भर में संचालित पहल अभियान के अंतर्गत 1 अगस्त को फास्टरपुर हाई स्कूल एवं रविंद्र हाई स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को कानून, यातायात सुरक्षा, साइबर अपराधों से बचाव एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति जागरूक करना।

कार्यक्रम में पुलिस विभाग से उप निरीक्षक लक्ष्मण खूंटे द्वारा लगभग 700 छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने तथा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु आवश्यक सावधानियों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस अवसर पर उप निरीक्षक लक्ष्मण खूंटे, विद्यालय के प्राचार्य, समस्त शिक्षकगण, आरक्षक प्रकाश चंद्रवंशी, आरक्षक मुकेश राजपूत तथा दोनों विद्यालयों के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

सीईओ हटाओ, नहीं तो तालाबंदी! सरपंचों ने कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। पंचायत स्तर पर हुई प्रशासनिक कार्रवाई के विरोध में सोमवार को सरपंचों का आक्रोश फूट पड़ा।

बड़ी संख्या में सरपंच अंबिकापुर कलेक्ट्रेट पहुंचे और जनपद पंचायत अंबिकापुर के सीईओ राजेश सिंह सेंगर के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सरपंच संघ ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर सीईओ को तत्काल पद से हटाने, पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।सरपंच संघ का आरोप है कि शौचालय निर्माण में कथित गड़बड़ी का मामला चिताबहर पंचायत से जुड़ा है, लेकिन कार्रवाई सराई टिकरा पंचायत के सरपंच रामसाय मिंज के खिलाफ की गई। संघ का दावा है कि गलत व्यक्ति के विरुद्ध जांच रिपोर्ट तैयार कर गिरफ्तारी कराई गई, जबकि वास्तविक दोषियों को बचाने का प्रयास किया गया। इस कार्रवाई से पंचायत प्रतिनिधियों में भारी नाराजगी है। प्रदर्शन के दौरान सरपंच संघ के पदाधिकारियों ने जनपद पंचायत सीईओ पर निर्माण कार्यों में कथित कमीशनखोरी के गंभीर आरोप भी लगाए। संघ ने इन आरोपों की स्वतंत्र जांच कराने की मांग की है। हालांकि, आरोपों को लेकर संबंधित अधिकारी की ओर से फिलहाल कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

पदोन्नति-वेतन वृद्धि की मांग पर पटवारी हड़ताल पर

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। पदोन्नति, वेतन वृद्धि और सेवा संबंधी विभिन्न मांगों को लेकर अंबिकापुर के पटवारी सोमवार से सामूहिक अवकाश पर चले गए। पटवारियों की हड़ताल के कारण सप्ताह के पहले ही दिन राजस्व विभाग का कामकाज प्रभावित रहा।

नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा सहित आय, जाति और निवास प्रमाण पत्र के लिए जरूरी राजस्व प्रतिवेदन जैसे कार्यों पर भी इसका असर पड़ा। पटवारियों का कहना है कि वे लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर शासन का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। कई बार ज्ञापन सौंपने के बावजूद मांगों पर ठोस निर्णय नहीं होने के कारण उन्हें आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा। हड़ताली पटवारियों ने कहा कि मांगों पर गंभीरता से विचार कर समाधान नहीं निकाला गया तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। इसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। हड़ताल का सीधा असर आम नागरिकों पर पड़ रहा है।

'जेन जेड अगेंस्ट एडिक्शन' अभियान: युवाओं ने लिया नशामुक्त भारत निर्माण का संकल्प

मुंगेली/नवप्रदेश। युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से बचाकर स्वस्थ, जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनाने के उद्देश्य से रविवार को पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी विद्यालय, दाऊपारा में 'जेन जेड अगेंस्ट एडिक्शन-नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान' के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला प्रशासन, शिक्षा विभाग, खेल एवं युवा कल्याण विभाग तथा राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक पुन्नूलाल मोहले ने विद्यार्थियों और एनएसएस स्वयंसेवकों को नशामुक्ति की शपथ दिलाते हुए कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज तीनों के लिए घातक है।

उन्होंने युवाओं से अपनी ऊर्जा शिक्षा, खेल, नवाचार और राष्ट्र निर्माण में लगाने का आह्वान किया। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल रावटे ने नशा मुक्ति को जनआंदोलन बनाने पर बल दिया, जबकि भाजपा जिलाध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी ने युवाओं से अभियान को गांव-गांव तक पहुंचाने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री के संबोधन का सीधा प्रसारण किया गया। विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशे के सामाजिक, मानसिक और शारीरिक दुष्परिणामों का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। अधिकारियों ने बताया कि यह राष्ट्रीय अभियान अगले 100 सप्ताह तक प्रत्येक रविवार संचालित होगा। कार्यक्रम में करीब 300 एनएसएस स्वयंसेवकों एवं विद्यार्थियों ने भाग लिया और सभी ने नशामुक्त समाज के निर्माण का सामूहिक संकल्प लिया। समारोह में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, शिक्षकों और राष्ट्रीय सेवा योजना के पदाधिकारियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

पेज 1 का शेष...

बृजमोहन-कटारिया विवाद : लोकसभा...

बृजमोहन अग्रवाल के समर्थन में सामने आए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर एक प्रशासनिक अधिकारी के इस कथित व्यवहार पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि अगर किसी प्रशासनिक अधिकारी का व्यवहार किसी सांसद के साथ इस तरह का हो सकता है, तो यह लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए गंभीर विषय है।

कई महीनों तक जवाब नहीं मिलने का आरोप- बृजमोहन अग्रवाल ने शिकायत में कहा है कि स्वास्थ्य विभाग से जुड़े जनहित के मुद्दों और अपने संसदीय क्षेत्र की समस्याओं को लेकर उन्होंने स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया को कई पत्र लिखे, लेकिन महीनों बीतने के बाद भी कोई जवाब नहीं मिला। उनका आरोप है कि यह एक निर्वाचित जनप्रतिनिधि के प्रति गैर-जिम्मेदाराना रवैया है और संविधान के अनुच्छेद-105 के तहत मिले उनके विशेषाधिकारों का उल्लंघन है।

'पीके' के आगे सब...

के भिखाभाई रबारी को हराया। तीनों सीटों पर 30 जुलाई को वोटिंग हुई थी। बिहार के पटना में जन सुराज कार्यकर्ताओं में जश्न का माहौल है। वहीं वडोदरा में भाजपा समर्थकों ने जीत का जश्न मनाया। दतिया में कांग्रेस ने जीत में पटाखे फोड़े।

सुको में जजों की संख्या...

कि इस वर्ष एक जनवरी तक उच्चतम न्यायालय में 92,101 मामले लंबित थे। उस स्थिति में दिक्कत होती है जब बड़ी संविधान पीठों का गठन किया जाता है, तो न्यायाधीशों की संख्या की आवश्यकता अधिक महसूस होती है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि कुछ समय पहले सबरीमला मामले में नौ न्यायाधीशों की पीठ गठित की गई थी तो उसमें न्यायाधीशों की संख्या बढ़ाने की जरूरत महसूस हुई थी।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 2019 से उच्चतम न्यायालय 34 न्यायाधीशों की लगभग पूर्ण स्वीकृत क्षमता के साथ कार्य कर रहा है। इसके बावजूद वर्ष 2025 में 75,410 नए मामले दर्ज हुए, जबकि 65,615 मामलों का ही निस्तारण हो सका। नए मामलों के पंजीकरण और अंतिम निस्तारण के बीच लगातार बना अंतर दर्शाता है कि विशेषकर पुराने तथा बड़ी पीठों के समक्ष लंबित मामलों के प्रभावी प्रबंधन की चुनौती बनी हुई है। न्यायाधीशों की संख्या बढ़ने से लंबित मामलों के बोझ को कम करने और नियमित रूप से संविधान पीठों का गठन करने में सुविधा होगी।

मिहिला पहलवान यौन...

दिया था। बृजभूषण तब डब्ल्यूएफआई प्रेसिडेंट थे। आरोप था कि नाबालिग समेत 6 महिला पहलवानों ने बृजभूषण के खिलाफ शिकायत की थी, इसमें एक नाबालिग थी। लेकिन कोई एफआईआर दर्ज नहीं हुई। सुप्रीम कोर्ट के दखल के बाद अप्रैल 2023 में एफआईआर दर्ज की गई। बाद में नाबालिग पहलवान ने शिकायत वापस ले ली थी।

स्टूडेंट्स पर केस नहीं, 2700 अपराधियों...

प्रधान के इस्तीफे के बाद यह प्रदर्शन खत्म कर दिया गया था।

जिन जवानों ने सख्ती की, उन्हें न बचाएं : सुप्रीम कोर्ट

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को उन याचिकाओं पर सुनवाई की, जिनमें 20 जुलाई के संसद मार्च के दौरान पुलिस पर बर्बरता का आरोप लगाया गया है। वकील वृंदा ग्रोवर ने पूछा कि क्या प्रदर्शनकारियों के खिलाफ दर्ज एफआईआर वापस ली जाएंगी या रद्द की जाएंगी। इस पर मेहता ने कहा कि कानूनी तौर पर जो भी तरीका सही हो, सरकार अपने वादे पर कायम है।

पीएम को अपशब्द कहने वाली...

रूप से माफी मांगने और स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इस पूरे विषय पर बड़प्पन दिखाते हुए बच्चों को माफ करने की बात कहे जाने के बाद दी गई है। हालांकि, इस पूरे घटनाक्रम पर संवेदनशीलता दिखाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक वीडियो संदेश के माध्यम से कहा कि वे 'भटके हुए बच्चों' को दिल से माफ करते हैं। पीएम मोदी ने समाज से भी अपील करते हुए कहा कि बच्चों को अदालतों और पुलिस के चक्कर में डालने से स्थितियां नहीं बदलेंगी, बल्कि उन्हें सही मार्गदर्शन देकर सुधारने की आवश्यकता है। पीएम के इस उदार रुख के बाद दिल्ली पुलिस ने एफआईआर पर आगे कोई भी दंडात्मक कार्रवाई न करने का निर्णय लिया।

ज्ञानेश्वरी को 30 लाख और...

199 किलोग्राम वजन उठाकर ज्ञानेश्वरी ने न केवल देश के लिए पदक जीता, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित किया है। यह उपलब्धि प्रदेश के खेल इतिहास में स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्लासगो रवाना होने से पहले उन्हें ज्ञानेश्वरी से मिलने का अवसर मिला था। उस समय उन्होंने उनके उज्ज्वल प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी थीं। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीतने के बाद उन्होंने वीडियो कॉल के माध्यम से भी उन्हें बधाई दी थी।

सावन में शिव जलाभिषेक की परंपरा और पहले कांवड़िए का पौराणिक इतिहास

नई दिल्ली। सावन का महीना प्रारंभ हो चुका है। सावन माह में लाखों भक्त भगवा वस्त्र धारण किए हुए और नंगे पैर चलते हुए 'हर हर महादेव' का जयकारा लगाते हुए नजर आते हैं। सावन में कांवड़िए कंधों पर सुंदर सजी कांवड़ लेकर लंबी दूरी की यात्रा तय करते हैं और गंगा नदी या अन्य किसी पवित्र नदी से जल एकत्रित करते हैं और फिर भगवान शिव का उसका जलाभिषेक करते हैं। कांवड़ यात्रा को भगवान शिव के प्रति भक्ति, श्रद्धा और सेवा का प्रतीक माना जाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि सावन में ही कांवड़ यात्रा क्यों निकाली जाती है, जानें किसने पहली बार उठाई थी पहली बार कांवड़।

पौराणिक कथाओं में सावन में ही कांवड़ लाने के पीछे का कारण समुद्र मंथन और 'विष' की शीतलता से जुड़ा है। कथा के अनुसार, सावन महीने में देवताओं और असुरों ने समुद्र मंथन किया था। उसमें से निकले भयंकर विष (हलाहल) से सृष्टि को बचाने के लिए भगवान शिव ने उसे अपने कंठ में धारण कर लिया था। विष के कारण भगवान शिव का शरीर बहुत ज्यादा तपने लगा। विष का प्रभाव इतना तेज था का उनका कंठ नीला पड़ गया। यही कारण है भगवान शिव को 'नीलकंठ' भी कहा जाता है।

भगवान शिव के शरीर की जलन और ताप को कम करने के लिए देवी-देवताओं ने उन पर जल अर्पित किया था। जल अर्पित करने के कारण भगवान शिव का शरीर ठंडा हो गया और उन्हें विष से राहत मिली थी। इसी मान्यता के कारण सावन महीने में पवित्र नदियों से जल लाकर भगवान शिव का अभिषेक किया जाता है।

पहला कावड़िया कौन था, किसने शुरू की थी कांवड़ यात्रा:

कांवड़ यात्रा से जुड़ा एक प्रश्न सावन महीने में चर्चा में रहता है कि आखिर सबसे पहले यह यात्रा किसने प्रारंभ की थी। हालांकि इस प्रश्न का कोई ठोस उत्तर नहीं है। हिंदू धर्म के अलग-अलग ग्रंथों में कांवड़ यात्रा के प्रारंभ को लेकर कई कथाएं और मान्यताएं प्रचलित हैं। हालांकि पौराणिक कथाओं और लोक मान्यताओं के अनुसार भगवान परशुराम को पहला कांवड़िया माना जाता है। यहां पढ़ें कांवड़ यात्रा की शुरुआत को लेकर प्रचलित पौराणिक कथाएं और अलग-अलग मान्यताएं:

भगवान परशुराम:

मान्यता है कि भगवान परशुराम ने सबसे पहले गढ़मुक्तेश्वर से कांवड़ में जल लेकर उत्तर प्रदेश के बागपत स्थित पुरा महादेव स्थित शिवलिंग का जलाभिषेक किया था। भगवान परशुराम को भगवान शिव का परम भक्त माना जाता है। आज भी सावन के महीने में भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए लाखों की संख्या में शिव भक्त पुरा महादेव पहुंचते हैं।

भगवान श्रीराम:

एक अन्य कथा के अनुसार, त्रेतायुग में भगवान राम ने माता सीता और लक्ष्मण जी के साथ बिहार के सुल्तानगंज से गंगाजल लाकर देवघर स्थित वैद्यनाथ धाम में शिवलिंग पर चढ़ाया था।

लंकापति रावण:

पौराणिक कथा के अनुसार, समुद्र मंथन के वक्त सृष्टि को बचाने के लिए जब भगवान शिव ने विष का सेवन किया, तो उनका शरीर तपने लगा था। रावण को भगवान शिव का परम भक्त माना जाता है। मान्यता है कि शिव भक्त रावण ने कांवड़ में गंगाजल लाकर भगवान शिव का जल से अभिषेक किया था, जिससे उन्हें विष की जलन से राहत मिली थी।

श्रवण कुमार:

एक अन्य मान्यता श्रवण कुमार से भी जुड़ी है। पौराणिक कथा के अनुसार, श्रवण कुमार ने एक बार अपने अंधे माता-पिता को कांवड़ में बिठाकर तीर्थ यात्रा कराई थी और वापसी में गंगाजल लाकर उनका तर्पण किया था।

पेपर लीक के खिलाफ चन्नी का प्रदर्शन 'अनुशासनहीनता' करार



Navdeep Singh (Babbu Brar)
M. 95172-00009, 98143-51065
email: nsbrarfdk@yahoo.com

President
Distt. Congress Committee
District Faridkot
Dt. 28/07/2026

To
Sh. Bhupesh Baghel Ji
General Secretary, AICC
In-charge, Punjab.

Subject: Request to Stop Indiscipline in District Congress Faridkot.

Respected Sir,

With due respect, I wish to draw your kind attention to a serious issue of indiscipline in the District Congress Committee, Faridkot created by Kushaldeep Singh Kikki Dhillon, who claims to be Halka incharge of Faridkot where as in our party there is no such concept.

The District Congress Committee, Faridkot already has planned a protest on 31st July against the Punjab paper leak issue. However, Sh. Kushaldeep Singh Dhillon, Ex MLA from Faridkot (In 2022 assembly elections, he finished third & have major charges of corruption again him) has independently organized a separate protest tomorrow without consulting or coordinating with the District Congress Committee. He neither follows the directions of the DCC nor participates in its meetings. He consistently projects himself as being above the organization and its discipline.

He has also released posters announcing that Sh. Charanjit Singh Channi Ji and Sh. Partap Singh Bajwa Ji will participate in his protest (copy enclosed). This appears to be a deliberate attempt to portray the Congress Party as a divided house. It is pertinent to mention that you had earlier issued a notice to him on the issue of indiscipline.

Sir, I has been appointed as District Congress Committee President under the Sangathan Srijan Abhiyan initiated by our respected leader Sh. Rahul Gandhi Ji, who has consistently emphasized empowering District Presidents and strengthening the organisation at the grassroots level. If

चंडीगढ़/ए.। अगले साल की शुरुआत में विधानसभा चुनाव होने हैं और पंजाब कांग्रेस की अंदरूनी कलह एक बार फिर खुलकर सामने आ गई है। पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के नेतृत्व में एक दिन पहले फरीदकोट में फार्मासिस्ट पेपर लीक मामले में हुए प्रोटेस्ट को जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने अनुशासनहीनता करार दिया है। फरीदकोट जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नवदीप सिंह ने पंजाब प्रभारी भूपेश बघेल को चिट्ठी लिखकर पूर्व विधायक कुशलदीप सिंह किक्की ढिल्लों पर पार्टी अनुशासन तोड़ने के आरोप लगाए हैं। हालांकि, चिट्ठी में चन्नी का नाम नहीं लिखा है, पूर्व विधायक कुशलदीप सिंह ढिल्लों पर अनुशासनहीनता के आरोप लगाए गए हैं। चिट्ठी में दावा किया गया है कि जिला कांग्रेस कमेटी ने 31 जुलाई को पंजाब पेपर लीक मामले पर विरोध प्रदर्शन की योजना बनाई थी, लेकिन किक्की ढिल्लों ने जिला नेतृत्व से बिना किसी सलाह-मशविरा के अलग से प्रदर्शन का ऐलान कर दिया। पत्र में यह भी आरोप लगाया गया है कि किक्की ढिल्लों स्वयं को फरीदकोट का 'हल्का इंचार्ज' बता रहे हैं, जबकि पार्टी में ऐसा कोई पद नहीं है। साथ ही उन पर जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशों की अनदेखी करने और संगठनात्मक अनुशासन को कमजोर करने का भी आरोप लगाया गया है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने एआईसीसी नेतृत्व से तत्काल हस्तक्षेप कर प्रस्तावित प्रदर्शन पर रोक लगाने और पार्टी में अनुशासन व संगठनात्मक एकता बनाए रखने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है।

पुलिस कर सकती है पैलेट गन का इस्तेमाल : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली/ए.। नीट पेपर लीक के खिलाफहालिया छात्र प्रदर्शन के दौरान पैलेट गन के इस्तेमाल से जुड़ी याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को जंतर-मंतर पर तैनात रैपिड एक्शन फोर्स के गोला-बारूद का रिकॉर्ड सुरक्षित रखने का निर्देश दिया। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो की एडवाइजरी के अनुसार, पुलिस को असाधारण परिस्थितियों में पैलेट गन के इस्तेमाल का अधिकार है। ऐसे में पैलेट गन के इस्तेमाल पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग साफ नहीं है।

याचिका में क्या की गई मांग?

सुप्रीम कोर्ट ने ये निर्देश आईबी के पूर्व विशेष निदेशक और सेंट्रल इंफोर्मेशन कमिश्नर रहे यशोवर्धन आजाद और दो अन्य पीड़ितों ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिका में पैलेट गन के इस्तेमाल पर प्रतिबंध की मांग की गई है और साथ ही छात्र आंदोलन के पीड़ितों को मुआवजा देने की भी मांग की गई है। इसी याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार को निर्देश दिया है।

याचिका में दावा किया गया है कि 20 जुलाई को 'संसद चलो' मार्च के दौरान, कनॉट प्लेस के पास भीड़ नियंत्रण के लिए तैनात [illegible] ने पहले आंसू गैस और लाठीचार्ज किया, उसके बाद पैलेट से लैस पंप-एक्शन गन का इस्तेमाल किया।

आरोप है कि बल प्रयोग से पहले कोई चेतावनी नहीं दी गई और कई प्रदर्शनकारियों की आंखों समेत शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। याचिका में यह भी कहा गया है कि पैलेट गन को भले ही कम घातक हथियार बताया जाता हो, लेकिन इससे बड़ी संख्या में धातु के छर्रे निकलते हैं, जिससे आंखों और अन्य महत्वपूर्ण अंगों को गंभीर नुकसान पहुंचने का खतरा रहता है। इसलिए इनका इस्तेमाल संविधान के तहत न्यायसंगत बल प्रयोग की कसौटी पर खरा नहीं उतरता। जस्टिस बागची ने कहा कि आम लोगों की भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पैलेट गन के इस्तेमाल पर रोक लगाने की मांग अस्पष्ट है, क्योंकि इसमें पुलिस के उन नियमों को चुनौती नहीं दी गई थी जो ऐसे हथियारों के इस्तेमाल की इजाजत देते हैं।

किसी विशेष घटना में इस्तेमाल की वैधता की हो सकती है जांच

हालांकि, अदालत ने कहा कि किसी विशेष घटना में पैलेट गन के इस्तेमाल की वैधता की जांच की जा सकती है। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार को निर्देश दिया है कि छात्र आंदोलन के दौरान कथित तौर पर पैलेट गन से घायल हुए लोगों का अच्छी तरह से इलाज कराएं। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी मोहना की पीठ ने कहा कि दिल्ली सरकार को ये सुनिश्चित करना चाहिए कि जंतर-मंतर पर हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान घायल हुए लोगों का इलाज कराया जाए, और खासकर उन लोगों का जो कथित तौर पर पैलेट गन से घायल हुए।

भारतीय जीवन बीमा निगम ने भारत सरकार को डिविडेंड का चेक सौंपा

नई दिल्ली/ए.। भारतीय जीवन बीमा निगम के CEO एवं MD, आर. दोराईस्वामी ने आज केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की माननीय मंत्री निर्मला सीतारमण को 12,207.25 करोड़ का डिविडेंड चेक सौंपा। यह राशि भारत सरकार के हिस्से का डिविडेंड है, जिसे 27 जुलाई, 2026 को हुई सालाना आम बैठक में शेयरधारकों ने मंजूरी दी थी। भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग के सचिव संजय लोहिया भारतीय जीवन बीमा निगम के अधिकारियों, रत्नाकर पटनायक, प्रबंध निदेशक, आर. चंदर, प्रबंध निदेशक एवं श्री एन.एस. राघव, क्षेत्रीय प्रबंधक (प्रभारी), उत्तरी क्षेत्र के साथ उपस्थित थे। भारतीय जीवन बीमा निगम अपनी स्थापना के बाद से 70 शानदार साल पूरे कर रही है और 31.03.2026 तक इसका एसेट बेस ? 59.03 लाख करोड़ है। भारतीय जीवन बीमा निगम बीमा बाज़ार में मार्केट लीडर बनी हुई है।

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिका दण्डाधिकारी मुंगेली (छ.ग.)

//ईश्तहार//

रा.प्र.क्र./... बी-121/2025-26
ग्राम मुंगेली प.ह.नं. 19

एतद् द्वारा ग्राम मुंगेली के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुषमा आ. निरमते जाति ईसाई निवासी मुंगेली तहसील व जिला मुंगेली द्वारा ग्राम मुंगेली हल्का नं. 19 तहसील व जिला मुंगेली निवासी अपने स्वयं सुषमा आ. निरमते की जन्म दिनाँक 13/05/1970 को होने एवं न. पा. मुंगेली के पंजी में दर्ज कराने हेतु आवेदन किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी भी प्रकार की कोई दावा/आपति हो तो वह स्वयं या अभिभाषक या प्रतिनिधि के माध्यम से दिनाँक 04/08/2026 समय 11.00 बजे दिन को तहसील कार्यालय मुंगेली में दावा / आपत्ति पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जायेगा ।

आज दिनाँक 27.07.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया ।

मुहर

तहसीलदार कार्यपालिका
मुंगेली

फ्रेन्डशिप डे पर अनोपचंद तिलोकचंद ज्वैलर्स लाया आकर्षक कलेक्शन

रायपुर। फ्रेंडशिप डे के विशेष अवसर पर अनोपचंद तिलोकचंद ज्वैलर्स प्रा. लि., ए.टी. पैलेस, कोतवाली चौक, रायपुर ने अपने ग्राहकों के लिए गोल्ड, डायमंड एवं सिल्वर ज्वेलरी की नई और आकर्षक कलेक्शन प्रस्तुत की है। इस विशेष कलेक्शन में पुरुषों एवं महिलाओं दोनों के लिए आधुनिक डिज़ाइन की गोल्ड ब्रेसलेट, रिंग, कड़ा, डायमंड रिंग एवं ब्रेसलेट, साथ ही इटैलियन एवं टर्किश सिल्वर ब्रेसलेट, रिंग और कड़ा सहित अनेक नवीन वैरायटी उपलब्ध हैं। यह कलेक्शन फ्रेंडशिप डे पर अपने प्रिय मित्रों को यादगार और मूल्यवान उपहार देने के लिए विशेष रूप से तैयार की गई है। संस्थान के चेयरमैन तिलोकचंद बरडिया ने कहा कि मित्रता विश्वास, स्नेह और अपनत्व का प्रतीक है। इसी भावना को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष ग्राहकों के लिए विशेष डिज़ाइनों की विस्तृत रेंज उपलब्ध कराई गई है, ताकि वे अपने रिश्तों को एक खूबसूरत उपहार के साथ और भी यादगार बना सकें।

MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR
OFFICE OF THE COMMISSIONER MUNICIPAL CORPORATION

e-Procurement Tender Notice
Portal:https://eproc.cgstate.gov.in

1ST CALL

NIT NO. 46/PWD/Zone-1/2026 — RAIPUR DATED- 30.07.2026

Online bids are invited for the following works of works upto **20.08.2026 at 17:30 hours.**

S. No.	System Tender No.	Name of work / Description of work	Probable Amount of contract (In Rupees)	Invite
1	196482	जोन क्रमांक 01 अंतर्गत वार्ड क्र. 03, 04 एवं 05 ग्रामीण क्षेत्र में पावर पंपों को डालने एवं निकालने का कार्य वर्ष 2026-27 ।	20,00,000.00	प्रथम निविदा आमंत्रण

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in on **30.07.2026, 17:30 Hours.** (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal.

NOTE:- 1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. **Help Desk at Toll Free No. 18004199140** or through Email ID **helpdesk.eproc@cgswan.gov.in**
3. For More Details please download NIT details.

घरो से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवे।

ZONE COMMISSIONER
ZONE NO.- 1
MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR (C.G.)

प्रारूप-एक
(नियम 11 देखिये)
कार्यालय कलेक्टर एवं पदेन उप सचिव, राजस्व एवं आपदा प्रबंधक विभाग

अधिसूचना

भूमि अर्जन, पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर तथा पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की
धारा-4 सहपठित नियम 7 के अंतर्गत

नीचे अनुसूची में उल्लेखित भूमि का अर्जन लोक प्रयोजन हेतु राज्य सरकार द्वारा आशायित है, अर्थातः-

जिला	तहसील	ग्राम/नगर	क्षेत्रफल	लोक प्रयोजन का विवरण
रायगढ़	तमनार	**झिंकाबहाल**	1.114 हे.	लोक निर्माण विभाग द्वारा तमनार बायपास लम्बाई 8.50 कि.मी. सड़क निर्माण कार्य **ग्राम-झिंकाबहाल**

उपरोक्त उल्लेखित भूमि के अर्जन की सामाजिक समाघात निर्धारण के अध्ययन हेतु जनसुनवाई दिनांक 03.08.2026 को समय दिन के 2 बजे से 5 बजे स्थान **ग्राम पंचायत भवन झिंकाबहाल** पर नियत की गई है। प्रस्तावित भूमि अर्जन विवरण निनुसार हैः-

(एक) लोक प्रयोजन का संक्षिप्त विवरण- **तमनार बायपास मार्ग तक लम्बाई 8.50 कि.मी ग्राम-झिंकाबहाल में सड़क निर्माण कार्य हेतु निजी भूमि का अधिग्रहण कार्य हेतु भू-अर्जन**
(दो) प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित परिवारों की संख्या - **12 खातेदार**
(तीन) अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित परिवारों की संख्या - **निरंक**
(चार) प्रभावित क्षेत्र में निजी मकानों तथा अन्य परिसम्पत्तियों का अनुमानित संख्या - **निरंक**
(पांच) प्रभावित क्षेत्र में शासकीय मकानों तथा अन्य परिसम्पतियों का अनुमानित संख्या - **निरंक**
(छः) क्या प्रस्तावित अर्जन न्यूनतम है - **हाँ**
(सात) क्या संभव विकल्पों और इनकी साध्यता पर विचार कर लिया गया है - **हाँ**
(आठ) परियोजना की कुल लागत - **रू. 1,80,84,800 (अनुमानित)**
(नौ) परियोजना से होने वाला लाभ - **ग्राम तमनार बायपास पहुंच मार्ग निर्माण से लोक प्रयोजन हेतु ।**
(दस) प्रस्तावित से सामाजिक समाघात की प्रतिपूर्ति के लिए उपाय तथा उस पर होने वाला संभावित व्यय भूमि अर्जन, पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर तथा पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 के अनुसूची दो में दर्शायी गई तथा समय-समय पर छ.ग. शासन द्वारा बताई गई उपाय का अनुपालन किया जावेगा। संभावित व्यय रू.500000 /- (पांच लाख) या वास्तविक व्यय जो भी अधिक हो।
(ग्यारह) परियोजना द्वारा प्रभावित होने वाले अन्य घटक - **निरंक**

उपरोक्त पूरक भूमि अर्जन के संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था या अन्य किसी व्यक्ति को कोई जानकारी सुझाव देना हो तो विहित तिथि / समय एवं स्थान पर दी जा सकेगी।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
घरघोड़ा जिला रायगढ़ (छ.ग.)

जी-262702427/2

कलेक्टर
जिला-रायगढ़ (छ.ग.)

साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड का उपक्रम)

एसईसीएल/एजीएम (हसदेव)/भू.रा./25-26/50 — दिनांक 20.07.2026

सूचना

इस प्रकाशन के माध्यम से यह सूचित कया जाता है कि एसईसीएल हसदेव क्षेत्रान्तर्गत शीतलधारा कुरजा यूजी माईन कालरी के डिपलरिंग हेतु ग्राम-कोरजा, के निम्नलिखित भू-विस्थापितों एवं उनके द्वारा नामित, आश्रित उम्मीदवार को एसईसीएल में रोजगार प्रदान करने हेतु एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर से स्वीकृति प्राप्त किये जाने बावत् औपचारिकताएँ यथाशीघ्र प्रारम्भ की जायेगी।

Sl No.	Name as per Land Owner on date of sanction 9(i)	Name as per P-II & B-I Statement 1-A[Land owner on date of compensation assessment]	Name of PAP proposed for employment		Document	Name
1	आनन्द कुमार मिश्रा पिता नारेन्द्र प्रसाद मिश्रा जाति-ब्राह्मण ग्राम-कोरजा खसरा नं.- 262/4/ख, 265/1/क/2/ख/2 रकबा-0.810 हे. 2.00 एकड़	आनन्द कुमार मिश्रा पिता नारेन्द्र प्रसाद मिश्रा जाति-ब्राह्मण ग्राम-कोरजा खसरा नं.- 262/4/ख, 265/1/क/2/ख/2 रकबा-0.810 हे. 2.00 एकड़	आनन्द कुमार मिश्रा पिता नारेन्द्र प्रसाद मिश्रा	1	वशंवृक्ष	निरंक
				2	निवास प्रमाणपत्र	आनन्द कुमार मिश्रा पिता नरेन्द्र प्रसाद मिश्रा
				3	समग्रकार्ड	आनन्द कुमार मिश्रा पिता नरेन्द्र प्रसाद मिश्रा
				4	मतदाता परिचय पत्र	आनन्द कुमार मिश्रा पिता नरेन्द्र प्रसाद मिश्रा
				5	आधारकार्ड	आनन्द कुमार मिश्रा पिता नरेन्द्र प्रसाद मिश्रा
				6	शिक्षा प्रमाण पत्र	ANAND KUMAR MISHRA S/O NARENDRA PD MISHRA (12th BE)
				7	रोजगार पंजीयन	ANAND KUMAR MISHRA
				8	पेनकार्ड	ANAND KUMAR MISHRA S/O NARENDRA PRASAD MISHRA
				9	जाति प्रमाण पत्र	निरंक
2	विजय कुमार पिता जुगल किशोर जाति- गुप्ता ग्राम-कोरजा खसरा नं.- 252/1, 253/1/3 पी रकबा- 0.705 हे. 1.74 एकड़	विजय कुमार पिता जुगल किशोर जाति- गुप्ता ग्राम-कोरजा खसरा नं.- 252/1, 253/1/3 पी रकबा-0.705 हे. 1.74 एकड़	अंजना गुप्ता पति विजय कुमार गुप्ता	1	वंशवृक्ष	अंजना गुप्ता
				2	निवास प्रमाण पत्र	अंजना गुप्ता पति विजय कुमार गुप्ता
				3	समग्रकार्ड	अंजना गुप्ता पति विजय कुमार गुप्ता
				4	मतदाता परिचय पत्र	अंजना पति विजय कुमार
				5	आधार कार्ड	अंजना गुप्ता पति विजय कुमार गुप्ता
				6	शिक्षा प्रमाण पत्र	ANJAN GUPTA D/O KUNJILAL GUPTA 12Th
				7	रोजगार पंजीयन	ANJAN GUPTA
				8	पेन कार्ड	ANJAN GUPTA D/O KUNJILAL GUPTA
				9	जाति प्रमाण पत्र	निरंक
3	मोतीलाल पिता शंकर जाति-गोड़ ग्राम-कोरजा खसरा नं.- 256/3 रकबा-0.474 हे. 1.2 (1.17 एकड़)	मोतीलाल पिता शंकर जाति-गोड़ ग्राम-कोरजा खसरा नं.- 256/3 रकबा-0.474 हे. (1.17 एकड़)	भानूप्रताप सिंह पिता संतोष सिंह	1	वशंवृक्ष	भानू प्रताप सिंह पिता संतोष सिंह
				2	निवास प्रमाणपत्र	भानूप्रताप सिंह पिता संतोष सिंह
				3	राशन/समग्रकार्ड	भानूप्रताप सिंह
				4	मतदाता परिचयपत्र	भानूप्रताप सिंह पिता संतोष सिंह
				5	आधारकार्ड	भानू प्रताप सिंह पिता संतोष सिंह
				6	शिक्षा प्रमाण पत्र	भानूप्रताप सिंह पिता संतोष सिंह 10th
				7	रोजगार पंजीयन	Bhanu Pratap Singh
				8	पेनकार्ड	BHANU PRATAP SINGH S/0 SANTOSH SINGH
				9	जाति प्रमाण पत्र	भानूप्रताप सिंह पिता संतोष सिंह गोड

उपरोक्त तालिका में दर्शाये गये भू-स्वामी एवं आश्रित रोजगार बावत् प्रस्तावित सदस्य के संबंध में किसी भी संबंधित व्यक्ति को इस पर आपत्ति हो, तो अपना पूरा नाम हस्ताक्षर, पता एवं मूल दस्तावेजो/ प्रमाणों के साथ इसकी लिखित शिकायत अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में इस सूचना के प्रकाशन के 7 दिवस के अंदर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि के पश्चात् या दस्तावेजी प्रमाण नहीं होने की स्थिती में दावा-अपत्ति मान्य नही होगा।

SECL/26-27/94

क्षेत्रीय महाप्रबंधक
एसईसीएल, हसदेव क्षेत्र

प्रथम सावन सोमवार पर झाड़ेश्वर महादेव में गूंजे हर-हर महादेव के जयघोष

- **भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने किया भगवान शिव महादेव का किया जलाभिषेक**
- **प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए की विशेष पूजा-अर्चना**

जगदलपुर/नवप्रदेश। श्रावण मास के प्रथम सोमवार पर शिवभक्ति और आस्था का अद्भुत संगम प्राचीन झाड़ेश्वर महादेव मंदिर में देखने को मिला। हॉट कचौरा स्थित इस प्राचीन शिवालय में भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा,जिला बस्तर के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भगवान भोलेनाथ का विधिवत जलाभिषेक, रुद्राभिषेक एवं विशेष पूजा-अर्चना कर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं जगदलपुर विधायक किरण सिंह देव के शीघ्र एवं पूर्ण स्वास्थ्य लाभ की मंगलकामना की। मंदिर परिसर हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष से गूंज उठा तथा श्रद्धालुओं ने भगवान शिव से किरण सिंह देव को उत्तम स्वास्थ्य,दीर्घायु और पुनः जनसेवा में सक्रिय होने का आशीर्वाद देने की

प्रार्थना की।

श्रद्धालुओं ने भगवान आशुतोष के समक्ष प्रार्थना की कि वे किरण सिंह देव को शीघ्र स्वस्थ कर पुनः उसी ऊर्जा, समर्पण और उत्साह के साथ संगठन और समाज की सेवा का अवसर प्रदान करें। श्रद्धा और भक्ति से ओतप्रोत इस आयोजन में शिवभक्तों ने देश,प्रदेश और समाज की सुख-समृद्धि तथा जनकल्याण की भी कामना की।उल्लेखनीय है कि प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव बाबा बागेश्वर धाम के दर्शन कर लौटते समय उत्तर प्रदेश में हुई सड़क दुर्घटना में घायल हो गए थे। उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना को लेकर सावन के प्रथम सोमवार के पुण्य अवसर पर विशेष शिव पूजन का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और श्रद्धालुओं ने सहभागिता निभाई।

शिव आराधना में उमड़ी आस्था

प्रथम सावन सोमवार पर झाड़ेश्वर महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर सुख, शांति और जनकल्याण की कामना की। सामूहिक प्रार्थना में सभी ने एक स्वर से किरण सिंह देव के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ,दीर्घायु और निरंतर जनसेवा के लिए भोलेनाथ से आशीर्वाद मांगा।

कार्यक्रम में भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष नीलांबर सेठिया,जिला उपाध्यक्ष राजेश ओगले,जिला महामंत्री संतोष ठाकुर,जिला कार्यालय मंत्री जेपी यादव,जिला मंत्री मानिकराम पंत,नगर मंडल अध्यक्ष कमलेश विश्वकर्मा,नागपुर मंडल अध्यक्ष राजेश सेठिया,जिला कार्यकारिणी सदस्य राधेश्याम सेठिया,नगर मंडल महामंत्री उमेश यादव सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सांसद महेश कश्यप की पहल से हजारों श्रद्धालुओं ने किए भूपालेश्वर महादेव के दर्शन

- **दलपत सागर के मध्य स्थित प्राचीन शिव मंदिर तक मोटरबोट सेवा बनी शिवभक्तों के लिए आस्था का सेतु**

जगदलपुर/नवप्रदेश। सावन माह के प्रथम सोमवार को बस्तर लोकसभा सांसद महेश कश्यप की पहल पर दलपत सागर के मध्य स्थित प्राचीन भूपालेश्वर महादेव मंदिर तक विशेष मोटरबोट सेवा संचालित की गई। सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक चली इस व्यवस्था के माध्यम से हजारों श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ के दर्शन कर जलाभिषेक एवं पूजा-अर्चना की। सावन के पावन अवसर पर मंदिर परिसर और दलपत सागर क्षेत्र शिवभक्तों की आस्था, श्रद्धा और हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा।

सांसद महेश कश्यप ने

कहा कि श्रद्धालुओं की आस्था सर्वोपरि है। सावन के पवित्र माह में अधिक से अधिक शिवभक्तों को भगवान भोलेनाथ के सहज दर्शन उपलब्ध हों, इसी उद्देश्य से यह विशेष व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं एवं गौ सेवकों की मांग पर सावन के प्रत्येक सोमवार को मोटरबोट सेवा संचालित की जाएगी, ताकि अधिकाधिक श्रद्धालु इस ऐतिहासिक शिवधाम में दर्शन-पूजन का लाभ ले सकें।

बड़ी संख्या में जुटे शिवभक्त : इस अवसर पर अनिल अग्रवाल, नरेश कोरी, रोहन कुमार,देवेंद्र कश्यप, तमिश नायडू, रवि नेताम, अजय यादव,जशवंत जोशी, भवानी चौहान,इन्द्र टेमरे,रोहन सेठिया सहित बड़ी संख्या में शिवभक्त एवं गौ सेवक उपस्थित रहे।

तीन सौ वर्ष पुराना है भूपालेश्वर महादेव मंदिर

गौ सेवक रोहन कुमार ने बताया कि दलपत सागर छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े ऐतिहासिक तालाबों में से एक है, जिसका निर्माण काकतीय वंश के शासक दलपत देव ने कराया था। तालाब के मध्य स्थित प्राचीन शिव मंदिर का निर्माण काकतीय शासक भूपाल देव द्वारा कराया गया, जहां शिवलिंग की स्थापना भी की गई। लगभग 300 वर्ष पुराने इस मंदिर को भूपालेश्वर महादेव मंदिर के नाम से जाना जाता है। महाशिवरात्रि को छोड़ सामान्य दिनों में यहां श्रद्धालुओं की पहुंच संभव नहीं हो पाती।

सावन में शिवभक्तों को सांसद महेश कश्यप की सौगात,दलपत सागर के प्राचीन शिव मंदिर तक हर सोमवार चलेगी मोटरबोट

- **श्रद्धालुओं को सुबह 8 से दोपहर 12 बजे तक मिलेगी विशेष सुविधा, वर्षों बाद आसान होंगे जलमार्ग से दर्शन**

जगदलपुर/नवप्रदेश। पवित्र श्रावण मास में भगवान शिव के भक्तों की आस्था को ध्यान में रखते हुए बस्तर लोकसभा सांसद महेश कश्यप की पहल पर जगदलपुर के ऐतिहासिक दलपत सागर के मध्य स्थित प्राचीन शिव मंदिर तक प्रत्येक सोमवार मोटरबोट की विशेष व्यवस्था की गई है। श्रद्धालु सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक इस सुविधा का लाभ लेकर जलमार्ग से मंदिर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ के दर्शन एवं पूजन कर सकेंगे।

दलपत सागर छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े और ऐतिहासिक तालाबों में शामिल है,जिसका निर्माण काकतीय वंश के शासक दलपत देव ने कराया था। तालाब के मध्य स्थित प्राचीन शिव मंदिर धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। सामान्य दिनों में यहां पहुंचना कठिन होता है और अब तक महाशिवरात्रि जैसे विशेष अवसरों पर ही मोटरबोट के माध्यम से दर्शन की व्यवस्था होती रही है।

गौ सेवकों की मांग पर लिया निर्णय

गौ सेवकों की मांग पर सांसद महेश कश्यप ने सावन के प्रत्येक सोमवार श्रद्धालुओं के लिए मोटरबोट उपलब्ध कराने की पहल की है। उन्होंने कहा कि सावन भगवान भोलेनाथ की आराधना का सबसे पावन महीना है। श्रद्धालुओं की आस्था का सम्मान करते हुए यह व्यवस्था की गई है,ताकि अधिक से अधिक शिवभक्त प्राचीन शिव मंदिर पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना कर सकें। उन्होंने श्रद्धालुओं से मोटरबोट का उपयोग करते समय सुरक्षा नियमों का पालन करने की भी अपील की।

आस्था और सुविधा का संगम

सावन के प्रथम सोमवार से शुरू होने वाली यह व्यवस्था शिवभक्तों के लिए विशेष आकर्षण रहेगी। वर्षों बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं को दलपत सागर के मध्य स्थित प्राचीन शिव मंदिर तक सुरक्षित और सुगम जलमार्ग से पहुंचने का अवसर मिलेगा, जिससे धार्मिक पर्यटन और स्थानीय आस्था दोनों को नई मजबूती मिलेगी।

कुड़कानार-भानपुरी रेल लाइन के तीसरे ईपीसी टेंडर का स्वागत

- **राकेश तिवारी बोले- रावघाट रेल परियोजना से बस्तर के विकास को मिलेगी नई गति**

जगदलपुर/नवप्रदेश। रावघाट-जगदलपुर बहुप्रतीक्षित रेल परियोजना के तहत कुड़कानार से भानपुरी के बीच लगभग 30 किलोमीटर रेल लाइन एवं भानपुरी रेलवे स्टेशन के निर्माण के लिए तीसरा ईपीसी टेंडर जारी होने पर भारतीय जनता पार्टी के जगदलपुर पूर्वी मंडल के उपाध्यक्ष राकेश तिवारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और केंद्रीय रेल मंत्रालय के प्रति आभार व्यक्त किया है।

राकेश तिवारी ने कहा कि रावघाट-जगदलपुर रेल परियोजना बस्तर की बहुप्रतीक्षित मांग रही है और इसके पूरा होने से क्षेत्र की रेल कनेक्टिविटी को नई मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि कुड़कानारङ्क्षभानपुरी रेलखंड के निर्माण तथा भानपुरी रेलवे स्टेशन के विकसित होने से ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों को बेहतर परिवहन सुविधा उपलब्ध होगी। इसके साथ ही व्यापार, पर्यटन, रोजगार और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी नया विस्तार मिलेगा।

उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार बस्तर के समग्र विकास को प्राथमिकता देते हुए सड़क,रेल,शिक्षा,स्वास्थ्य और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रही हैं। रावघाटङ्क्षजगदलपुर रेल परियोजना केवल एक रेल लाइन नहीं, बल्कि बस्तर के आर्थिक सशक्तिकरण और विकास की आधारशिला साबित होगी। राकेश तिवारी ने कहा कि परियोजना के निर्माण कार्य में तेजी आने से बस्तर का देश के अन्य हिस्सों से रेल संपर्क और अधिक सुदृढ़ होगा।

परियोजना से संभावित लाभ

कुड़कानारङ्क्षभानपुरी रेलखंड और भानपुरी रेलवे स्टेशन के निर्माण से बस्तर के दूरस्थ क्षेत्रों तक रेल सुविधा का विस्तार होगा। इससे यात्रियों को बेहतर आवागमन,व्यापार को बढ़ावा, पर्यटन को नई गति तथा रोजगार के अवसरों में वृद्धि होने की उम्मीद जताई जा रही है।

बस्तर थाने में सम्मान समारोह
नवपदस्थ थाना प्रभारी संतोष सिंह का स्वागत

- **सुरेश जांगड़े को भावभीनी विदाई**

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर थाना परिसर में सोमवार को नवपदस्थ थाना प्रभारी संतोष सिंह के स्वागत एवं स्थानांतरित थाना प्रभारी सुरेश कुमार जांगड़े के सम्मानपूर्वक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में थाना स्टाफ ने दोनों अधिकारियों का श्रीफल, स्मृति चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया। इस दौरान आत्मीय वातावरण में अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनके साथ बिताए कार्यकाल की स्मृतियां साझा कीं।

राजनांदगांव स्थानांतरित हुए सुरेश कुमार जांगड़े ने कहा कि बस्तर संभाग में उनकी 10 वर्षों की सेवा हमेशा यादगार रहेगी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2016 में उनकी पहली पदस्थापना सुकमा जिले में हुई थी तथा 2018 में आउट ऑफ टर्न प्रमोशन के बाद वे निरीक्षक बने। इसके बाद उन्होंने चार वर्षों तक दोरनापाल थाना प्रभारी के रूप में सेवाएं दीं। बस्तर जिले में पदस्थापना के दौरान वे थाना प्रभारी के साथ-साथ जिले के महत्वपूर्ण अपराधों की जांच एवं नियंत्रण में भी सक्रिय भूमिका निभाते रहे। उन्होंने बस्तर थाना के शांतिपूर्ण वातावरण तथा सहयोगी स्टाफ की सराहना करते हुए कहा कि प्रत्येक थाना प्रभारी अपनी अलग कार्यशैली के साथ जनता की सेवा करता है।

कानून व्यवस्था बनाए रखना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता- नवपदस्थ थाना प्रभारी संतोष सिंह ने कहा कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पुलिस और आम जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर शांति व्यवस्था कायम रखी जाएगी। साथ ही अवैध गतिविधियों पर प्रभावी कार्रवाई तथा लोगों की समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा।

अनुशासन और अपराध नियंत्रण में उनके योगदान की सराहना

समारोह में थाना स्टाफ ने सुरेश कुमार जांगड़े की कार्यशैली, अनुशासन और अपराध नियंत्रण में उनके योगदान की सराहना की तथा नए थाना प्रभारी को पूर्ण सहयोग का विश्वास दिलाया। इस अवसर पर एएसआई चतुरराम बघेल,प्रधान आरक्षक ओंकारनाथ पात्र,कृष्णा मरावी,पालेश्वर कल्लो,चौहादास गेंदले,उमेश चंदेल,पी केसपोटा, भानुप्रताप ठाकुर, क्षमा साहू, महेंद्र नेताम,निरंजन वैध सहित थाना के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

सहयोग और समर्पण की रही मिसाल

सम्मान समारोह केवल पदभार परिवर्तन का अवसर नहीं रहा, बल्कि पुलिस परिवार की आपसी आत्मीयता और टीम भावना का भी प्रतीक बना। अधिकारियों और कर्मचारियों ने पूर्व थाना प्रभारी के योगदान को याद करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं तथा नवपदस्थ थाना प्रभारी के नेतृत्व में बेहतर पुलिसिंग और जनसहयोग की भावना के साथ कार्य करने का संकल्प दोहराया।

भगवा के कथित अपमान के विरोध में विहिप-बजरंग दल का प्रदर्शन

जगदलपुर/नवप्रदेश। संसद परिसर में भगवा वस्त्र पहनकर किए गए कथित प्रदर्शन के विरोध में रविवार को जगदलपुर में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने रैली निकालकर सांसद पप्पू यादव का पुतला दहन किया और इसे भगवा एवं सनातन परंपरा का अपमान बताया।

नगर के प्रमुख मार्गों से निकली रैली में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। इस दौरान ÷सनातन धर्म की जय÷ के नारे लगाए गए। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि भगवा त्याग, तपस्या और भारतीय आध्यात्मिक परंपरा का प्रतीक है तथा इसका किसी भी रूप में उपहास धार्मिक भावनाओं को आहत करता है।

विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष शंकरलाल गुप्ता ने कहा कि भगवा सनातन संस्कृति की पहचान है और इसका अपमान स्वीकार नहीं किया जाएगा। जिला मंत्री नवीन देवांगन ने कहा कि सभी को धार्मिक भावनाओं का सम्मान करना चाहिए। जिला कोषाध्यक्ष सुरेंद्र तिवारी ने कहा कि भगवान श्रीराम और संत परंपरा के प्रति समाज की आस्था सर्वोपरि है। जिला संयोजक विष्णु ठाकुर ने कहा कि संगठन धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज उठाता रहेगा तथा सामाजिक सौहार्द बनाए रखने की अपील भी की। प्रदर्शन में शंकरलाल गुप्ता,नवीन देवांगन, सुरेंद्र तिवारी, विष्णु ठाकुर,प्रेम चालकी,उ मेश राठौर, घनश्याम नाग, प्रतीक गुरु,जगदीश ठाकुर,अजय सिंह, शत्रुघ्न, सूरज पटनायक, अनिल राजपूत सहित बड़ी संख्या में विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

प्रदर्शन की प्रमुख बातें

विहिप और बजरंग दल ने भगवा के कथित अपमान के विरोध में रैली निकालकर सांसद पप्पू यादव का पुतला दहन किया। संगठन पदाधिकारियों ने कहा कि भगवा त्याग और तपस्या का प्रतीक है तथा धार्मिक प्रतीकों का सम्मान बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है।

हर महीने होगी नवोदय महापरीक्षा बच्चों की तैयारी होगी और मजबूत

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर जिले में जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में अधिक से अधिक विद्यार्थियों के चयन के लक्ष्य के साथ जिला प्रशासन ने नई पहल शुरू की है। कलेक्टर आकाश छिकारा के मार्गदर्शन में अब मुख्य प्रवेश परीक्षा तक प्रत्येक माह ओएमआर शीट आधारित 'महापरीक्षा' आयोजित की जाएगी। इसकी शुरुआत शनिवार को हुई, जिसमें जिले के 1,526 शासकीय प्राथमिक विद्यालयों के कक्षा पांचवीं के 9,120 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल ने बताया कि परीक्षा सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक एक साथ आयोजित की गई। डिजिटल स्कैनिंग के माध्यम से उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कर प्रत्येक विकासखंड के शीर्ष 100 विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा। जिले के 700 से अधिक मेधावी विद्यार्थियों को निःशुल्क अभ्यास पुस्तकें उपलब्ध कराई जाएंगी तथा हर माह होने वाली महापरीक्षा के जरिए उनकी तैयारी का निरंतर मूल्यांकन किया जाएगा।

इंदिरा स्टेडियम में खिलाड़ियों ने सुना प्रधानमंत्री मोदी का संदेश, स्वस्थ जीवन का लिया संकल्प

नशा मुक्त भारत के संकल्प से जुड़े बस्तर के 200 खिलाड़ी

जगदलपुर/नवप्रदेश। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के 'नशा मुक्त युवा, विकसित भारत संकल्प अभियान' के शुभारंभ अवसर पर रविवार को जगदलपुर के इंदिरा स्टेडियम परिसर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्पोर्ट्स हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम में जिले के लगभग 200 खिलाड़ियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का राष्ट्र के नाम संबोधन सुना और नशा मुक्त जीवन अपनाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में खेलो इंडिया लघु केंद्र पंडरीपानी के हॉकी खिलाड़ियों के अलावा विभागीय अकादमियों के कयाकिंग-कैनोइंग, एथलेटिक्स, तीरंदाजी और कराते के खिलाड़ियों ने भाग लिया। खिलाड़ियों ने खेल भावना के साथ समाज को नशा मुक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम का संचालन प्रभारी सहायक संचालक (खेल एवं युवा कल्याण) सुशांत पॉल के नेतृत्व में किया गया। आयोजन को सफल बनाने में व्यायाम शिक्षक कोटेश्वर नायडू, श्रवण साहू, विभिन्न खेल अकादमियों के प्रशिक्षकों तथा खेल संगठनों के पदाधिकारियों का विशेष योगदान रहा।

सावन के पहले सोमवार पर शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब

बेलपत्र, धतूरा और पूजन सामग्री की खरीदारी से बाजार रहे गुलजार, सुबह से लगी रहीं श्रद्धालुओं की लंबी कतारें

बिलासपुर/नवप्रदेश। सावन मास के पहले सोमवार पर जिले के शिवालयों में भगवान भोलेनाथ के दर्शन और जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सुबह ब्रह्ममुहूर्त से ही शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के प्रमुख शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण में डूबे रहे।

श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जल, दूध, दही, शहद, गंगाजल, बेलपत्र, धतूरा, भांग, पुष्प और फल अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि तथा प्रदेश की खुशहाली की कामना की। मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना और रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। सरकंडा स्थित पीतांबरा पीठ में स्थापित शारदेश्वर पारदेश्वर महादेव का यजुर्वेदीय 'नमक-चमक' मंत्रों के साथ दिव्य महारुद्राभिषेक शुरू हुआ। पीठाधीश्वर आचार्य दिनेश महाराज ने बताया कि सोमवार को भगवान का महाकाल मंदिर की तर्ज पर विशेष श्रृंगार किया गया। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन सुबह 9 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक वैदिक विद्वानों द्वारा महारुद्राभिषेक कराया जा रहा है। इसके बाद महाआरती होती है, जबकि रात्रि 8 बजे से मध्यरात्रि 12:30 बजे तक पीतांबरा हवनात्मक महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। रतनपुर स्थित भैरव बाबा मंदिर में सावन के अवसर पर सवा लाख पार्थिव शिवलिंग निर्माण महायज्ञ शुरू हो गया है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु मिट्टी से पार्थिव शिवलिंग बनाकर उनका पूजन और रुद्राभिषेक कर रहे हैं। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच चल रहे इस आयोजन में दूर-दूर से श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं। सावन सोमवार पर श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जल, दूध, दही, घी, शहद, शक्कर, गन्ने के रस, गंगाजल और सुगंधित जल से अभिषेक किया।

बाजार में रौनक

सावन के पहले सोमवार को लेकर शहर के बाजारों में भी सुबह से चहल-पहल रही। बेलपत्र, धतूरा, फूल-माला, पूजन सामग्री, दूध और फल की दुकानों पर भक्तों की भीड़ देखी गई। पूजन सामग्री विक्रेताओं के अनुसार सावन के पहले सोमवार पर बिक्री सामान्य दिनों की तुलना में कई गुना अधिक रही। प्रमुख शिवालयों में श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए मंदिर समितियों और प्रशासन की ओर से दर्शन की सुव्यवस्थित व्यवस्था की गई। स्वयंसेवकों ने श्रद्धालुओं को कतारबद्ध तरीके से दर्शन कराए तथा सुरक्षा के भी आवश्यक इंतजाम किए गए।

मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान

सावन के पहले सोमवार के अवसर पर दिनभर मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान, भजन-कीर्तन और शिव आराधना का सिलसिला चलता रहा। श्रद्धालुओं का मानना है कि सावन सोमवार को श्रद्धा और विधि-विधान से भगवान शिव की पूजा करने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और जीवन में सुख, शांति एवं समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

न्यूज गैलरी

3 सौ टन कोयले की नीलामी 8 को

बिलासपुर/नवप्रदेश। मंडल के नैला गुड्स शेड में रखे लगभग 300 टन कोयले की खुली नीलामी 8 अगस्त को सुबह 11 बजे जांजगीर-नैला रेलवे स्टेशन स्थित मुख्य स्टेशन प्रबंधक कार्यालय में आयोजित की जाएगी। यह नीलामी सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति के अनुसार संपन्न होगी। इच्छुक व्यक्ति, फर्म एवं संस्थान निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित होकर इस नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने सकते हैं। नियमानुसार सर्वोच्च बोलीदाता के पक्ष में नीलामी स्वीकृत की जाएगी। नीलामी में सफल बोलीदाता को क्रय किए गए कोयले के संपूर्ण मूल्य के साथ 18 प्रतिशत जीएसटी का भुगतान नकद अथवा डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से नीलामी स्थल पर ही करना होगा। साथ ही, सफल बोलीदाता को नीलामी की तिथि से 10 दिनों के भीतर अपने जोखिम एवं व्यय पर संबंधित कोयले को रेलवे परिसर से हटाना अनिवार्य होगा।

मिक्स कोयले की खुली नीलामी 7 को

बिलासपुर/नवप्रदेश। जयरामनगर गुड्स शेड में रखे लगभग 150 टन मिक्स कोयले की खुली नीलामी 7 अगस्त को सुबह 11 बजे जयरामनगर रेलवे स्टेशन के मुख्य स्टेशन प्रबंधक कार्यालय में आयोजित की जाएगी। यह नीलामी सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति के अनुसार संपन्न होगी। इच्छुक व्यक्ति, फर्म एवं संस्थान निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित होकर इस नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने सकते हैं। नियमानुसार सर्वोच्च बोलीदाता के पक्ष में नीलामी स्वीकृत की जाएगी। नीलामी में सफल बोलीदाता को क्रय किए गए कोयले के संपूर्ण मूल्य के साथ 18 प्रतिशत जीएसटी का भुगतान नकद अथवा डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से नीलामी स्थल पर ही करना होगा। साथ ही, सफल बोलीदाता को नीलामी की तिथि से 10 दिनों के भीतर अपने जोखिम एवं व्यय पर संबंधित कोयले को रेलवे परिसर से हटाना अनिवार्य होगा। निर्धारित अवधि के भीतर सामग्री नहीं हटाने की जिम्मेदारी का वहन रेलवे प्रशासन द्वारा नहीं किया जाएगा।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में 2430 रूट किलोमीटर पर तेजी से हो रहा है कवच का विस्तार

स्वदेशी ऑटोमैटिक ट्रेन प्रोटेक्शन प्रणाली से रेल सुरक्षा को मिली तेजी से नई मजबूती

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारतीय रेल आधुनिक तकनीक के माध्यम से रेल संरक्षा को नए आयाम प्रदान कर रही है। यात्रियों संरक्षित, विश्वसनीय एवं निर्बाध रेल यात्रा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से भारतीय रेल द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित ऑटोमैटिक ट्रेन प्रोटेक्शन (एटीपी) प्रणाली 'कवच' का चरणबद्ध विस्तार किया जा रहा है। यह प्रणाली ट्रेन संचालन के दौरान संभावित मानवीय त्रुटियों को न्यूनतम करते हुए दुर्घटनाओं की रोकथाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

रेल संरक्षा के क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों के प्रभावी उपयोग का ही परिणाम है कि भारतीय रेल में परिणामी रेल दुर्घटनाओं की संख्या वर्ष 2014-15 में 135 से घटकर 2024-25 में 31 तथा वर्ष 2025-26 में केवल 16 रह गई है। संरक्षा अवसंरचना को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए भारतीय रेल द्वारा संरक्षा मद में लगातार निवेश भी बढ़ाया जा रहा है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के संपूर्ण 2430 रूट किलोमीटर नेटवर्क पर कवच प्रणाली लागू करने की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है। संचार अवसंरचना का विकास, ऑप्टिकल फाइबर केबल बिछाने, संचार टावरों की स्थापना तथा लोकोमोटिवों में उपकरण फिटमेंट का कार्य निरंतर प्रगति पर है। अब तक 238 लोकोमोटिवों में कवच उपकरण स्थापित किए जा चुके हैं। बिलासपुर मंडल में बिलासपुर-रायगढ़ खंड पर कवच कमीशनिंग की दिशा में कार्य प्रगति पर है तथा बिलासपुर-चांपा खंड में फील्ड परीक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण हो चुके हैं। नागपुर मंडल में नागपुर-दुर्ग खंड पर स्ढ्रू4 कमीशनिंग हेतु साइट परीक्षण एवं लोको ट्रायल जारी हैं। इसी क्रम में 23 जुलाई को नागपुर रेल मंडल के कलमना-सालवा (25 किलोमीटर) रेलखंड में ब्रेकिंग मोड ऑन के साथ स्ढ्रू4 स्तर का कवच ट्रायल सफलतापूर्वक संपन्न किया गया, जिसमें सिग्नल रिस्पॉन्स, स्वचालित ब्रेकिंग, गति नियंत्रण तथा आपातकालीन प्रणाली का सफल परीक्षण किया गया। रायपुर मंडल में दुर्ग-मांढर खंड पर भी कवच कार्य निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रगति पर है। कवच प्रणाली भारतीय रेल की संरक्षा व्यवस्था को नई मजबूती प्रदान करते हुए आधुनिक, संरक्षित एवं तकनीक आधारित रेल संचालन की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि सिद्ध हो रही है।

क्या है 'कवच'?

'कवच' भारतीय रेल के अनुसंधान अभिकल्प एवं मानक संगठन (आरडीएसओ) द्वारा विकसित विश्वस्तरीय एसआईएल-4 प्रमाणित स्वदेशी ऑटोमैटिक ट्रेन प्रोटेक्शन प्रणाली है। यह प्रणाली लोको पायलट को वास्तविक समय में सिग्नल, गति सीमा, लक्ष्य दूरी तथा मूवमेंट अथॉरिटी जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध कराती है। यदि किसी कारणवश लोको पायलट निर्धारित गति सीमा का पालन नहीं करता अथवा खतरे वाले सिग्नल को पार करने की स्थिति बनती है, तो कवच स्वतः ब्रेक लगाकर ट्रेन को संरक्षित रोक देता है। घने कोहरे जैसी परिस्थितियों में भी यह प्रणाली संरक्षित संचालन सुनिश्चित करती है।

कवच कैसे करता है कार्य?

कवच प्रणाली ट्रैक पर स्थापित रफिड टैग, यूएचएफ रेडियो संचार, स्टेशन इंटरलॉकिंग एवं ऑनबोर्ड उपकरणों के माध्यम से ट्रेन की स्थिति, गति एवं मार्ग की सतत निगरानी करती है। यह संरक्षित दूरी का निरंतर आकलन करते हुए आवश्यकता पड़ने पर स्वतः ब्रेक लगाती है तथा संभावित दुर्घटनाओं को टालती है।

योगबल से मन और परिस्थितियों पर विजय संभव : सिंघल

शिव अनुराग भवन में विशेष आध्यात्मिक क्लास वरिष्ठ राजयोगी ने दिए ब्लेसिंग कार्ड और प्रसाद

बिलासपुर/नवप्रदेश। ब्रह्माकुमारीज़ के शिव अनुराग भवन में सोमवार को आयोजित संस्था के साइंटिस्ट एंड इंजीनियर विंग के अध्यक्ष मोहन सिंघल ने कहा कि योगबल के माध्यम से मनुष्य अपने मन, परिस्थितियों और संस्कारों पर विजय प्राप्त कर सकता है। उन्होंने कहा कि आज के तनावपूर्ण जीवन में राजयोग ही आत्मबल, मानसिक शांति और श्रेष्ठ संस्कारों का प्रभावी माध्यम है।

सिंघल ने कहा कि वास्तविक जीत दूसरों पर नहीं, बल्कि अपने मन, बुद्धि और संस्कारों पर नियंत्रण पाने में है। नियमित राजयोग के अभ्यास से व्यक्ति नकारात्मक विचारों, क्रोध, अहंकार और तनाव पर विजय प्राप्त कर सकारात्मक, संतुलित एवं सुखी जीवन जी सकता है। उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक व्यक्ति स्वयं में सकारात्मक परिवर्तन लाए, तो परिवार, समाज और राष्ट्र में भी स्वतः सकारात्मक बदलाव दिखाई देगा। कार्यक्रम में मंजू दीदी ने कहा कि साकार ब्रह्मा बाबा की प्रत्यक्ष पालना प्राप्त वरिष्ठ भाई का सान्निध्य और मार्गदर्शन सभी साधकों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि उनके अनुभव और आध्यात्मिक शिक्षाएं जीवन को श्रेष्ठ दिशा प्रदान करती हैं।

ब्लेसिंग कार्ड का वितरण

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ब्रह्माकुमारीज़ के साधक एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। अंत में मोहन सिंघल ने सभी को ब्लेसिंग कार्ड प्रदान किए तथा प्रसाद वितरित किया।

गौवंश की हत्या और मांस बिक्री के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

आरोपियों के कब्जे से गोमांस, खुरपा, टंगिया व बाइक जब्त

बिलासपुर/नवप्रदेश। पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह द्वारा जिले में गौवंश के अवैध वध एवं मांस परिवहन/विक्रय जैसे अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा फरार आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देशों के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) मधुलिका सिंह एवं अनुविभागीय पुलिस अधिकारी, कोटा नूपुर उपाध्याय के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी कोटा निरीक्षक शशिकांत भारद्वाज के नेतृत्व में थाना कोटा पुलिस द्वारा त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए घटना कारित कर फरार दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

1 अगस्त को थाना कोटा को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि राहुल अनंत एवं राकेश अनंत, निवासी ग्राम दर्रीकापा, अपने मकान में अवैध रूप से गौवंश का वध कर उसका मांस संग्रहित कर विक्रय कर रहे हैं। सूचना की गंभीरता को देखते हुए थाना कोटा पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की गई एवं घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। विवेचना के दौरान प्राप्त साक्ष्यों एवं जांच के आधार पर आरोपी राकेश अनंत, पिता रमेश अनंत, उम्र 36 वर्ष, निवासी ग्राम दर्रीकापा, थाना कोटा, जिला बिलासपुर (छ.ग.) तथा राहुल अनंत, पिता सकरू अनंत, उम्र 23 वर्ष, निवासी ग्राम दर्रीकापा, थाना कोटा को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से गोमांस टुकड़ा एवं हड्डी वजनी 35.40 किलो ग्राम 2 नग खुरपा चमड़ी, घटना में प्रयुक्त खुरपा चमड़ी काटने का हथियार, 2 नग टंगिया एवं मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी10 बीके 9940 जप्त की गई। आरोपियों के विरुद्ध धारा 299(3), 5 भारतीय न्याय संहिता एवं छत्तीसगढ़ कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम, 2004 की धारा 5 एवं 10 के अंतर्गत वैधानिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी शशिकांत भारद्वाज, उनि मीना ठाकुर, सउनि नहारूराम साहू, पीएसआई ऊषा निषाद, प्र.आर. गजेन्द्र सिंह, उमाशंकर राठौर, आर. संजय श्याम, ज्वाला सिंह, दीप कंवर का सराहनीय योगदान है।

राष्ट्रमंडल खेलों की रजत पदक विजेता ज्ञानेश्वरी का केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने किया सम्मान

दी शुभकामनाएं, कहा—ज्ञानेश्वरी ने छत्तीसगढ़ और देश का गौरव बढ़ाया

बिलासपुर/नवप्रदेश। केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने राष्ट्रमंडल खेल 2026 में महिला 53 किलोग्राम भारोत्तोलन स्पर्धा में रजत पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाने वाली छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले की प्रतिभाशाली भारोत्तोलक ज्ञानेश्वरी यादव को नई दिल्ली स्थित अपने सरकारी आवास पर रात्रि भोज के लिए आमंत्रित कर सम्मानित किया तथा उनकी ऐतिहासिक उपलब्धि पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं।

इस अवसर पर श्री साहू ने ज्ञानेश्वरी यादव का आत्मीय स्वागत करते हुए कहा कि उनसे व्यक्तिगत रूप से मिलकर उन्हें अत्यंत गर्व और प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीतकर ज्ञानेश्वरी ने न केवल छत्तीसगढ़, बल्कि पूरे देश का मान बढ़ाया है और वे नई पीढ़ी के खिलाड़ियों, विशेषकर बेटियों के लिए प्रेरणा का सशक्त स्रोत बनी हैं। श्री साहू ने उनके शानदार प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि प्रतियोगिता में 199 किलोग्राम (88 किलोग्राम स्नैच एवं 111 किलोग्राम क्लीन एंड जर्क) का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन उनकी कठोर मेहनत, अनुशासन, समर्पण और अदम्य इच्छाशक्ति का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पूर्व वीडियो कॉल के माध्यम से उन्हें इस उपलब्धि पर बधाई देने का अवसर मिला था, वहीं आज नई दिल्ली स्थित अपने आवास पर उनका स्वागत कर व्यक्तिगत रूप से शुभकामनाएँ देना उनके लिए अत्यंत सुखद और गौरवपूर्ण क्षण है। श्री साहू ने विश्वास व्यक्त किया कि ज्ञानेश्वरी यादव भविष्य की अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए भारत के लिए अनेक पदक अर्जित करेंगी तथा विश्व मंच पर तिरंगे का गौरव निरंतर बढ़ाती रहेंगी। इस अवसर पर ज्ञानेश्वरी यादव ने तोखन साहू द्वारा दिए गए स्नेह, सम्मान एवं प्रोत्साहन के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों का उत्साहवर्धन खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाता है और देश के लिए बेहतर प्रदर्शन करने की नई प्रेरणा प्रदान करता है।

आयोजन : 70 से अधिक महिलाओं ने लिया भाग, रैम्प वॉक और खेलों में दिखा उत्साह

संस्कृति संगम सेवा समिति ने सावन उत्सव धूमधाम से मनाया

बिलासपुर/नवप्रदेश। संस्कृति संगम सेवा समिति के तत्वावधान में आज 'सावन उत्सव' का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया गया। समिति की अध्यक्ष सुनैना नायर और सचिव श्वेता पटेल के नेतृत्व में कार्यक्रम बहुत ही सफल रहाद्य कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं के आत्मविश्वास को बढ़ाना और रोज़मर्रा के तनाव से उन्हें मनोरंजन के माध्यम से तरोताज़ा करना था।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य निर्णायक पिंकी हेड़ाऊ (इंटरनेशनल सर्टिफाइड नेल एंड मेकअप आर्टिस्ट) के कर-कमलों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुई। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन समिति की अध्यक्ष सुनैना नायर और श्वेता पटेल ने संयुक्त रूप से किया। भक्तिमय माहौल बनाने के लिए सुनैना नायर द्वारा सुंदर भजन प्रस्तुत किया गया, जिसे उपस्थित सभी महिलाओं ने सराहा। उत्सव की सबसे आकर्षक कड़ी महिलाओं के लिए आयोजित रैम्पवॉक रही। मंच पर आकर महिलाओं ने आत्मविश्वास के साथ वॉक किया। इसके साथ ही सावन से जुड़े विभिन्न पारंपरिक खेलों का भी आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

सावन सुंदरी प्रतियोगिता के परिणाम

कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागी महिलाओं में से तीन 'सावन सुंदरियों' का चयन किया गया। प्रथम स्थान - रमा सोनी, द्वितीय स्थान - अतौशी पैरा व तृतीय स्थान - किरण तिवारी रहीं। विजेताओं को क्राउन, ट्रॉफी और सैश के साथ सम्मानित किया गया। खेल प्रतियोगिताओं की विजेता इस प्रकार रही सोमप्रभा दिव्य, शीतला चंद्राकर, प्रियंका उपाध्याय, किरण तिवारी, अल्का सिंह, तृप्ति कुर्रे, ज्योति द्विवेदी,संपदा सोनी, मिनाती ढाश, विशाखा रामटेके, पिंकी गुप्ता, सैसमिता गौड़ा, अल्का शिवहरे, पिंकी कश्यप, अन्नपर्णा ध्रुव। विजेता शालू मिश्रा रही। सभी विजेताओं को भी समिति की ओर से पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष ने कहा कि संस्कृति संगम सेवा समिति महिलाओं को सशक्त बनाने और हमारी संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए समय-समय पर ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करती रहती है। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष और सचिव ने सभी प्रतिभागी महिलाओं का आभार व्यक्त किया।

जिले में सामान्य से अधिक बारिश, सकरी सबसे आगे

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले में सोमवार को केवल बेलगहना तहसील में 5.3 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई, जबकि जिले की अन्य सभी तहसीलों में वर्षा नहीं हुई। इसके बावजूद 1 जून 2026 से अब तक जिले में औसत 574.9 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई है, जो पिछले 10 वर्षों की समान अवधि की औसत वर्षा 536.7 मिमी से करीब 38 मिमी अधिक है। जिला कार्यालय से जारी वर्षा प्रतिवेदन के अनुसार अब तक सर्वाधिक वर्षा सकरी तहसील में 698.3 मिमी दर्ज की गई है। इसके बाद बिलासपुर में 689.2 मिमी, बोदरी में 672.9 मिमी और मस्तूरी में 629.8 मिमी वर्षा हुई है। वहीं बेलतरा में सबसे कम 443.8 मिमी तथा कोटा में 473.0 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। तखतपुर में 557.2 मिमी, बिल्हा में 563.4 मिमी, पचपेड़ी में 566.7 मिमी, बेलगहना में 541.1 मिमी, सीपत में 532.6 मिमी और रतनपुर में 530.6 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई है। प्रतिवेदन के अनुसार सोमवार को जिले में कुल 5.3 मिमी वर्षा दर्ज की गई, जिसका औसत 0.4 मिमी रहा। लगातार हो रही मानसूनी गतिविधियों के कारण जिले में जलाशयों और नदियों में जलस्तर बना हुआ है। प्रशासन ने नागरिकों से आवश्यक सावधानी बरतने की अपील की है।

महाकाल की नगरी बना जगदलपुर : सावन के पहले सोमवार पर स्वयंभू भूतेश्वर के दर्शन को उमड़ी भीड़

■ श्मशान, पावन इंद्रावती और बैकुंठ के मध्य विराजे हैं भूतेश्वर महाकाल, सावनभर प्रतिदिन बदलता है दिव्य स्वरूप

अनिल सामंत

जगदलपुर/नवप्रदेश। श्रावण मास का प्रथम सोमवार भगवान शिव की आराधना का सर्वश्रेष्ठ दिवस माना जाता है। ऐसे पावन अवसर पर बस्तर संभाग मुख्यालय जगदलपुर का रियासतकालीन लक्ष्मीनारायण मंदिर परिसर स्थित स्वयंभू भूतेश्वर महाकाल श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र बन गया है। मान्यता है कि मंदिर के पूर्व दिशा में बहने वाली पवित्र इंद्रावती नदी यहां उत्तरवाहिनी होकर गंगा स्वरूप का पुण्य प्रदान करती है। तीन ओर श्मशान, पश्चिम में लक्ष्मीनारायण मंदिर, दक्षिण में राजा मठ और उत्तर में बैकुंठधाम के मध्य विराजमान स्वयंभू शिवलिंग इस देवालय को अद्भुत आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण बनाता है।

श्रावण मास के प्रथम दिन भूतेश्वर महादेव का महाकाल स्वरूप में दिव्य श्रृंगार किया गया है। पुष्प, भस्म और अलौकिक अलंकरण से सुसज्जित यह स्वरूप श्रद्धालुओं को उज्जैन के महाकालेश्वर की अनुभूति कराता है। यही कारण है कि शहर ही नहीं, बस्तर के दूर-दराज ग्रामीण अंचलों

तथा पड़ोसी राज्य ओड़िशा से भी हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। जिन भक्तों के लिए उज्जैन जाना संभव नहीं हो पाता, उनके लिए भूतेश्वर महाकाल का यह दिव्य दर्शन विशेष आध्यात्मिक अनुभूति का माध्यम बन रहा है।

सावन के पूरे महीने प्रतिदिन भगवान भूतेश्वर का अलग-अलग देवी-देवताओं के स्वरूप में श्रृंगार किया जाएगा। सायंकाल विशेष श्रृंगार और रुद्राभिषेक के बाद मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठता है। श्रावण के प्रथम सोमवार पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए मंदिर परिसर में विशेष तैयारियां की गई हैं।

प्रतिदिन बदलता है भोलेनाथ का दिव्य स्वरूप

आचार्य पंडित रोमित रामराज त्रिपाठी प्रतिदिन शाम 4 बजे से करीब तीन घंटे तक भगवान का विशेष श्रृंगार करते हैं। महाकाल, नीलकंठ, हरिहर, अर्धनारीश्वर, हनुमान, गणपति, दक्षिण काली, सहित अनेक दिव्य स्वरूपों में सजाए गए भूतेश्वर महादेव का रूप इतना सजीव होता है कि श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो उठते हैं। विशेष श्रृंगार के साथ प्रतिदिन रुद्राभिषेक और शिव आराधना भी की जाती है।

जहां श्मशान भी है, बैकुंठ भी और उत्तरवाहिनी इंद्रावती भी

आचार्य पंडित रोमित रामराज त्रिपाठी के अनुसार भूतेश्वर महादेव मंदिर की सबसे बड़ी विशेषता इसका आध्यात्मिक भूगोल है। तीन दिशाओं में श्मशान,पश्चिम में लक्ष्मीनारायण मंदिर, उत्तर में उत्तरवाहिनी इंद्रावती नदी और बैकुंठधाम, दक्षिण में राजा मठ स्थित है। स्वयंभू शिवलिंग पर विराजमान भूतेश्वर महाकाल का यह दिव्य धाम बस्तर ही नहीं,पूरे प्रदेश के शिवभक्तों के लिए अद्वितीय श्रद्धा और साधना का केंद्र माना जाता है। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि सावन में यहां सच्चे मन से किए गए दर्शन और पूजा-अर्चना से भगवान शिव मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं।

24 अगस्त को निकलेगी भूतेश्वर महाकाल की पालकी यात्रा

भूतेश्वर मंदिर के प्रधान पुजारी पंडित चंदन तिवारी ने बताया कि 24 अगस्त को उज्जैन की परंपरा की तर्ज पर भगवान भूतेश्वर महाकाल पालकी में सवार होकर नगर भ्रमण करेंगे। पिछले चार वर्षों से यह परंपरा निरंतर निभाई जा रही है। पालकी यात्रा के दौरान श्रद्धालु पुष्पवर्षा,भजन-कीर्तन और हर-हर महादेव के जयघोष के साथ भगवान का स्वागत करेंगे। इसकी तैयारियां शुरू हो चुकी हैं।

न्यूज गैलरी

जुए के दो फड़ों पर पुलिस की दबिश, 12 जुआरी गिरफ्तार

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर पुलिस के अवैध जुआ-सट्टा के खिलाफचलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बोधघाट थाना पुलिस और पैंथर टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आकाश नगर के दो अलग-अलग स्थानों पर संचालित जुए के फड़ों पर छापा मारा। कार्रवाई के दौरान 12 लोगों को ताश के पत्तों पर हार-जीत का दांव लगाते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से नकद राशि, मोबाइल फोन, ताश की गड्डियां, दरी तथा तीन वाहन समेत कुल 5 लाख 36 हजार 80 रुपये का माल जब्त किया है। पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिलने पर आकाश नगर चौक और पानी टंकी के पास एक साथ घेराबंदी कर दबिश दी गई। पुलिस को देखकर कुछ लोग भागने का प्रयास करने लगे, लेकिन टीम ने सभी को मौके पर ही पकड़ लिया। तलाशी के दौरान 44,080 रुपये नकद, 52 पत्तों की दो गड्डियां, दो दरी, 12 मोबाइल फोन, एक बुलेट, एक पल्सर एनएस और एक एक्टिवा जब्त की गई। आरोपियों के विरुद्ध सार्वजनिक जुआ अधिनियम की प्रासंगिक धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगे की विवेचना की जा रही है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि इस अवैध जुआ नेटवर्क का संचालन कौन कर रहा था। कार्रवाई पुलिस अधीक्षक (बस्तर) शलभ कुमार सिन्हा के निर्देशन थाना प्रभारी (बोधघाट) प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक सुमित चंद्रा के नेतृत्व में की गई। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक लोकेश्वर नाग,सहायक उपनिरीक्षक दिनेश उसेंडी सहित थाना स्टाफएवं पैंथर टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

लिफ्ट मांगकर युवक की चाकू मारकर हत्या, दो अपचारी बालक अभिरक्षा में

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। जांजगीर शहर में लिफ्ट मांगने के बहाने एक युवक की चाकू मारकर हत्या और लूट की सनसनीखेज वारदात का पुलिस ने कुछ ही घंटों में खुलासा कर दिया। पुलिस ने मामले में दो विधि से संघर्षरत (अपचारी) बालकों को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, घटना कचहरी चौक से शुरू हुई। मृतक अपनी मोटरसाइकिल से जा रहा था, तभी दो अपचारी बालकों ने लिफ्ट मांगी। युवक ने उन्हें बाइक पर बैठा लिया। आरोप है कि होंडा शोरूम के पास सुनसान स्थान पर पहुंचते ही दोनों ने लूटपाट की नीयत से युवक पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इसके बाद उसका पर्स और मोबाइल लूटकर फरार हो गए। हमले के बाद घायल युवक ने मदद के लिए शोर मचाया। आसपास के लोगों ने उसे तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. यूलैंडन यार्क, नगर पुलिस अधीक्षक योगिताबाली खापर्डे, कोतवाली थाना प्रभारी जयप्रकाश गुप्त और साइबर थाना प्रभारी भास्कर शर्मा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास के चश्मदीदों से पूछताछ, तकनीकी साक्ष्यों के विश्लेषण और सीसीटीवी फुटेज की गहन जांच के आधार पर कुछ ही घंटों में दोनों अपचारी बालकों की पहचान कर उन्हें अभिरक्षा में ले लिया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, मामले में दोनों बालकों से विस्तृत पूछताछ की जा रही है। साथ ही घटना से जुड़े अन्य पहलुओं और लूटे गए सामान की बरामदगी को लेकर जांच जारी है।

17 लीटर महुआ शराब के साथ अवैध शराब कारोबारी गिरफ्तार

सारंगढ़/नवप्रदेश। अवैध शराब कारोबार के खिलाफचलाए जा रहे अभियान के तहत सिटी कोतवाली सारंगढ़ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक शराब विक्रेता को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 17 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त की गई है। पुलिस के अनुसार, पुलिस अधीक्षक सुनील शर्मा के निर्देश और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निमिषा पाण्डेय के मार्गदर्शन में अवैध शराब, जुआ और सट्टे के खिलाफलगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी अभियान के तहत थाना प्रभारी प्रमोद यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम कोतरी में दबिश दी। रेड के दौरान आरोपी सूरज केंवट (पिता स्व. गजानंद केंवट), निवासी ग्राम कोतरी, थाना सारंगढ़, के कब्जे से प्लास्टिक की बोतलों और सिल्वर बर्तन में रखी 17 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद हुई, जिसकी अनुमानित कीमत 3,400 रुपये बताई गई है। पुलिस ने शराब जब्त कर आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज किया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी प्रमोद यादव, सहायक उपनिरीक्षक नरेंद्र मनहर, पीएसआई चंचल, आरक्षक पुरुषोत्तम राठौर, विमल जांगड़े, महिला आरक्षक शकुंतला साहू सहित सिटी कोतवाली थाना स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

दोहरी मार : उपभोक्ता भर रहे बिजली बिल और बैंक की किस्त

सोलर पैनल उपभोक्ता परेशान बिल-बैंक किस्त का बढ़ा बोझ

बेमेतरा/नवप्रदेश। पीएम सूर्य घर योजना केंद्र शासन की अति महत्वाकांक्षी योजना है, लेकिन इसके समुचित रूप से क्रियान्वयन नहीं हो पाने के चलते स्थिति यह हो गई है कि उपभोक्ताओं को बिजली बिल के साथ-साथ बैंक की किस्त भी पटानी पड़ रही है। इसके चलते उपभोक्ताओं को अब दोहरी मार झेलनी पड़ रही है।

हालांकि प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के बारे में विभाग द्वारा यह भी बताया गया था कि सोलर पैनल लगाने के बाद अतिरिक्त बिजली का भुगतान विद्युत विभाग उपभोक्ता को करेगा। किंतु अतिरिक्त विद्युत के भुगतान की बात तो दूर, उपभोक्ताओं को बैंक की किस्त के साथ-साथ बिजली बिल भी आने लगा है और उसका भुगतान भी करना पड़ रहा है।

कुछ इसी तरह के हालात स्थानीय नया बस स्टैंड निवासी प्रोफेसर राजकुमार त्रिपाठी ने शिकायत में बताया है कि उनके द्वारा सितंबर 2025 से सोलर पैनल 3 किलोवाट का लगवाया गया है। इसके पहले भी 2013 में 1 किलोवाट का सोलर पैनल लगा हुआ है कुल मिलाकर 4 किलो वाट का सोलर पैनल लगा हुआ है हालांकि शुरुआती छह महीने में विभाग द्वारा कोई बिल नहीं दिया गया, किंतु पिछले तीन महीने से लगातार बिजली का बिल बढ़ते हुए भेजा जा रहा है। उन्होंने बताया कि जहां पहले बिजली बिल 713 रुपये आया था, वह जून में बढ़कर 1800 रुपये तथा जुलाई में 4100 रुपये हो गया। विभाग द्वारा इतना अधिक बिल थमा दिए जाने से वे परेशान हैं।

उपभोक्ता लगा रहे कार्यालय के चक्कर लगा रहे

हालात यह हैं कि जो उपभोक्ता सोलर पैनल लगवा चुके हैं, वे लगातार कार्यालय के चक्कर लगाकर परेशान हो रहे हैं, लेकिन उन्हें अपनी समस्या के संबंध में किसी तरह की जानकारी नहीं मिल पा रही है। परिणामस्वरूप उन्हें अब सोलर पैनल के लिए बैंक की किस्त भी जमा करनी पड़ रही है, वहीं दूसरी ओर बिजली बिल का भुगतान भी करना पड़ रहा है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि आखिर इस योजना का लाभ उपभोक्ताओं को नहीं मिल पा रहा है तो किसे मिल रहा है। कुछ सोलर पैनल उपभोक्ताओं की शिकायत है कि ऊपर प्लेट में बंदर कूदने से प्लेट डैमेज होने के बाद शिकायत करने के बाद कंपनी द्वारा कोई सुधारने एवं रिपेयर करने वाला नहीं आया।

शिकायतों का नहीं मिल रहा संतोषजनक जवाब

शासन की अति महत्वाकांक्षी योजना के क्रियान्वयन में अधिकारी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन तो कर रहे हैं और आज भी उपभोक्ताओं को सोलर पैनल लगाने के लिए लगातार प्रोत्साहित कर रहे हैं, लेकिन सोलर पैनल लगवा चुके उपभोक्ताओं की शिकायतों पर विभागीय अधिकारी किसी तरह का संतोषजनक जवाब देने की बात तो दूर, मसले पर चर्चा करना भी आवश्यक नहीं समझ रहे हैं।

“ इस मामले की जानकारी लेकर जल्द ही उपभोक्ता तक पहुंचेंगे और उनकी समस्या का निराकरण किया जाएगा

-तरुण ठाकुर, अधीक्षण यंत्री, दुर्ग

फूड इंस्पेक्टर की नौकरी दिलाने के नाम पर 1.91 लाख की ठगी

■ आरोपी भिलाई से गिरफ्तार, मंत्रालय में पहचान का झांसा देकर ऐंठी रकम

जगदलपुर/नवप्रदेश। फूड इंस्पेक्टर के पद पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर 1 लाख 91 हजार 500 रुपये की ठगी करने वाले आरोपी को बस्तर पुलिस ने दुर्ग-भिलाई से गिरफ्तार किया है। आरोपी घटना के बाद से मोबाइल बंद कर फरार था और लगातार ठिकाना बदल रहा था। कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना और कई बार दबिश देने के बाद उसे उसके भिलाई स्थित घर से हिरासत में लिया।

पुलिस के अनुसार प्रार्थी विनोद पानीग्राही,निवासी आसना स्कूल पारा जगदलपुर ने शिकायत दर्ज कराई थी कि परिचित लारेन्स एन्थोनी कुज ने मंत्रालय रायपुर में अच्छी पहचान होने का दावा करते हुए फूड इंस्पेक्टर की नौकरी दिलाने का भरोसा दिया। आरोपी ने जुलाई 2022 से सितंबर 2024 के बीच गूगल पे और चेक के माध्यम से अपने बैंक खाते में कुल 1,91,500 रुपये जमा कराए, लेकिन न नौकरी दिलाई और न ही रकम लौटाई। बार-बार पूछने पर वह टालमटोल करता रहा। शिकायत के आधार पर कोतवाली थाना में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 318 (4) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पूछताछ में आरोपी ने अपने मोबाइल के गूगल पे के माध्यम से रकम प्राप्त करना स्वीकार किया। पुलिस ने मोबाइल फोन जब्त कर साक्ष्य के रूप में कब्जे में लिया। पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया,जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। कार्रवाई थाना प्रभारी लीलाधर राठौर के नेतृत्व में की गई।

ऐसे दिया ठगी को अंजाम

आरोपी ने मंत्रालय में प्रभावशाली पहचान होने का दावा कर फूड इंस्पेक्टर की नौकरी दिलाने का झांसा दिया। प्रार्थी से गूगल पे और चेक के जरिए 1.91 लाख रुपये वसूलने के बाद वह लगातार टालमटोल करता रहा और मोबाइल बंद कर फरार हो गया। पुलिस ने तकनीकी जांच और मुखबिर की सूचना के आधार पर उसे भिलाई से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

गोढ़ी डबल मर्डर केस में चार दोषियों को दोहरे आजीवन कारावास की सजा

रायगढ़/नवप्रदेश। रायगढ़ जिले के तमनार थाना क्षेत्र के ग्राम गोढ़ी में वर्ष 2023 में हुए बहुचर्चित दोहरे हत्याकांड में विशेष न्यायालय (अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम) ने ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए चार आरोपियों को दो-दो बार आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने हत्या, आपराधिक षड्यंत्र, साक्ष्य मिटाने के प्रयास और एससी-एसटी एक्ट के तहत सभी आरोपों को सिद्ध माना।

विशेष न्यायाधीश श्रीमती शोभना कोष्ठा की अदालत ने 31 जुलाई 2026 को यह फैसला सुनाया। न्यायालय ने हरिलाल उरांव, मुकेश पडिहारी, जितेंद्र पटनायक उर्फ जीतू और गणेश पडिहारी को दोषी ठहराते हुए भारतीय दंड संहिता की धारा 302/120-बी, 201/120-बी तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम की धारा 3(2)(1) (प्रकरण में लागू प्रावधान) के तहत दोहरे आजीवन कारावास और अर्थदंड की सजा सुनाई।

पुरानी रंजिश में हुई थी दो लोगों की हत्या: अभियोजन के अनुसार, 19 जुलाई 2023 की रात करीब 10:30 बजे ग्राम गोढ़ी में पुरानी रंजिश के चलते आरोपियों ने पूर्व नियोजित साजिश के तहत अनुसूचित जनजाति वर्ग के राघुवन चौहान और उद्धव चौहान पर टांगी, डंडे और अन्य घातक हथियारों से हमला कर उनकी हत्या कर दी थी। वारदात के बाद आरोपियों ने अपराध को दुर्घटना का रूप देने की कोशिश की। इसके लिए एक मृतक के शव को मुख्य सड़क तक घसीटकर साक्ष्य मिटाने का प्रयास भी किया गया।

वैज्ञानिक जांच बनी दोषसिद्धि का आधार: घटना की सूचना मिलते ही तमनार थाना पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू की। तत्कालीन थाना प्रभारी आशीर्वाद रहटगांवकर ने घटनास्थल का सूक्ष्म निरीक्षण कराया, वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाए, गवाहों के बयान दर्ज किए और आरोपियों की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त हथियार बरामद किए। इसके बाद एससी-एसटी एक्ट के प्रावधानों के तहत मामले की आगे की जांच तत्कालीन उप पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा ने की। उनके निर्देशन में महत्वपूर्ण प्रत्यक्षदर्शी गवाहों के बयान न्यायालय में दर्ज कराए गए, जाति संबंधी साक्ष्य एकत्र किए गए और सभी साक्ष्यों के आधार पर मजबूत अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया।

प्रभावी पैरवी से मिला फैसला: राज्य शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक राजीव बेरीवाल ने मामले में प्रभावी पैरवी की। अभियोजन द्वारा प्रस्तुत प्रत्यक्षदर्शी गवाहों, वैज्ञानिक साक्ष्यों और अन्य दस्तावेजों को न्यायालय ने विश्वसनीय मानते हुए चारों आरोपियों को दोषी करार दिया।

4.39 करोड़ की कथित धोखाधड़ी में पार्षद रीता सिंह समेत तीन के खिलाफ एफआईआर

भिलाई/उतई/नवप्रदेश। जमीन और चल संपत्ति के सौदे में 4.39 करोड़ रुपये की कथित धोखाधड़ी के मामले में भिलाई नगर निगम की पार्षद रीता सिंह, उनके पति रमेश चंद सिंह राजपूत और मानव चंद सिंह के खिलाफ उतई पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर मामला दर्ज किया है। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, परिवादी बी.बी. सिंह की शिकायत पर न्यायालय ने प्रथम दृष्टया मामला दर्ज करने के निर्देश दिए थे। आदेश के पालन में उतई थाना पुलिस ने बीएनएस की धारा 318(2), 318(3), 318(4), 338, 336(3) और 340 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

भूमि और मशीनरी के सौदे का मामला: शिकायत के मुताबिक 29 जनवरी 2024 को रीता सिंह के स्वामित्व वाली ग्राम छांटा, तहसील पाटन (जिला दुर्ग) स्थित विभिन्न खसरा नंबरों की भूमि तथा टाटा हिटाची एक्सकेवेटर और दो भारत बेंज टिपर वाहनों के विक्रय के लिए लिखित इकरारनामा किया गया था। यह सौदा रीता सिंह के पति रमेश चंद सिंह राजपूत के माध्यम से हुआ था।

परिवादी का आरोप है कि सौदे के दौरान आरोपियों ने कई महत्वपूर्ण तथ्य छिपाए। शिकायत में कहा गया है कि कुछ भूमि पहले से अन्य पक्षों के अधिकार, खनिज कंपनियों या अन्य व्यक्तियों से संबंधित थी तथा कुछ संपत्तियां बैंक के बंधक या अन्य दायित्वों से जुड़ी थीं। इसके बावजूद इन्हें विवादमुक्त बताकर सौदा किया गया।

एनओसी दिलाने का दिया था आश्वासन: शिकायत के अनुसार, जब भूमि और संपत्तियों की स्थिति को लेकर सवाल उठाए गए तो आरोपियों ने बैंक से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया, लेकिन अब तक ऐसा नहीं किया गया। साथ ही, सरकारी लीज की भूमि के स्थानांतरण के लिए आवश्यक अनुमति दिलाने का वादा भी पूरा नहीं किया गया।

4.39 करोड़ रुपये लेने का आरोप: परिवादी का कहना है कि कुल 4.50 करोड़ रुपये के सौदे के तहत आरोपियों को अब तक 4 करोड़ 39 लाख 50 हजार रुपये का भुगतान किया जा चुका है। आरोप है कि तथ्यों को छिपाकर और गलत जानकारी देकर यह राशि प्राप्त की गई, जिससे उनके साथ धोखाधड़ी हुई। उतई पुलिस ने बताया कि न्यायालय के निर्देशानुसार मामला दर्ज कर लिया गया है और सभी दस्तावेजों, इकरारनामे तथा वित्तीय लेनदेन की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

पसान क्षेत्र के गांव में मिले मलेरिया पॉजिटिव केस

■ स्वास्थ्य विभाग हुआ अलर्ट

कोरबा/नवप्रदेश। मादा एनीफिलीज के काटने से होने वाला मलेरिया लंबे समय से कोरबा जिले के दूर दराज वाले हिस्से के लिए चुनौती रखा है। जिले के अनेक ग्रामों को इस मामले में संवेदनशील श्रेणी में शामिल किया गया और विशेष निगरानी रखी गई।

बारिश के मौसम में अलग-अलग कारणों से यहां मुश्किलें हैं। पोड़ी उपरोड़ा विकास खंड के पसान के कुछ हिस्सों में मलेरिया संक्रमितों के बारे में खबर मिली है। इस आधार पर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हुआ है। इससे पहले कोरबा ब्लाक के कुछ गांव में प्रभावित मिले। कोरबा जिले के सबसे बड़े विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा के पसान बेल्ट में मलेरिया की उपस्थिति

का पता चला। यहां के उन क्षेत्रों में मलेरिया ने अपनी पहुंच बनायी, जो पहले से ही रेड जोन में शामिल रहे। पानी से लेकर वे सभी फैक्टर इस मामले में जिम्मेदार रहे हैं, जिन्हें मलेरिया का वाहक बताया गया। पसान के विभिन्न गांव में मलेरिया पाजिटिव के केस हाल में ही सामने आये। इसके बाद विभाग हरकत में आया। शुरूआती परीक्षण के साथ ब्लड सेंम्पल में मलेरिया की पुष्टि हुई। संबंधित प्रकरणों में प्रभावितों को क्लोरोक्वीन टेबलेट के साथ खानपान में सतर्कता बरतने की सलाह दी गई। पाया गया कि जहां कहीं ऐसे मामले हैं, आसपास में पानी का जमावड़ा मिला। ऐसे ही क्षेत्र में मलेरिया का लार्वा उत्पन्न होता है और यही समस्या को बढ़ाता है। खबर मिलने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने क्षेत्र का भ्रमण किया। प्रभावितों की जांच की। शुरूआती सुरक्षात्मक कदमों की व्यवस्था करायी गई ताकि संक्रमण को नियंत्रित किया जा सके। अनिवार्य रूप से लोगों को उबला पानी का उपयोग करने के साथ बासा भोजन को व्यवहार में नहीं लाने को कहा गया है। स्वास्थ्य विभाग यह भी पता कर रहा है कि लोगों को किन क्षेत्रों में लंबे समय से बुखार की समस्या है और वे इनके कब्जे से नहीं छूट पा रहे हैं।

स्वास्थ्य केंद्रों और डिपो होल्डर के पास पर्याप्त दवाएं: मौसम के संधि काल को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में संभावित बीमारियों के उपचार के लिए दवाओं का भण्डारण कर रखा है। इसी के साथ डिपो होल्डर के पास भी यह सुविधा दी गई है। इसके अंतर्गत मलेरिया, मांसपेशियों में अकडन, उल्टी दस्त और सिर दर्द से संबंधित दवाओं और विकल्प उपलब्ध कराये गये है। विभाग ने कहा कि लोगों को समस्या होने पर उपचार पर ध्यान देना होगा।

नकिया लेमरू में देखी स्थिति: कोरबा जिले के कुछ ग्रामीण इलाके ऐसे ही जहां पर लंबे समय से मलेरिया फैलने की शिकायत रही है। इसके पीछे कई कारण को जिम्मेदार माना जाता है।

खैरीपदर में मलेरिया का कहर, बीमार बेटे को लेकर नदी किनारे नाव का इंतजार करती रही मां

कांकेर/नवप्रदेश। कांकेर जिले के कोयलीबेड़ा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत कंदाड़ी के आश्रित गांव खैरीपदर में मलेरिया तेजी से फैल रहा है। गांव में बड़ी संख्या में लोग मलेरिया की चपेट में हैं, लेकिन स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी के कारण ग्रामीणों को इलाज के लिए नदी पार कर दूसरे गांवों तक जाना पड़ रहा है। दूरस्थ आदिवासी अंचल से सामने आई एक तस्वीर ने क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्था की स्थिति को उजागर कर दिया है। एक मां अपने बीमार बेटे को लेकर नदी किनारे रेत पर बैठी नजर आई, जो इलाज के बाद घर लौटने के लिए नाव का इंतजार कर रही थी। उफनती नदी के बीच मरीजों और परिजनों को जान जोखिम में डालकर आवाजाही करनी पड़ रही है। खैरीपदर निवासी रामलाल के परिजनों के अनुसार, युवक को चार दिनों से तेज बुखार था। छोटेबेठिया में जांच कराने पर मलेरिया की पुष्टि हुई। इलाज के बाद जब परिवार वापस गांव लौट रहा था, तो नदी पार करने के लिए उन्हें काफी देर तक नाव का इंतजार करना पड़ा।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा, मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर सुपर मार्केट कॉम्पलेक्स, अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित,
RNI NO.CHHHIN/2015/62431, संपादक-चन्द्रशेखर धोटे, स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, समाचार संपादक-संदीप दीवान, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com*